ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 11.03.2024 वर्ष 11, अंक 70

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

एक बात हमेशा याद रखें कि जीवन आपको हर दिन एक नया मौका देता है।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



# गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना (GSCC) तथा मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना

# का शुभारंभ कार्यक्रम

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की विशेषता

1 झारखण्ड राज्य स्थित मान्यता प्राप्त संस्थान से 10वीं/12वीं कक्षा उत्तीर्ण ऐसे **विद्यार्थी जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हैं वैसे छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना** ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र/संस्थान जैसे-Engineering, Medical, Law, Research, IITs, IIMs आदि में शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिले।

2 विद्यार्थियों को ऋण के रूप में **अधिकतम ₹15 लाख तक की राशि बैंकों के माध्यम से बिना किसी प्रोसेसिंग शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी।** विद्यार्थियों को मात्र 4% साधारण ब्याज की दर से राशि का भुगतान करना होगा, शेष ब्याज की राशि का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। ऋण वापसी की अवधि 15 वर्ष तक की निर्धारित की गई है जिसके लिए विद्यार्थियों से किसी प्रकार की जमानती सुरक्षा ( Collateral Security) नहीं ली जाएगी। ऋण प्राप्ति के लिए किसी तरह की इनकम क्राइटेरिया निर्धारित नहीं की गई है।

3 **ऋण वापसी की प्रक्रिया पाठ्यक्रम पूर्ण होने के 1 वर्ष बाद प्रारंभ करने का विकल्प तथा अध्ययन की अवधि में ही ऋण का ब्याज चुकाने पर विद्यार्थी को ब्याज के दर में 1% की छूट भी दिए जाने का प्रावधान है।**

**मुख्य अतिथि**

## श्री चम्पाई सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## के कर कमलों द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री बादल पत्रलेख**
माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

**दिनांक: 11 मार्च 2024**

**समय: 11:30 पूर्वाह्न**

**स्थान : टाना भगत स्टेडियम, खेलगांव, रांची**



## मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना की विशेषता

1 राज्य की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के उद्देश्य से मांकी मुण्डा छात्रवृत्ति योजना जिसमें राज्य के राजकीय/निजी /P.P.P मोड पर संचालित डिप्लोमा स्तरीय कोर्स में नामांकित तथा झारखण्ड राज्य स्थित विद्यालय से **10वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्राओं को डिप्लोमा कोर्स हेतु ₹15,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी**

2 झारखण्ड राज्य के राजकीय / निजी /P.P.P मोड पर संचालित अभियंत्रण महाविद्यालयों में बी.टेक/ बी.ई. कोर्स में **झारखण्ड राज्य के विद्यालय से 10वीं एवं 12वीं कक्षा (अथवा समकक्ष) उत्तीर्ण छात्राओं को बी. टेक/ बी.ई. कोर्स हेतु ₹30,000 प्रोत्साहन राशि प्रति वर्ष प्रदान की जायेगी।**

3 **जिस छात्रा के परिवार का विगत वर्ष में सभी प्रकार के आय के स्रोतो को मिलाकर सकल वार्षिक आय अधिकतम ₹8 लाख तक प्रति वर्ष है या लाभुक राष्ट्रीय/राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित हैं उन्हें शैक्षणिक वर्ष 2023-24 से लाभ मिलेगा।**

PR-322044(Higher Education,Technical Education and Skill Development Department)23-24

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार**

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस से अस्पताल में कराया भर्ती

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा 108 एम्बुलेंस के माध्यम से इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के मुर्की मोड़ के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल जे एच 01 ई वाइ 1633 अनियंत्रित हो अज्ञात कार से जा टकराया जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक को गम्भीर चोटें आई है। घटना के तद्पश्चात स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया। वही घायल की पहचान सोस निवासी प्रवीण उराँव के पुत्र अभिषेक उराँव के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मोटरसाइकिल सवार युवक सोस से गुमला की ओर जा रहा था।

## विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौन्धी :** प्रखंड अंतर्गत कूपा पंचायत के चौरिया में पटेल चौक से लेकर मुख्य बाजार तक पीसीसी पथ तथा सिसरी पंचायत में सूर्य मंदिर के प्रांगण में विवाह मंडप का भूमि पूजन भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने नारियल तोड़कर एवं पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुये विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि इस जर्जर सड़क के बारे में 1 वर्ष पहले यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा अवगत कराया गया था। वह आज चौरीया के ग्रामीणों का सपना सरकार होने जा रहा।इस सड़क के बन जाने से आवागमन में ग्रामीणों को सुविधा मिलेगा। वहीं विधायक ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कुछ वैसे लोग हैं जो की हमारे विकास कार्य को देखकर उनके पेट



में दर्द हो रहा है। लोग कहते हैं की भानु जी शादी के नाम पर पैसा उगाही करते हैं। वही विधायक ने कहा कि मैं तो 51 बहनों का डोली उठाया। भवनाथपुर विधानसभा के सभी नौजवान व्यवसाय दुकानदार किसान गरीब एवं गणमान्य लोगों के सहयोग से मैं हर वर्ष 51 बहनो का डोली उठता हूं। पूर्व विधायक 51 चूड़ी भी नहीं दिए आने वाला समय में भवनाथपुर विधानसभा की जनता है उनको अच्छी सबक सिखाएगी। मौके पर संध्याकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, मनोज चौधरी, शंकर प्रसाद गुप्ता, विनोद सिंह, राजकुमार निराला, विद्याधर चौधरी, शंकर प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, बैजू शाह पप्पू विश्वकर्मा साहित इत्यादि लोग मौजूद थे।

## मानवसेवा, मानव कल्याण और प्रेम का संदेश देते है भगवान : एनोस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** शिवरात्रि के मौके पर पाकरटांड़, बसतपुर गांव में सांस्कृतिक नागपुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने फीता काटकर किया। मौके पर एनोस एक्का ने सभी को शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए प्रेमभाव से रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि भगवान हमें मानव सेवा, मानव कल्याण और प्रेम का संदेश देते है। हमें भगवान के संदेश को अपनाते हुए आपसी सौहर्द से रहते हुए क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए। एनोस एक्का ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में हमारी गौरवमयी संस्कृति का दर्शन होता है। एनोस एक्का ने आने वाले समय में सभी के सहयोग के दम पर क्षेत्र का विकास करने की बात कही। कार्यक्रम को समिति के संरक्षक ईश्वर साहु ने भी संबोधित किया। इसके बाद नारायण साहु के द्वारा भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर नागपुरी कलाकारो ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर रात भर लोगो को झुमाया। कार्यक्रम के आयोजन में विश्वनाथ मेहर, मनिन्द्र बिझिंया सहित समिति के सभी लोगो का योगदान रहा।

## पार्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य सचेतक लक्ष्मी कांत वाजपेई



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू झारखण्ड के भाजपा प्रभारी सह राज्य सभा के मुख्य सचेतक लक्ष्मी कांत वाजपेई आज पहुँचे पलामू के मेंदिनीनगर। मेदिनीनगर शहर के शिवाजी मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल। लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने किए जनसंवाद। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, पलामू सांसद विष्णुदयाल राम, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, विश्रामपुर विधायक राम चंद्र चन्द्रवंशी समेत भाजापा के सभी विधायक और नेताओं ने लक्ष्मीकांत बाजपेयी का किया जोरदार स्वागत।

## यात्री ट्रेनों में चलाई गई विशेष चेकिंग अभियान, बेटिकट 115 यात्री धराए

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर डालटनगंज स्टेशन से गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा-जम्मू तवी, शक्तिपूँज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में अतिविशेष टिकट चेकिंग चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 115 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 66 हजार 75 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। सीआईटी बीएम पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी ऊर्जावान साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। जिसमें इतनी बड़ी सफलता हाथ लगी। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र कुमार दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव, के अलावे आरपीएफ के कई जवान शामिल थे।

## किसान के घर से गाय की चोरी, घर के मुख्य दरवाजे को भी चोरों ने किया बंद

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। शनिवार की देर रात ब्रहमोरिया गांव निवासी हिरा पांडेय के घर से एक गाय की चोरी हो गई। इतना हीं नहीं घर के मुख्य दरवाजे को भी बंद कर दिया। किसान दिन भर आसपास की खोज करता रहा। लेकिन गाय का कोई पता नहीं चला। इसके पहले भी कई पशुपालक की गाय चौरी होता रहा है। इसकी जानकारी देते हुए पशुपालक ने बताया कि शनिवार की रात घर के बाहर हर दिन की तरह तीन गाय बंधे हुए थे। 12 बजे तक सब कुछ सामान्य था। सुबह उठने पर घर का मुख्य दरवाजा बंद पाया। किसी अनहोनी की संभावना व्यक्त करते हुए पिछले के दरवाजे से निकल कर देखा तो घर के बाहर बंधे तीनों गाय गायब थे। आसपास खोजने पर दो गाय बाहर घर के पूर्व दिशा से आते दिखाई दिए। वहीं एक गाय का कोई सुराग नहीं मिला। गाय सफेद रंग की थी। क्षेत्र के लिए यह कोई पहली और आखिरी घटना नहीं है।

## एकीकरण शिविर में सहभागिता हेतु रवाना हुए एके सिंह कॉलेज प्रोफेसर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनी नगर पलामू से झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने ए के सिंह कॉलेज जपला से शशि रंजन कुमार कुंदन कुमार शर्मा कुशवाहा प्रकाश वर्मा सुप्रिया कुमारी एवं रीना कुमारी तथा एम के कॉलेज पांकी से अर्चना कुमारी आंचल कुमारी करिश्मा कुमारी प्रीतम कुमार एवं अर्जुन कुमार ने कंटिजेंट लीडर प्रोफेसर पुरुषोत्तम सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकीकरण शिविर इटावा उत्तर प्रदेश में सहभागिता हेतु रवाना हुए। यह शिविर 11 मार्च से लेकर 17 मार्च




तक आयोजित है जिसमें भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों से 200 स्वयंसेवक स्वयंसेविका भाग लेंगे। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर पलामू के राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो डाक्टर प्रदीप कुमार, पलामू जिला के नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिंह, एम के कॉलेज पाकी के प्राचार्य व पूर्व नोडल ऑफिसर डॉक्टर दिलीप राम, ए के सिंह कॉलेज जपला के प्राचार्य प्रोफेसर सूर्यमणि सिंह, ए सी एस डॉक्टर शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रोफेसर शशि भूषण सिंह, प्रोफेसर रेखा सिंह सहित अन्य प्राध्यापकों व स्वयंसेवकों में प्रदीप कुमार सिंह, रणधीर कुमार मेहता राजेश महतो शुभम प्रकाश ने पूरे टीम को शुभकामनाएं एवम बधाइयां दी है।

## सैकड़ो गणयमान लोगों ने पत्रकार के पिता को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरा, पलामू :** हरिहरगंज और पीपरा प्रखण्ड क्षेत्र के दैनिक अखबार के पत्रकार राजीव रंजन मिश्रा के पिता का श्राद्ध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें क्षेत्र के विभिन्न दलों के नेताओं और समाजसेवियों ने पत्रकार के पैतृक गांव हरिहरगंज प्रखण्ड के कोसडीहरा स्थित आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि पत्रकार राजीव रंजन मिश्रा के पिता सेवानिवृत रेलवे अभियंता विवेकानंद मिश्रा (65) की बीते 26 फरवरी को आकस्मिक निधन हो गया था।उनके श्राद्ध कार्यक्रम में 51 गरीब असहाय परिवारों को कंबल और अंग वस्त्र दान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, विनोद सिंह, राजीव रंजन, अरुण मिश्रा, बल्लु बलराम, एनसीपी के विधायक प्रतिनिधि अजित सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष मनीष



सिंह, मुखिया सरोज कुशवाहा, अखिलेश मेहता, उदय सिंह, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, प्रमोद सिंह, मुखिया उमेश साव, अरविंद पासवान, पीपरा प्रमुख विक्रान्त सिंह यादव, पंसस प्रतिनिधि तेंदुई राजन सिंह, ब्रजेश कुमार, झामुमो अमित सिंह, लालबाबू सिंह, एचएम अजय राय, आनंद मोहन सिंह, विनोद सिंह, वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, जेपी गुप्ता, चन्दन जायसवाल, मुखिया अनिल सिंह सहित कई दलों के नेता और सामाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकार ने श्राद्ध कार्यक्रम में पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बिना किसी पूर्व सूचना के सर्वे करने पहुंचे अनजान लोगों को देख एकजुट हुए ग्रामीण

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखण्ड के राजस्व ग्राम मयोमडेगा में पिछले तीन दिन से बिना ग्राम सभा को सुचना दिए टोली - टोली, घर- घर जाकर अनजान लोगों द्वारा पारिवारिक स्थिति का जायजा लेने का मामला सामने आया है। अनजान लोगों को गांव में देख बहुत सारा अफवाह फैला हुआ है। चूंकि आज कल बहुत से लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। जब इसकी जानकारी ग्राम प्रधान, सचिव और अन्य लोगों को हुई तो उनके द्वारा सर्वे कर रही टीम से पूछताछ किया गया। ग्रामीणों के द्वारा पूछने पर सर्वेयर डॉ जयनंदन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम के विशिष्ट लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक डाटा का संकलन पूरे देश भर में किया जाना है जिसे नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे - 6 के नाम से जाना जाएगा। टीम ने बताया कि दिनाँक 5 मार्च 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जलडेगा को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिला के 48 गांव में सर्वे का लक्ष्य है। जिसका नाम लिस्ट में है उसी परिवार का सर्वे किया जाएगा। इस सर्वे के लिए आए टीम के 7 लोगों को देख ग्रामीणों में शक हो रहा था चूंकि इसका प्रचार प्रसार नहीं किया गया है। मयोमडेगा के पूर्व बनजोगा में भी सर्वे का काम हो चुका है। सुचना का प्रचार प्रसार और गांव में बैठक करके लोगों को जानकारी देने के लिए कहने से सर्वेयर टीम कहती है कि हमारे पास समय नहीं है। ग्राम सभा सचिव असेयन लुगुन ने टीम को सुझाव देते हुए कहा कि आपको सर्वे करने के लिए मना नहीं कर रहे हैं परन्तु सर्वे के पूर्व किस विषय पर, किस परिवार का और कैसे सर्वे करना है इसकी जानकारी मीडिया या जनप्रतिनिधियों के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार अनिवार्य है ताकि आपको सर्वे करने में दिक्कत न हो। सही जानकारी नहीं देने पर आप अफवाह के शिकार हो सकते हैं। और किसी गांव का सर्वे पूर्व ग्राम प्रधान और उस गांव के जनप्रतिनिधि से मिलना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुदर्शन लुगुन, सचिव असेयन लुगुन, जुनुल लुगुन, छोटु महतो, शंकर महतो, जॉनसन होरो, उपमुखिया अगस्ती लुगुन के अलावा अन्य ग्रामीण मौजुद थे।

## विश्रामपुर विस क्षेत्र के विकास हेतु राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी : अमृत शुक्ला



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला ने शनिवार को विश्रामपुर व पांडू प्रखंड के दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। इस क्रम में श्री शुक्ला ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और समाधान हेतु भरोसा दिलाया। इस दौरान वे मुसिखाप ग्राम में भागवत कथा यज्ञ के कलश यात्रा मे भी शामिल हुए. यहां बताते चलें कि अमृत शुक्ला ने मुशीखाप ग्राम में यज्ञशाला के सुंदरीकरण हेतु दो लाख इक्यावन हजार रुपए का सहयोग भी प्रदान किया है। अमृत शुक्ला ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र के पूर्ण विकास हेतु राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी है.इस विस क्षेत्र में दो लोगों ने लगातार 40 वर्षो तक राज किया। लेकिन क्षेत्र के विकास के बजाए सिर्फ अपना विकास किया। क्षेत्र की जनता भी इन दोनों की मंशा को अब समझ चुकी है। उन्होंने मोदी सरकार पर भी जमकर निशाना साधा कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सिर्फ जुमलाबाजी करती है। लोगों को धर्म और जात के नाम पर बांटकर समाज वैमनशय पैदा करती है। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में श्री शुक्ला खैरा विकास मंच के संस्थापक अध्यक्ष लालन प्रसाद पांडेय से भी मिले और उनका हालचाल जाना। मौके पर प्रो.नंदलाल शुक्ला, अजबनारायण शुक्ला, आशीष गर्ग, आफताब आलम, विगन विश्वकर्मा, रामचंद्र परहिया, किशोर कुमार, रविकांत भूषण सहित कई लोग मौजूद थे।

## भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का विधायक ने ऑनलाइन उद्घाटन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती आदिवासी बाहुल्य पंचायत महुदंड में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का उद्घाटन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन किया। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह समेत एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के अनावरण के उपरांत माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए ऑनलाइन संबोधन में कहा कि महुदंड आदिवासी बाहुल्य पंचायत है। यहां के लोगों की मांग पर उन्होंने विधायक कोटा की राशि से भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित कराने का काम किया है। उन्होंने उपस्थित लोगों को बधाई व शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लोहा लेने वाले भगवान बिरसा



मुंडा का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। यह राज्य की जनता के लिए गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से खुशहाल झारखंड के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने गुलामी तथा जुल्म के खिलाफ संघर्ष किया था। देश के स्वतंत्रता संग्राम में झारखंड के युवाओं की अहम भूमिका रही है। हमें स्वतंत्रता सेनानियों के सपने को साकार करना है। उन्होंने कहा कि वह जानता की आकांक्षाओं के मुताबिक कार्य करने में विश्वास रखते हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि आज का दिन महुदंड के लिए ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद के इस सुदूरवर्ती पंचायत में विधायक ने कई विकास के कार्य किए हैं। बिजली सड़क स्वास्थ्य की व्यवस्था के अलावा मुकम्मल पेयजल की भी व्यवस्था जल ही की जाएगी। मौके पर एनसीपी प्रवक्ता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय परहिया, जनेश्वर भुइयां, गुडु रवि,संजय परहिया, विजय ठाकुर, रविन्द्र यादव, कृष्णा परहिया, शरवन परहिया, वीरवल परहिया, बंधु भुइयां, विजय परहिया, कमलेश परहिया, गनौरी यादव, सतेंद्र भुइयां, मनोज भुइयां, कर्मू परहिया, नंदलाल परहिया, कपिलदेव राम, मनदीप राम, लल्लू यादव, अभिषेक सिंह हरी, ओमप्रकाश राजवंशी, हंसराज सिंह, मुकेंद्र चौधरी, हसन खलीफा, गोरख पासवान, रमेश प्रजापति, अभिषेक सोनू साबनो, संतोष सिंह, अजय सिंह, जयप्रकाश उपाध्याय, विजय राजवंशी, राजकुमार ठाकुर, रतन लाल उपस्थित थे।

## व्यापारियो के लिए बनाया गया शेडकी हो गया है जर्जर



**धुरकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय स्थित बाजार समिति में किसानों और व्यापारियों के द्वारा उगाए हुए सब्जी व अन्य सामग्री को अच्छे मूल्य पर तथा सुरक्षित बिक्री करने के लिए शेड का निर्माण किया गया था। परंतु निर्माण किया गया शेड जर्जर व ध्वस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है। वही साप्ताहिक हॉट के दिन किसानो व व्यापारियों को खुले आसमान के नीचे अपनी सब्जी व सामग्री बेचने के लिए विवश होना पड़ता हैं।बाजार समिति धुरकी में साप्ताहिक शुक्रवार को बहुत ही बड़ा बाजार लगता है। यह बाजार समिति में वर्ष 1990 में किसानों व व्यापारियों के सहुलियत के साथ सब्जी, फसल व अन्य सामग्री बिक्री करने के लिए पांच शेड का निर्माण कराया गया था। जिसमें किसान अपने फसल व उगाए हुए सब्जी तथा अन्य सामग्री को स्थाई रूप से रखकर उसका बिक्री आसानी से कर सके। इस शेड निर्माण किए हुए 34 वर्ष हो गया, लेकिन उक्त शेड का ना तो कभी रंग रोगन किया जिस और ना ही मरम्मत किया गया। जिसके कारण शेड पूरी तरह से अब धराशायी होने के कगार पर पहुंच गया है। शेड में लगे अल्बेस्टर भी हवा में उड़ गया। पक्का का बना फर्श भी टूट चुका है। वही शेड में गांव के आवारा पशुओं का बसेरा बना हुआ है। शेड में कचरा से भरा पड़ा है। स्थानीय किसानों ने बताया की धुरकी बाजार समिति में वे लोग अपना अपना सब्जी व अन्य सामग्री खुले आसमान में रखकर बिक्री करते हैं। इन लोगों ने यह भी बताया की एक ओर सरकार हमलोगों के लिए तरह-तरह की सुविधा व संसाधन दे रही है। मगर इस जर्जर बाजार समिति के शेड पर स्थानीय अधिकारियों व प्रतिनिधियों का किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं है। ऐसे में हम सभी किसान किसी तरह अपना सब्जी और अन्य सामग्री को लाकर जमीन मे चाट बिछाकर बिक्री कर रहे है। वही किसानों ने बताया की बरसात के दिनों में बारिश होने के कारण सामग्री भीग कर खराब भी हो जाता है। जिससे काफी नुकसान हो जाता है।

## सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामुहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ,अनुश्रुति ग्रंथ,शाश्वती ग्रंथ का पाठ किया गया. सत्संग में विजय दा, अनिता देवी, चंचला गुप्ता ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया.इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि जिस व्यक्ति के पास विश्वास,निर्भरता व आत्म त्याग है,वही व्यक्ति वीर है.उन्होंने कहा कि गहरे विश्वास से सबकुछ सम्भव है। उन्होंने कहा कि अपने माता पिता व गुरु के प्रति निःस्वार्थ भाव से बिना संकोच किये विश्वास करना चाहिये। गुरु द्वारा दिये गये



दिशा निर्देश अर्थात उनके द्वारा दी गई वाणियो एवं कर्म पर पूर्णरूप से निर्भर करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक छोटा बच्चा अपने माता पिता पर निर्भर करता है, ठीक उसी प्रकार प्रत्येक मानव को अपने गुरु के प्रति निर्भर करना चाहिये। दूसरे जीवो के कल्याण हेतु उनकी सेवा करना ही आत्म त्याग है.अपने परिवेश के लोगो के सुख दुख में शामिल होना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है। ऐसा करने से मनुष्य अहिंसा का पुजारी हो जाता है, इसलिये अहिंसा परमोधर्मः कहलाता है। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, संजय दा, गोविन्द दा, श्रीकांत, राजन, प्रीतम, वृंदा देवी, प्रमिला देवी, सुजन्ती, अनुष्का, तनु प्रिया, अंशिका सहित बड़ी संख्या में गुरु भाई बहन उपस्थित थे।

## नेहरू युवा केंद्र के द्वारा मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पंचायत संयोजक पप्पू विश्वकर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां के प्रधानाध्यापक शिवकुमार चौधरी उपस्थित हुए। महिलाओं को संबोधित करते हुए पप्पू विश्वकर्मा ने कहा कि महिलाओं को चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो, सांस्कृतिक क्षेत्र हो, शैक्षणिक क्षेत्र हो सभी जगह पर पुरुष और महिलाओं को समान आरक्षण देकर स्वालंबन बनाया जा सकता है। कुछ वर्ष पहले और आज में बहुत काफी बदलाव हुआ है। महिलाए आगे बढ़ रही है और सभी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। जिससे समाज में सुधार रहा है और आने वाला समय में उम्मीद है कि महिलाएं स्वालंबन हो जाएंगे। वे अपने पैरों पर खड़ा होकर पुरुषों के साथ-साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर कार्य करेंगे।वही



शिवकुमार चौधरी ने बताया की पुरुष महिला दोनों पंछी के दो पंख के समान हैं।यदि दोनों पंख साथ चलेंगे तो इस समाज का, इस राज्य एवं राष्ट्र का विकास संभव है। यदि एक को रोक दिया जाए तो विकास रुक जाएगा। इसलिए महिला पुरुष को समान भागीदारी, एवं अधिकार देकर देश को सशक्त बनाया जा सकता है।इस कार्यक्रम के दौरान खेलकूद दौड़ एवं महिला सशक्तिकरण हेतु नारा एवं स्लोगन जैसे पढ़ी-लिखी बहना-- घर की है गहना, एक पीढ़ी पड़ गई ---सात पीढ़ी तर गई बोलाया गया खेल में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले प्रतिभागी को कप और किताब, कैलेंडर, पोशाक और पुरस्कार देकर मनोबल को बढ़ाया गया। इस कार्यक्रम का कुशल संचालन एपीएडी पब्लिक स्कूल के निदेशक सह शिक्षक धनंजय कुमार ने किया।मौके पर खरौंधी प्रखंड स्वयंसेवक जितेंद्र मेहता, प्रियारंजना कुमारी, शिक्षिका चंचल कुमारी, पूजा कुमारी, रीमा कुमारी, पिंकी कुमारी, पंकज विश्वकर्मा, अंतू पटेल एवं एपीएडी पब्लिक स्कूल चौरियां एवं किसान डिग्री इंटर कॉलेज बैत्रा के सभी छात्राएं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 11.03.2024 वर्ष 11, अंक 70 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

एक बात हमेशा याद रखें कि जीवन आपको हर दिन एक नया मौका देता है।

## क्विक न्यूज

### जेएसएससी पेपर लीक मामले में पलामू से कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग के प्रश्न पत्र के लीक के मामले में पलामू से एसआईटी ने एक कोचिंग संचालक को गिरफ्तार किया है. एसआईटी से जुड़े सब इंस्पेक्टर ने बताया कि गिरफ्तार पवन पलामू के मेदिनीनगर के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाता है. पवन का भाई रवि किशोर प्रश्न पत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी में से एक है. रवि किशोर फरार है जिसकी तलाश एसआईटी की टीम कर रही है.

### इंडोनेशिया : मूसलाधार बारिश के बाद हुआ भूस्खलन, 19 लोगों की मौत

**नयी दिल्ली :** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन से भारी तबाही मचाई है। भूस्खलन और बाढ़ की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य लापता हैं। लापता हुए लोगों की संख्या और भी बढ़ सकती है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। घटनास्थल पर आपदा प्रबंधन एजेंसियों ने राहत और बचाव का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### दो तमंचे व दो जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**हरिद्वार :** असलाह लेकर घूम रहे दो युवकों को पुलिस ने चेकिंग के दौरान धर दबोचा। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो देसी तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए।गंगनहर रुड़की कोतवाली पुलिस गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने दो व्यक्तियों को केएल डीएवी कालेज ग्राउंड के पास रोका। तलाशी लेने पर दोनों के पास से दो देसी तमंचे व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम परवेज सैफी उम्र 32 वर्ष पुत्र सईद सैफी निवासी 1438 खालापार दक्षिणी किदवई नगर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश व आरिफ उम्र 40 वर्ष पुत्र जमशेद निवासी मोहल्ला रहमतनगर खालापार कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

### सड़क हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत, 3 गंभीर

**जौनपुर :** उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया. इसमें एक ही परिवार के 6 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. यहां एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई. जिसमें कार के परखच्चे उड़ गए. कार में सवार एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसा गौरबादशपुर थाना के इलाके के प्रसाद तिराहा पर हुआ है. यहां एक कार आजमगढ़ से जौनपुर की तरफ जा रही थी, ट्रक जौनपुर से केराकत की तरफ जा रहा था दोनों के बीच एक्सीडेंट हो गया.

### श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के सात मछुआरों को गिरफ्तार किया

**चेन्नई :** तमिलनाडु के पुडुकोट्टई जिले के सात मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इन मछुआरों पर अवैध रूप से जल सीमा क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप है। मछुआरे शनिवार सुबह मछली पकड़ने के बंदरगाह जेगथापट्टिनम से दो मशीनीकृत नावों पर रवाना हुए थे। सभी मछुआरे रविवार तड़के %नेदुनथीवु% के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अतिक्रमण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। तटीय सुरक्षा समूह के सूत्रों ने बताया कि मछुआरों को उनकी मशीनीकृत नौकाओं के साथ कांकेसंतुरई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 23° |
| न्युनतम | 10° |

**बंगाल में टूटा इंडिया गठबंधन**

## टीएमसी प्रत्याशियों की लिस्ट जारी



**जयराम रमेश ने टीएमसी द्वारा उम्मीदवारों के ऐलान के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी किया है. इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बार-बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ सम्मानजनक सीट बंटवारा समझौता करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है.**

एजेंसी

**कोलकाता/नई दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है. इस लिस्ट में शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान समेत कई बड़े नाम शामिल हैं. टीएमसी के इस ऐलान के बाद ये तो तय हो गया है कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस के बाच सीट शेयरिंग को लेकर बात नहीं बन पाई. टीएमसी के इस ऐलान के बाद कांग्रेस ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि हम लगातार प्रयास कर रहे थे कि राज्य में टीएमसी के साथ मिलकर बीजेपी का सामना किया जाए.जयराम रमेश ने टीएमसी द्वारा उम्मीदवारों के ऐलान के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट भी किया है. इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बार-बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ सम्मानजनक सीट बंटवारा समझौता करने की अपनी इच्छा व्यक्त की है. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इस तरह के समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा से चाहती थी कि भारत समूह एक साथ मिलकर भाजपा से लड़े. तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अभिषेक बनर्जी ने 42 लोकसभा सीटों के लिए तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की. उन्होंने बताया कि आसनसोल से टीएमसी की लोकसभा सीट के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा होंगे. ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी.

**जामताड़ा : सीएम ने निरसा पथ के वीरग्राम-बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल का किया शिलान्यास**

# बना रहे हैं विकसित और खुशहाल झारखंड : चंपाई

*** मुख्यमंत्री ने समारोह में 340 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपए की विकास योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास तथा लाभुकों के बीच परिसम्पतियों का किया वितरण**

प्रभाम मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में आधारभूत संरचनाओं का बेहतर और मजबूत तंत्र बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस कड़ी में सड़कों तथा पुल- पुलिया का जाल बिछा रहे हैं, क्योंकि इसी के जरिए विकास का नया गलियारा बनता है।

मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज जामताड़ा जिला में जामताड़ा- निरसा पथ के वीरग्राम- बरबेंदिया में बराकर नदी पर उच्चस्तरीय पुल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बरबेंदिया पुल उन लोगो को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने बराकर नदी में नाव दुर्घटना होने से जल समाधि ले ली थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरबेंदिया पुल के निर्माण से जामताड़ा समेत पूरे संताल का धनबाद से रोड कनेक्टिविटी मजबूत होगा। जामताड़ा से निरसा की दूरी पहले की तुलना में आधी हो जाएगी।

### हम जो कहते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार घोषणाओं में विश्वास नहीं करती है । हम जो कहते हैं उसे अवश्य पूरा करते हैं। आज सरकार की योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति को इसका लाभ मिल रहा है । यहां के गरीबों और जरूरतमंदों को रोटी, कपड़ा और मकान देने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। यहां का कोई भी व्यक्ति अपने हक- अधिकार से वंचित नहीं रहेगा । झारखंड को संवारने की दिशा में हमने जो कदम बढ़ाया है, वह नहीं थमेगा।




### हर वर्ग और हर तबके के लिए है योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समस्त झारखंड वासियों की सरकार है । ऐसे में विकास की धारा से कोई वर्ग और तबका वंचित नहीं रहे, इस पर सरकार का विशेष जोर है। आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार आपके दरवाजे पर पहुंची। आपकी समस्याओं को जाना और और उसका समाधान किया। इतना ही नहीं, सभी को उनकी जरूरत के अनुरूप योजनाओं से जोड़ा गया। आज कोई भी ऐसा परिवार नहीं है, जहां सरकार की योजनाएं नहीं पहुंची हो।

### विकास योजनाओं से जामताड़ा की बदलेगी तस्वीर

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 340 करोड़ 95 लाख 40 हजार रुपए की लागत से कई विकास योजनाओं का उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया । इसमें 263 करोड 87 लाख रुपए की बरबेंदिया पुल का शिलान्यास तथा 26 करोड रुपए की 12 अन्य योजनाओं का लोकार्पण और नींव रखी गई। वहीं, 69631 लाभुकों के बीच 52 करोड़ 80 लाख रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।

### खेतों में अब सालों भर लहराएंगे फसल

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। खेतों में सालों भर पानी रहे, इसके लिए सिंचाई सुविधाओं का तीव्र गति से विस्तार हो रहा है। खेतों में भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य शुरू हो चुका है। मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में यहां के खेतों में सालों भर फसल लहराएंगे । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब 30 लाख परिवार 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ ले रहे हैं। इसके साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए 15 हजार किलोमीटर सड़के बनाई जा रही है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर मंत्री बसंत सोरेन, विधायक इरफान अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, संताल परगना के आयुक्त लालचंद्र दादेल, पुलिस उपमहानिरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## रेलवे ट्रैक पर उतरे किसान, ट्रेनों के पहिए थमे



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** अपनी मांगों को लेकर किसानों का प्रदर्शन पिछले एक महीने से लगातार जारी है। किसानों ने आज रेल रोको आंदोलन का आगाज किया। उनका कहना है कि सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है। रविवार की दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक किसानों का रेल रोको आंदोलन जारी रहा। वहीं किसानों ने एलान किया था कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्वक किया जाएगा। ट्रेनों को रेलवे स्टेशन और क्रासिंग के पास ही रोका गया।किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। केंद्र के साथ हुई बैठकों में भी हमारी मांगों के प्रति कुछ नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि वह किसानों की सारी बातें मान चुकी है, जोकि सरासर झूठ है। किसानों की केंद्र के साथ हुई सभी बैठकें बेनतीजा रही हैं। किसान संगठन के नेताओं ने कहा कि सरकार जनता को गुमराह कर रही है। केंद्र के साथ हुई बैठकों में भी हमारी मांगों के प्रति कुछ नहीं किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कह रही है कि वह किसानों की सारी बातें मान चुकी है, जोकि सरासर झूठ है। किसानों की केंद्र के साथ हुई सभी बैठकें बेनतीजा रही हैं। वहीं चार घंटे तक चलने वाले आंदोलन के दौरान किसानों ने आम जनता से घर से बाहर न निकलने की अपील की है। चार घंटे के रेल रोको आंदोलन में किसानों ने पंजाब के कई जिलों के रेलवे स्टेशनों पर धरना डाला। रेलगाड़ियां ट्रैक पर ही खड़ी रहीं।

## लालू प्रसाद के करीबी व चतरा के पूर्व राजद प्रत्याशी सुभाष यादव गिरफ्तार

**ईडी को छापेमारी के दौरान दो करोड़ कैश और कई कागजात मिले**

एजेंसी

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी सुभाष यादव को ईडी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। शनिवार सुबह से लेकर रात तक सुभाष यादव के आठ ठिकानों पर छापेमारी चली थी।

इसके बाद करीब दो करोड़ कैश बरामद और जमीन से जुड़े कई कागजात बरामद हुए थे। जांच के बाद ईडी की टीम ने सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। सुभाष यादव ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। उन पर बालू के अवैध कारोबार करने का आरोप है। वहीं इस गिरफ्तारी के बाद राजद खेमे में हड़कंप मचा हुआ है।

इससे पहले राजद एमएलसी विनोद जायसवाल के ठिकाने पर इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की थी। टीम ने पटना स्थित आवास पर रेड की थी। ईडी की टीम को सुभाष यादव के खिलाफ अवैध बालू कारोबार और मनी लॉन्ड्रिंग की शिकायत मिली थी।

जांच के बाद टीम ने पटना के दानापुर, तकिया इलाके समेत सुभाष यादव के



आठ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इतनी भारी मात्रा में कैश देख ईडी की टीम दंग रह गई थी। टीम को कैश गिनने के लिए मशीन मंगवाना पड़ा था। इसके बाद मध्य रात्रि को सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया गया।

बालू कारोबार से जुड़े सुभाष यादव को राजद ने 2019 में झारखंड के चतरा लोकसभा से टिकट दिया था। हालांकि, उस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## पीएम मोदी 12 मार्च को धनबाद रेल मंडल को देंगे 17 हजार करोड़ का सौगात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत का विकसित रेल के तहत धनबाद में 12 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। धनबाद रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में रविवार को एक पत्रकार वार्ता में एडीआरएम अमित कुमार एवं सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने बताया कि 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 85 हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास कर राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें नई रेल लाइन, डबलिंग, ट्रिपलिंग, ऑटोमेटिक सिंगलिंग, गति शक्ति कार्गो टर्मिनल कार्य शामिल हैं। साथ ही 10 वंदे भारत ट्रेन सहित अन्य रेल सेवाओं को भी हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे।उन्होंने बताया कि इस 85 हजार करोड़ रुपये की रेल परियोजनाओं में धनबाद रेल मंडल के भी 17,095 करोड़ रुपये की 27 अलग-अलग प्रोजेक्ट चयनित हैं। धनबाद रेल मंडल के सभी 27 प्रोजेक्ट के लिए 11 अलग-अलग लोकेशन पर वर्चुअल मोड में पीएम मोदी इसका शिलान्यास करेंगे।

## भाजपा जल्द जारी करेगी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट, आज सीईसी की अहम बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में बैठकों का दौर जारी है. बीजेपी ने पहली लिस्ट जारी करने के बाद अब दूसरी लिस्ट की तैयारियां शुरू कर दी हैं और उम्मीद लगाई जा रही है कि पार्टी जल्द ही अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर सकती है. अब जानकारी आ रही है कि बीजेपी केंद्रीय चुनाव समिति आज सोमवार शाम को बैठक करेगी, जहां गुजरात, महाराष्ट्र और तेलंगाना की बची हुई लोकसभा सीटों पर प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा होगी.दरअसल, गुजरात-महाराष्ट्र और तेलंगाना की बीच हुई लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की चर्चा के लिए बीते तीन दिन से बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक हो रही है.

शनिवार देर रात दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय पर जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बैठक की. इस बैठक में गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, गुजरात बीजेपी इकाई



के प्रमुख सीआर पाटिल. मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव के साथ-साथ तेलंगाना के बीजेपी नेता शामिल थे। बीजेपी ने साउथ में खुद को मजबूती देने के लिए आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी और जन सेना के साथ गठबंधन कर सीट शेयरिंग पर भी डील पक्की कर ली. बताया जा रहा है कि बीजेपी आंध्र में 8 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ सकती है. बाकी की अन्य सीटों पर टीडीपी चुनाव लड़ेगी.

इससे पहले बीजेपी ने 2 मार्च को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश की 195 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया था. बीजेपी की पहली लिस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी समेत 34 मंत्रियों के नाम शामिल थे.

## नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए 15 मार्च को होगी बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली :** शुक्रवार 8 मार्च को चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद अब इस समय दो चुनाव आयुक्तों के पद खाली हैं। इन पदों पर नियुक्ति के लिए अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 15 मार्च को बैठक हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि रिक्त हुए चुनाव आयुक्तों के पदों को भरने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाले पैनल की 15 मार्च को शाम 6 बजे बैठक होगी। बता दें कि लोकसभ चुनावों के ऐलान से कुछ दिनों पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने 8 मार्च को इस्तीफा दे दिया। वहीं इससे पहले एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे फरवरी में रिटायर हो गए थे। वहीं तीन सदस्यीय आयोग में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही बचे हैं। अरुण गोयल ने इस्तीफे के पीछे की वजह निजी बताई है लेकिन कहा जा रहा है कि उनके और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच मतभेद चल रहे थे।गौरतलब है कि अरुण गोयल 1985 बैच के पंजाब कैडर के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी हैं।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब ह्रदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## भारतीय कृषि मंत्रालय के नाहेप के तहत बारूहातु में हजारों किसानों का हुआ जमावड़ा



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुंडू प्रखंड क्षेत्र के बारुहातु गांव में भारतीय कृषि मंत्रालय के तत्वाधान में और केंद्रीय कृषि मंत्री सह स्थानीय सांसद अर्जुन मुंडा के दिशा-निर्देश पर तमाड़ बुंडू और अड़की प्रखंड के हजारों किसानों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया और इस दौरान स्थानीय जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य की अगुवाई में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के डीन और नेशनल एग्रीकल्चर हाइयर एजुकेशन प्रोजेक्ट के अन्वेषक डॉ एम.एस.मलिक के कर कमलों से नौ से अधिक किसानों के बीच उनन्त किस्म के बीज जैविक खाद के पीट/ कीट और कृषि के अत्याधुनिक उपयोगी उपकरणों का वितरण किया गया।इस दौरान डॉ एम एस मलिक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक विधि से सब्जी फल और अनाज की खेती के लिए केंद्र सरकार प्रोत्साहित कर रही इनकी खेती से मुनाफा कमा कर आप आर्थिक रूप रूप मजबूत होंगे। मौके पर जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल्य ने कहा कि खेती हम सब ग्रामीणों के लिए सबसे बड़ी जीवीका है समय के साथ हमें खुद को ढ़ालना पड़ेगा कम समय में वैज्ञानिक विधि से खेती करके अपने जीवन को बेहतर करना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया रेखा देवी, ताराचंद सिंह मुंडा,सुधिर कुमार और धन्नु नाग सहित हजारों किसान मौजूद थे।

## प्रकृति महापर्व सरहुल 11 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिलादोन के कोलाद में रविवार को सरना धर्म सोतो~ समिति की शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई. मंगल सिंह मुंडा, मंगरा पहान व साधो मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्म गुरु बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है जो प्रकृति आधारित है. अब सरना धर्म कोड के लिए करो या मरो के तर्ज पर राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन किया जा रहा है ताकि हर हालत में सरना धर्म कोड जनगणना परिपत्र में आवंटित हो. उन्होंने आगे कहा कि आजाद भारत में जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अब तक अनदेखा किया गया है जिससे भारत में आदिवासियों को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए मजबूर हो रहे हैं जबकि आजाद भारत में धर्म कोड आवंटित था. चूंकि हम भारतवर्ष के मूल निवासी और दावेदार हैं. अत~ भारत सरकार को सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करना चाहिए. इस अवसर पर बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि सरकार ने प्रकृति महापर्व सरहुल के लिए आगामी 11 अफ्रैल दिन गुरुवार को सरकारी अवकाश घोषित किया है. इसीलिए उसी दिन अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल मनाया जाएगा और दोपहर को गाजा-बाजा के साथ सरहुल शोभायात्रा निकाला जाएगा. सरहुल पूर्व अपने घरों, पूजा स्थल और चौक चौराहों में नए सरना झंडा लगाया जाएगा. इस कार्यक्रम में डॉ सीताराम मुंडा, मथुरा कंडीर, रेशमा मिंजूर, तुलसी पहान, दुर्गा कच्छप, अजय मुंडा, चैतन मुंडा, बिरसा कंडीर, धिरजु मुंडा, सनिका मुंडा, सलीम मुंडा, रायमुनी पुर्ती, टुटी ओड़ेया, सरोज तोपनो आदि ने विचार व्यक्त किए. इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, नामकोम, गुमला तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.

## पोस्ता की खेती करने को लेकर वन विभाग ने चार लोगों पर मामला दर्ज किया

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत 15 किलोमीटर दूर अति सुदूर ग्रामीण क्षेत्र पन्दनवा टांड़ गांव के डेढ़ एकड़ अधिसूचित वन क्षेत्र भूमि में पोस्ते की खेती करने को लेकर बड़कागांव वन विभाग के द्वारा चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। पश्चिमी वन प्रमंडल के एसीएफ एके परमार ने बताया कि देवा गंझु पिता सुखलाल गंझु, हरिश्चंद्र गंझु पिता सुखलाल गंझु, चिंतामणि गंझु पिता गोविंद गंझु, भुनेश्वर गंझु पिता गोविंद गंझु को मामले में नामजद आरोपी बनाया गया है। एसीएफ ने आम ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा है कि पोस्ते व अफीम की खेती करना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी है। मामले में 15 वर्ष तक सजा का प्रावधान है। बताते चलें कि तमाम अखबारों में अफीम की खेती होने की खबर छपने के पश्चात शनिवार को एसीएफ एके परमार नेतृत्व में डेढ़ एकड़ वन भूमि में लगी पोस्ते की खेती को नष्ट कर दिया गया।

## बड़कागांव के चरखा पत्थर जंगल में पुलिस व उग्रवादी के बीच मुठभेड़

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव थाना क्षेत्र के आंगो पंचायत के चरका पत्थर जंगल में टीपीसी कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप के दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। रविवार को सर्च अभियान पर निकली पुलिस की टीम के साथ टीपीसी उग्रवादियों की मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से गोलीबारी हुई। हालांकि पुलिस को भारी पड़ता देख उग्रवादी घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। उग्रवादियों की धर पकड़ में पुलिस द्वारा सर्च अभियान भी चलाया गया। पुलिस के वरीय अधिकारी को सूचना मिली थी कि टीपीसी के एरिया कमांडर दिवाकर उर्फ प्रताप अपने दस्ते के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। जिसके बाद हजारीबाग पुलिस कप्तान अरविंद कुमार सिंह के अगुवाई में सर्च अभियान चलाया गया। इसी दौरान उग्रवादियों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी जिसके बाद पुलिस द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई। हालांकि मामले में अभी तक पुलिस विभाग के द्वारा कोई आधिकारिक बयान नही आया है। बताते चलें की पिछले एक हफ्ते में बड़कागांव में गोली बारी, अपहरण की कई घटनाएं हुई है। पुलिस की इस करवाई को उन्हीं घटनाओं से जोड़ कर देखा जा रहा है। मामला चाहे जो भी हो लेकिन पुलिस की इस करवाई से निश्चित तौर पर अपराधियों का मनोबल कम होगा। सूत्रों के हवाले से पता चला के इस अभियान में बड़कागांव पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, केरेडारी थाना प्रभारी अमित कुमार, डाडी कला ओपी प्रभारी पिंटू कुमार सहित 40 से 50 की संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

### कोयला मजदूरों के हक और अधिकार पर हुई चर्चा, कई लोगो ने थामा युनियन का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के द्वारा पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सह इंटक केन्द्रीय उपाध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह और विशिष्ट अतिथि मे सीएचपी सीपीपी पीओ डी कुमार, रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन,विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता,कांग्रेस चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस,एसटी एससी ओबीसी काउंसिल के अध्यक्ष रतन लाल,कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता युनियन के अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन सचिव विद्यापति सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से दीप जलाकर की गई,जिसके बाद सभी अतिथियों का माला पहनाकर बुके देकर एवं शॉल प्रदान कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में सबसे पहले कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा की गई।वक्ताओं ने कहा कि कोयला मजदूरों के हक और अधिकार के लिए इंटक का संघर्ष जारी है।देशभर में इंटक ने मजदूरों के आवाज को उठाने का काम किया है।वर्तमान मे मजदूरों के हक और अधिकार एवं उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर इंटक लगातार प्रयास कर रही है और प्रबंधन पर दबाव बना रही है।कार्यक्रम के दौरान सभी कोयला मजदूरों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।इस दौरान सीसीएल से रिटायर हुए यूनियन के विद्यापति सिंह,अब्दुल अंसारी और श्रवन कुमार को भी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसके अलावा यूनियन के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया।वहीं दूसरे यूनियन को छोड़कर आरसीएमयू का दामन थामने वाले कामगारों को भी सम्मानित किया गया।अंत में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी और एक साथ बैठकर सामूहिक भोज का आनंद उठाया।इस मौके पर अब्दुल अंसारी, सरवन कुमार,सुमन मिश्रा, जुबेर आलम,मंसूर आलम, शंकर मुखर्जी,संतोष दास, भोला सिंह,सलीम जावेद, मिथिलेश शर्मा, विष्णु प्रसाद, नरेश सेठ, मुजाहिद इमाम, मोहम्मद आलम,अमरजीत सिंह, एसके सिंह,नकुल प्रसाद, मनोज सिंह,तिलक राम, शहाबुद्दीन अंसारी,बासुदेव साव, जगदेव प्रसाद,शमसुद्दीन अंसारी, आनन्द मुंडा,प्रयाग महतो, मुखराम महतो सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग मौजूद थे।

# मजदुरो की सुरक्षा कंपनी की प्राथमिकता : आफताब अहमद

### आम्रपाली मे हुई त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित मंगलम ऑफिसर्स क्लब में त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार और संचालन कार्मिक प्रबधंक आलोक कुमार ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर माइन्स सेफ्टी माईनिंग आफताब अहमद और विशिष्ट अतिथि में डायरेक्टर माइंस सेफ्टी मैकेनिक रत्नाकर सोंकी,डायरेक्टर माइंस सेफ्टी इलेक्ट्रिकल विकास महेश्वरम,डीडीएमएस विनीत चौरसिया,अजेश मोहम्मद, हनुमंत राव,रविंद्र बोथा, जीएम एसएंडआर सुनील कुमार सिंह,आईएसओ राजेश कुमार उपस्थित थे।बैठक में महाप्रबंधक अमरेश कुमार ने सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया।बैठक की शुरूआत कोल इंडिया की कॉरपोरेट गीत के बाद सामुहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया।बैठक के दौरान कोयला उद्योग में शहीद कामगारों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।जिसके बाद प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में कोयला खदान और मजदूरों की सुरक्षा से संबंधित कई बातों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डायरेक्टर माइंस सेफ्टी आफताब अहमद ने कहा कि सीसीएल के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित कर सुरक्षा से संबंधित बातों की समीक्षा की जा रही है। कोयला खदान में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा कंपनी की पहली प्राथमिकता है।शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर उत्पादन करने के लिए सभी को जागरूक किया जा रहा है।इस मौके पर जीएम अमरेश कुमार, पीओ पीके सिन्हा,पवन गुप्ता सहित श्रमिक प्रतिनिधियों में जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो,सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह,एसके चौधरी,अरुण कुमार सिंह,निर्गुण महतो, राजेश सिंह,विकास कुमार, शशि भूषण सिंह,खुशी लाल महतो सहित कई अधिकारी और श्रमिक प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पिपरवार मे ट्रक ऑनर एसोसिएशन दूारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दामोदर नदी के तट पर रविवार को विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन के द्वारा होली मिलन समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में पिपरवार क्षेत्र के सभी ट्रक ऑनर,डीओ,होल्डर और लिफ्टर शामिल हुए।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन गंझु और संचालन अमर कुमार महतो ने किया। इस कार्यक्रम में तय भाड़ा और नगद भाड़ा भुगतान सहित ट्रक मालिकों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ट्रक मालिकों को एकजुट होने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य ट्रक मालिक,डीओ,होल्डर और लिफ्टरो में बेहतर संबंध स्थापित करना है।इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारगी भी कायम होती है।बैठक के बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी एवं एक साथ बैठकर सामूहिक भोजन का आनंद उठाया।इस मौके पर महेन्द्र गंझू,जितेन्द्र कुमार,रंथू गंझू, इदरीस अंसारी,नागेश्वर महतो,लियाकत अंसारी, बिजय महतो,श्रवण महतो, रामबालक गंझू,रचित गंझू, प्रेम ठाकुर,अरशद अंसारी, मुश्ताक अंसारी,पच्चु गंझू, संतोष केशरी,मन्नु केशरी, उमेश,लालेश्वर महतो, जयराम भुईया,सल्कू गंझू, अमित,धीरेन्द्र,जमीर अंसारी, त्रषिकेष,कुंदन सिंह सहित कई ट्रक मालिक,डीओ, होल्डर और लिफ्टर लोग उपस्थित थे।

# पिपरवार के कल्याणपुर में धूमधाम के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।इस मौके पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद महिला मोर्चा की चतरा जिला अध्यक्ष श्रद्धा देवी एवं विशिष्ट अतिथि मे कल्याणपुर पंचायत के मुखिया महेश मुंडा,राजद सिमरिया प्रखण्ड अध्यक्ष गुड्डु आलम, जेएमएम केन्द्रीय सदस्य सरोज देवी,यूसीडब्लू अशोक परियोजना के सचिव अरविंद शर्मा,पूर्व प्रमुख सीताराम साव,मोहम्मद रहमतुल्लाह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।सभी अतिथियों का स्वागत परंपरागत ढोल नगाड़े के साथ किया गया।साथ ही बुके देकर सभी को सम्मानित किया गया।इसके बाद अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण और उन्हे आत्मनिर्भर बनाने पर बल दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान के समय में महिलाएं सभी क्षेत्र में आगे हैं।महिलाएं भी जागरूक होकर आत्मनिर्भर बनने का काम कर रही है।महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कई योजना चलाई जा रही है।योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को जागरूक होने की जरूरत है। महिला हिंसा अत्याचार और हत्या के खिलाफ सभी को आवाज उठाने की जरूरत है। महिलाओं के जागरूक होने पर ही महिला अत्याचार पर लगाम लगेगा।कार्यक्रम के दौरान महिला समूह के द्वारा नाटक,नृत्य,झूमर सहित तोर छापा साडी सुगंति ग्रूप, झारखंड स्टाईल में सुस्मिता ग्रुप,बुंदा पानी रंजु ग्रुप,लाल छापा साडी शिल्पी ग्रुप,घड़ा फोड तथा कुर्सी रेस ठेना और बिजैन की महिलाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया।वही सोनी कुमारी ने महिलाओ की जागरूकता को लेकर भाषण प्रस्तुत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सरोज देवी और संचालन दुर्गा सोरेन सेना के जिलाध्यक्ष धनेश्वर गंझू ने किया।इस मौके पर पूर्व प्रमुख सीताराम साव,गौरी देवी,अनिमा कुजूर,मिश्रा पासवान,जितेन्द्र महतो,मो. रहमतुल्ला,पुष्पा देवी, मधुलता देवी,रजन्ति देवी, सुमन देवी,सुधा देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## खिजरी विधायक ने किया रेलिंग व चबूतरा निर्माण का शिलान्यास



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खिजरी विधानसभा क्षेत्र के नामकुम प्रखण्ड के वार्ड नं 53 के पुगडू सरना स्थल में झंडा बदली सह रेलिंग के साथ चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास खिजरी विधायक श्री राजेश कच्छप जी के कर कमलों द्वारा किया गया ।इस अवसर पर पुगडू चापाटोली तुपुदाना, डुंगरी, टोनको, गुन्दू, बेरमाद, खोखमा टोली, कुबाटोली, हुलहुन्डू, लटमा, सतरंजी आदि गांव के खोड़हा मण्डली शामिल हुए एवं सरना गमछा देकर सम्मानित किए। इस अवसर पर विधायक श्री राजेश कच्छप जी ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबों को अपने सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए आगे आना होगा ताकि हमारे सरना,मसना, हड़गड़ी आदि को बचा सके ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नामकुम प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप,वार्ड पार्षद निर्मला गाड़ी,विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष माधो कच्छप,डुंगरी मुखिया जीता कच्छप,पंसस मंगरा कच्छप,कर्मा पाहन, फागु पाहन,विमल उरांव,आकाश पाहन,पिरूवा कच्छप,अमृत कच्छप के अलावे काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए।

## पुरी आनंद बिहार एक्सप्रेस ट्रेन को रांची सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी रेलवे स्टेशन से रांची सांसद संजय सेठ ने पुरी आनंद बिहार ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सांसद ने कहा की मुरी से आनंद बिहार दिल्ली ट्रेन की पुरानी मांग आज पुरी हो गई है।इस ट्रेन से सिल्ली क्षेत्र के अलावा झालदा, पुरुलिया के यात्रियों को काफी सुविधा मिली है। स्थानीय लोगों में इस ट्रेन के शुरू होने से काफी उत्साह का माहौल है।इस ट्रेन से जगन्नाथ पुरी धाम, वृंदावन मथुरा और खाटू की यात्रा आरामदायक और सुखद हो जाएगी।इस मौके पर सभी अतिथियों ने संजय सेठ को उनके लोकसभा क्षेत्र में किए गए एतिहासिक विकास कार्य के लिए उनका अभिनंदन किया।सभा को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने रेलवे के क्षेत्र में रांची लोकसभा की उपलब्धि को स्थानीय जन- मानस को बताया और भविष्य में आने वाले प्रधानमंत्री जी के सुंदर कार्यक्रम की भी जानकारी दी। महिला दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने नारी शक्ति अभिनंदन की सुखद चर्चा की और गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू किए गए पोष्टिक आहार कार्यक्रम की जानकारी भी दी।सभा का संचालन मंडल अध्यक्ष बिनोद साहु ने किया।इस मौके पर मुरी रेलवे अधिकारियों के अलावा पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली परामर्शदातृ सलाहकार समिति के सदस्य विनय महतो धीरज, रेलवे सदस्य अरूण जोशी, सृष्टिधर प्रजापति, राजेन्द्र प्रसाद सांय, रघुवीर महतो, प्रमोद कुशवाहा,कंचन सोनार, इंद्रसेन सिंह, अमित कुमार महतो, अंबुज रजक, गुलाब सिंह,अशोक कुमार महतो समेत रेलवे के अधिकारी मौजूद थे।

## विधायक ने बुंडू के चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का रविवार को स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने विधिवत रूप नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। ज्ञात हो कि इन सड़कों का निर्माण झारखंड सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग के तहत मुख्यमंत्री सड़क योजना अंतर्गत किया जाना है जो लगभग 9.5 करोड़ की लागत से बनने वाली है।पहली सड़क तुंजू से करामबु तक 6.150 किलोमीटर की,दुसरी सड़क बुंडू गैसाईडीह से गुटुहातू तक 1.700 किलोमीटर की,तीसरी सड़क सुमानड़ीह से डाटमदा तक 4.78 किलोमीटर की वहीं चौथी सड़क बुंडू सोनाहातु रोड़ के झारखंड बाजार से ऐडकेया तक 3.500 किलोमीटर तक की बनेगी। विधायक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की निजी और सार्वजनिक समस्याओं से भी रूबरू हुए जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया साथ कुछ मामलों पर त्वरित दिशा-निर्देश भी दिया। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक विकास कुमार मुंडा ने पुनः एक बार फिर अपनी बातों को दोहराते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता हमारे कार्यकाल तक सभी गांवों की सड़कों को दुरुस्त कर मुख्य सड़क से जोड़ देना है साथ ही उन्होंने कहा कि मैं ये आश्वस्त करता हूं कि मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनने वाली सभी सड़कें गुणवत्तापुर्ण और मजबूत होगी। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमार बिझिंया, उमेश महतो अरविंद कुमार, मोनू जायसवाल,बबलू कुंडू,रोहित महतो एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विष्णुगढ़ करोंज मोड़ से सामान लदा पिकअप वैन हुई चोरी, मामला दर्ज

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ में दिन प्रतिदिन वाहन चोरी की घटना में बढ़ोतरी होती जा रही इसमें दोपहिया वाहन सहित चार पहिया वाहन की भी चोरी शामिल है। इसी क्रम में जुड़ती हुई चोरी की एक और घटना सामने आई है जिसमें शुक्रवार की रात एक पिकअप वैन चोरी हो गई। बताया गया कि यह घटना विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत स्थित करोंज मोड़ की है जहां करोंज़ मोड़ निवासी चिंतामणि प्रसाद पिता पोखन साव ने शुक्रवार की शाम को सरिया से अपने पिकअप वैन में माल लेकर अपने करोंज मोड़ स्थित दुकान पर पहुंचकर गाड़ी अपनी दुकान के सामने ही खड़ी कर दी। जब शनिवार प्रातः 5 बजे वह सो कर उठे तो उन्होंने दुकान के सामने खड़ी वाहन को गायब पाया। इस संबंध में लिखित आवेदन अविलंब उन्होंने विष्णुगढ़ थाने को दी। सूचना मिलने के पश्चात पुलिस ने इस मामले को लेकर केश संख्या 44/24 प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वाहन मालिक चिंतामणि प्रसाद ने बताया कि उनके पिकअप वैन में लगभग चार लाख रुपए का सामान लदा था जिसमें किराने का सामान, रिफाइन तेल जैसे अन्य ग्रॉसरी सामान लदे थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय* । *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

### एहसास ने सिदगोड़ा के नए थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खा का किया स्वागत

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था एहसास ने रविवार को जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना के नए थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खा का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया। एहसास की ओर से महासचिव तनवीर अहसन संयुक्त सचिव अहमद ज़ाकी, कोऑर्डिनेटर अनीस खान और अभिषेक भकत मौजूद थे। थाना प्रभारी ने सामाजिक संस्थाओं से क्षेत्र में शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु सहायता मांगी।



### साकची रामलीला मैदान में प्रहलाद चरित्र का प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची श्री रामलीला मैदान में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन रविवार को व्यास पीठ से कथावाचक स्वामी सर्वज्ञानन्द जी महाराज ने श्री जड़भरत कथा, अजामिल उपाख्यान एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का रसास्वादन भक्तों को कराया। श्री श्री रामलीला उत्सव समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा में महाराज ने कहा कि भारत देव भूमि है। प्रह्लाद जी ने अपने साथियों से कहा कि युवावस्था में ही अपना कल्याण का मार्ग पकड़ लेना चाहिए। हमें अपने जीवन में सत्य को धारण करना चाहिए। तीसरे दिन सोमवार को दोपहर 3 बजे से महाराज जी श्री बलि वामन भगवान प्रसंग, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव की कथा का विस्तार से प्रसंग सुनायेगें। दूसरे दिन रविवार को यजमान क्रमशः कुसुम-राम गोपाल चौधरी, सविता-शंकर लाल सिंघल, अंजु-अनिल कुमार अग्रवाल, रशिका-श्याम सुंदर अग्रवाल थे। कथा में प्रमुख रूप से डा. डीपी शुक्ला, रामफल मिश्र, पवन अग्रहरी, अनिल कुमार चौबे, मनोज कुमार मिश्र, रोहित कुमार मिश्र, रामकेवल मिश्र, सुरेश पाण्डे, मगन पाण्डे, महेश तिवारी, अख्धेश मिश्र, द्धारिका प्रसाद सहित बड़ी संख्या में पधारकर प्रभु कथा प्रेमियों द्वारा निष्ठा एवं भाव पूर्वक प्रभु कथा का रसपान किया गया।



### विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर में 1.63 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल प्रखंड अंतर्गत चावलिबासा में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सरायकेला एवं जिला प्रशासन सरायकेला के द्वारा आदिम जनजाति एवं कमजोर वर्ग के लिए संचालित योजनाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तरीय विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सह झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि झालसा और नालसा के जरिए केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी लोगों को खासकर आदिम जनजाति एवम कमजोर वर्ग के लोगों को दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार की ओर से शिक्षा ,स्वास्थ्य ,समाज के अन्य क्षेत्र में योजनाएं चलाई जा रही हैं इसके लिए लोगों को शिक्षित और जागृत होना बहुत आवश्यक है खासकर देश की महिलाओं को शिक्षित होना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमुर्ति संजय प्रसाद भी मौजूद रहे। सरायकेला के प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश विजय कुमार ने कहा कि इस तरह का आयोजन से सरायकेला और चांडिल अनुमंडल के लोगों को विशेष कर आदिम जनजाति के लोगों और कमजोर वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने सभी वहां लगे सभी स्टॉल का निरीक्षण किया, साथ ही चल रहे छउ नृत्य की सराहना की। मौके पर झालसा के सदस्य सचिव कुमारी रंजना स्थाना, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय कुमार,प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट राजीव कुमार सिन्हा, डीसी रविशंकर शुक्ल ,एसपी मनीष कुमार टोप्पो, डिप्टी सेक्रेटरी झालसा,डालसा सचिव श्रीमती अनामिका किस्कू, सरायकेला एवम चांडिल बार काउंसिल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष,सचिव और अन्य अधिवक्तागण,अन्य न्यायिक पदाधिकारीगण और पुलिस एवम प्रशासनिक पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में जिला प्रशासन, सिविल कोर्ट ,जेल प्रशासन ,शिक्षा एवं स्वास्थ्य ,कृषि ,मत्स्य ,पशुपालन, कल्याण समाज, ऊर्जा, पेयजल एवं स्वच्छता ,श्रम , सामाजिक सुरक्षा, वन विभाग ,आपूर्ति विभाग ,बैंक समेत लगभग 22 स्टाल लगे थे। कार्यक्रम के दौरान करीब 762 लोगों के बीच करीब 1 करोड़ साढ़े 63 लाख की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।



### झारखंड में महागठबंधन सरकार जनता हित में कर रही है काम : दुबे

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत बाबूडीह एवं लालभट्टा क्षेत्र में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान व्यापक रूप से चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के तहत जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने आम जनता के समस्याओं को सुना एवं उसके समाधान पर अपना पहल करने का आश्वासन भी दिया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन सरकार आम जनता एवं गरीबों के लिए अनेकों लाभकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। इसी के अंतर्गत सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत पुरुषों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए पेंशन योजना चलाई जा रही है।मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से मानगो फ्लाईओवर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो गया है। एमजीएम अस्पताल का निर्माण नए सिरे से ट्रुतगति से दिन रात हो रहा है। मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री कृषि बादल पत्रलेख के प्रयास से बालिगुमा में मेधा डेयरी का प्लांट का शिलान्यास पुनः मुख्यमंत्री के करकमलों से संपन्न हो गया है, निश्चित तौर पर दूध उत्पादन के क्षेत्र में जमशेदपुर का नाम रौशन होगा। यह दूरदर्शी सोच गठबंधन सरकार के द्वारा लाया जा रहा है।जनसंपर्क अभियान एवं नुक्कड़ सभा कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरबा जमुदा, सुशील घोष आदि शामिल थे।



## चुनाव नजदीक आते ही थोक भाव में किया जा रहा है योजनाओं का शिलान्यास

# सांसद निधि की योजना से स्वीकृत शिलापट्ट में प्रक्कलित राशि गायब

## - जानकारी देने में भाजपाई कर रहे आनाकानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो की ओर से मतदाताओं को लुभाने के लिए पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों के लिए दर्जनों योजनाओं की स्वीकृति दी गई है। इसके लिए पिछले कई दिनों से ताबड़तोड़ शिलान्यास किया जा रहा है लेकिन इसमें दिलचस्प बात यह है कि किस योजना की प्राक्कलित राशि कितनी है इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है। दलमा आंचलिक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जलन मार्डी ने बताया कि बोड़ाम प्रखंड के चामटा गांव में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु एक योजना की स्वीकृति मिली है। इसकी सूचना पटमदा के सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो की ओर से उन्हें दिए जाने पर रविवार को गांव में मंडल अध्यक्ष शांतनु मुखर्जी की उपस्थिति में शिलान्यास तो किया गया। जब इस संबंध में मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि से प्राक्कलित राशि या अन्य जानकारी मांगी गई तो बताने में असमर्थता जताई गई। भाजपा नेताओं का कहना है कि इसकी जानकारी दादा (सांसद) ही दे सकते हैं। इस कारण उनलोग समझ नहीं पा रहे हैं कि इस योजना के तहत बड़ा भवन का निर्माण होने वाला है या छोटा क्लब घर। इस संबंध में विभागीय कनीय अभियंता विजय भूषण के नंबर पर संपर्क करने की कोशिश करने पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।क्षेत्र में लोगों के बीच इस बात की चर्चा है कि आखिर ग्रामीणों को प्राक्कलित राशि, मजदूरी दर या अन्य जानकारी देने में क्या दिक्कत है, कहीं चुनावी माहौल में और बात तो नहीं है, यह सवाल क्षेत्र के लोग उठा रहे हैं।




बोड़ाम प्रखंड के चामटा गांव में सामुदायिक भवन के शिलान्यास के बाद लगी शिलापट्ट



दगड़ीगोड़ा में ग्राम चौपाल का शिलान्यास करते सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो व अन्य

## उपायुक्त का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम महल इन सभागार में आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज ह्यूमन वेल्फेयर ट्रस्ट के दफ्तर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट के ट्रस्टी सैयद आसिफ अख्तर, अध्यक्ष मतीन उल हक अंसारी, सचिन मुख्तार आलम खान, मोइनुद्दीन अंसारी, अयूब अली, शाहिद परवेज और ताहिर मौजूद थे। मुख्तार आलम खान ने बताया की 11 मार्च 2024 को महल इन के सभागार में 11:00 बजे दिन में आजाद नगर थाना क्षेत्र के सामाजिक संगठन, धर्मगुरु, बुद्धिजीवी, समाजसेवी और करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस डिपार्टमेंट के प्रोफेसर आले अली और उनके छात्र इस प्रोग्राम में भाग लेंगे। इन सभी को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल और पूर्वी सिंहभूम के प्रशासनिक पदाधिकारी लोकसभा इलेक्शन 2024 को लेकर उपास्थित लोगो को संबोधित करेंगे और वोटिंग के प्रति जागरूक करेंगे।




## बांकादा मध्य विद्यालय में आयोजित शिविर में 142 लोगों ने किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विश्व कल्याण समिति बांकादा- गागीबुरु के तत्वावधान में एनएमओपीएस, जेएचएआरओटीई पूर्वी सिंहभूम, बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट, बोड़ाम, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर के सहयोग से रविवार को बोड़ाम प्रखंड के बांकादा मध्य विद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में 142 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करने पटमदा के जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, समाजसेवी भीष्मनाथ महतो, मुखिया कृष्णपद सिंह एवं शत्रुघन सिंह आदि शामिल हुए। शिविर को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से समिति के मुख्य संयोजक प्रबोध कुमार महतो, कृष्णा सिंह, पंचानन महतो, कार्तिक गोप, अनिता महतो, प्रदीप कुमार महतो, बिक्रम कुमार, विश्वनाथ महतो, द्विजपद सिंह समेत अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।



## छोटा गम्हरिया पंचायत में ढाई लाख की लागत से बनने वाले नाला का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के छोटा गम्हरिया पंचायत अंतर्गत बाल्मीकि नगर में 15वीं वित्त आयोग पंचायत समिति के मद से लगभग 2.50 लाख की लागत से करीब 141 मीटर तक उमेश प्रसाद के घर से धर्मेंद्र राय के घर तक बनने वाले नाला का शिलान्यास किया गया। मौके पर उपस्थित पंचायत समिति सदस्य पूजा सिंह, विकास कुमार शर्मा, मुखिया निरोला सरदार आदि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर इसका शिलान्यास किया। इस मौके पर वार्ड सदस्य अनीता देवी, रेशमा महतो, पूर्णिमा महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह, उमेश प्रसाद, बृजमोहन सिंह, माधव चंद्र महतो, सनोज सिंह यादव, नगीना यादव, लखविंदर महतो समेत काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स में 212 यूनिट रक्त संग्रह




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया की प्रमुख कंपनी रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट एक की ओर से सीएसआर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के कार्यकारी निदेशक राहुल बघाड़िया, सीपीओ एसपी सेनापति और प्लांट हेड बालमुरली कृष्णा ने विधिवत फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर के माध्यम से कुल 212 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे ब्लड बैंक में सुरक्षित रखा गया है। शिविर के आयोजन में कंपनी के वरीय प्रबंधक(एचआर) रिंटू मुखर्जी, विवेक कांत, रजनीश शर्मा, सेफ्टी ऑफिसर चितरंजन कुमार सिंह, प्रवीण कुमार, मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ हरिमोहन प्रसाद, सतीश कुमार महतो, यूनियन अध्यक्ष अभय लाभ, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव, नवल झा, जितेंद्र बारीक समेत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का योगदान रहा।

## जिप निधि से 8 लाख की लागत से स्नान घाट का हुआ शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखण्ड के रामगढ़ और चोनपुर में जिला पार्षद निधि के तहत कुल 8 लाख की लागत से बनने जा रहा दो स्नान घाट का ईचागढ़ विधायक सबिता महतो व जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। इस दौरान जिला पार्षद पिंकी लायेक ने कहा कि जिला परिषद निधि से तालाब में स्नान घाट निर्माण हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य ओम प्रकाश लायेक, पंचायत समिति सदस्य माधवी सिंह सरदार, रूदिया पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ज्योतिलाल माहली, उपमुखिया प्रदीप महतो ,मनोज महतो ,वार्ड सदस्य दीपक प्रमाणिक ,रविन्द्रनाथ सिंह सरदार,मिलन तंतुबाय आदि उपस्थित थे।

## महादेवी वर्मा, फणीश्वरनाथ रेणु, भवानी प्रसाद मिश्र व अज्ञेय की जयंती धूमधाम से मनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साहित्य समिति, तुलसी भवन द्वारा संस्थान के प्रयाग कक्ष में मासिक कथा मंजरी सह महादेवी वर्मा, सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायान अज्ञेय, फणीश्वर नाथ रेणु एवं भवानी प्रसाद मिश्र जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता संस्थान के न्यासी अरुण कुमार तिवारी तथा संचालन साहित्य समिति के सह सचिव अरुणा भूषण शास्त्री ने की । इस अवसर पर स्वागत वक्तव्य संस्थान के मानद महासचिव डॉ0 प्रसेनजित तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी व्यथित द्वारा किया गया।कार्यक्रम का आरंभ उपस्थित साहित्यकारों द्वारा माँ सरस्वती एवं चारो साहित्यकारों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्पण कर किया गया । तत्पश्चात् इनका विस्तृत साहित्यिक परिचय क्रमशः डॉ वीणा पाण्डेय भारती, पुनम महानन्दा, सुरेश चन्द्र झा ने प्रस्तुत किया । इस अवसर पर मुख्य रुप से सुभाष चन्द्र मुनका, डॉ अजय ओझा, डॉ रागिनी भूषण, डॉ संजय पाठक सनेही, जितेश कुमार तिवारी, नीलिमा पाण्डेय, भंजदेव देवेन्द्र कुमार व्यथित, बलविन्दर सिंह, ममता कर्ण एवं अन्य उपस्थित रहे।



## अंसार खान के नेतृत्व में बस्ती वासियो ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में जवाहर नगर रोड नंबर 14 और जवाहर नगर रोड नंबर 6 कुटकुट डूंगरी बस्ती से लोगों का प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवासीय कार्यालय कदमा में नाली और नाला बनाने के लिए मंत्री बन्ना गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। मौलाना अंसार खान ने मंत्री बन्ना गुप्ता को बताया क्रॉस रोड नंबर 14 जवाहर नगर रिजवान अकादमी के पीछे अभी तक इस क्षेत्र में नाली नहीं बना है। जिससे गंदा पानी रोड पर आकर घरों में घुस जाता है। इसको ले बस्ती में हमेशा झगड़ा होता रहता है। दूसरी और जवाहर नगर रोड नंबर 6 कुटकुट डूंगरी बस्ती नियर सैंट एंथोनी चर्च के पास कच्चा बड़ा नाला है जिससे पानी औवरफुल होकर बस्ती के घरों में चला जाता है। जिससे हमेशा महामारी बीमारी का डर लगा रहता है। मंत्री बना गुप्ता ने आश्वासन दिया की नाली और नाले बनाने का काम बहुत जल्द से जल्द किया जाएगा। मौके पर मिसबाहउल इस्लाम, मोहम्मद आबिद, आनंद एक्का, सुनीता इक्का, सरिता एक्का, रोशन पप्पू, लकी कुजूर, संजय कुजूर बिनानी सोए, प्रभुनाथ, सीमा, मोहम्मद खुर्शीद, रूही खातून, सफिया खातून, बेबी, रिहाना खातून, तनवीर बानो, शाहिना बेगम, मोहम्मद इब्राहिम, मोहम्मद अली, आदिल खान आदि मौजूद थे।



# प्रसिद्ध उद्योगपति एस के बेहेरा बने सीआईआई ईस्टर्न रीजन काउंसिल के चेयरमैन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोलकाता में आयोजित पुनर्गठित भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) पूर्वी क्षेत्र परिषद की पहली बैठक में, आरएसबी ट्रांसमिशन (1) लिमिटेड के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, शुभेंद्र कुमार बेहेरा को वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई के ईस्टर्न रीजन काउंसिल के चेयरमैन के रूप में चुना गया। बेहेरा का सीआईआई के साथ लंबे समय से जुड़ाव रहा है, उन्होंने भारत की औद्योगिक प्रगति के लिए समर्पित विभिन्न पदों पर काम किया है।औद्योगिक विकास इंजन को गति देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए, श्री बेहेरा ने बताया कि सीआईआई ने अपनी स्थापना के बाद से लगातार सराहनीय प्रयासों का प्रदर्शन किया है, जिससे भारत के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। इसने हमेशा उद्योग और सरकार के बीच एक पुल के रूप में काम किया है। महिला विकास के पक्षधर बेहेरा ने समानता, स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता पर ध्यान देने के साथ विकसित भारत के साझा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए साथी सदस्यों के साथ काम करने के अपने समर्पण पर जोर दिया। सीआईआई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद शुभेंद्र कुमार बेहेरा के नेतृत्व के प्रति आशान्वित है और उसे विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में, परिषद औद्योगिक विकास और उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।




## मिलन चौक से टीकर तक हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के खिलाफ निकली न्याय मार्च

# जनता न्याय करना जानती है : सबिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक से टीकर तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा न्याय मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। राज्यव्यापी न्याय मार्च कार्यक्रम के तहत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मिलन चौक से ईचागढ़ के विधायक सविता महतो के नेतृत्व में न्याय मार्च का शुभारंभ किया गया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओ ने केंद्र सरकार होश में आओ, जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा जैसे कई नारे लगाए। कार्यकर्ता बाइक रैली व पैदल मार्च कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुरे मिलन चौक का भ्रमण किया। ईचागढ़ की विधायक सविता महतो ने कहा कि कहा कि झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने एक सुनहरे झारखंड का सपना देखा था, लेकिन केंद्र सरकार की एजेंसियों ने हेमंत सोरेन को जेल में डाल कर राज्य के विकास के सपने को चकनाचूर कर दिया। वहीं उन्होंने का जनता सब देख रही हैं,जनता न्याय करना जानती है।न्याय मार्च कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव,प्रखंड सचिव अभय यादव केन्द्रीय सदस्य काबलू महतो, अमित सिन्हा, पशुपति बागची, हाकीम महतो, हरेन्द्र नाथ महतो सहित झामुमो कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।



संपादकीय

## हिमाचल में रेल के सपने

**अंब** अंदौरा के बाद एक और वंदे भारत ट्रेन हिमाचल के नजदीक पहुंच रही है। दरअसल वैष्णो देवी दौड़ रही वंदे भारत अब पठानकोट कैंट में रुकेगी, तो पंख फैलाए हिमाचल को दूर से ही सही इसमें बैठने का मौका मिल जाएगा। हम इसमें भी खुश हैं कि पठानकोट से ही देश के साथ कदमताल का अवसर मिल गया, वरना सपनों की ट्रेन तो आज भी कम चौड़ी पटरियों पर जगह तलाश रही है। वंदे भारत का पठानकोट में रुकना हिमाचल को कितना समृद्ध कर रहा है, इसको लेकर शाबाशियों और आत्म शाघा का एक दौर जरूर चलेगा, लेकिन हिमाचल की असली ट्रेन है कहां। अब अंब-अंदौरा की वंदेभारत ज्यादा व्यावहारिक होगी या पठानकोट कैंट की, इस पर यात्रीगण जरूर ध्यान देंगे, लेकिन राहत यह कि दिल्ली का सफर सीधा होने जा रहा है। पर्यटन और ट्रेन के बीच घनिष्ठता उन संभावनाओं को ढोती है, जो भविष्य की आर्थिकी का समाधान है। विडंबना यह है कि हिमाचल के आसपास जम्मू-कश्मीर की पटरियां बिछती गईं और हम अंग्रजों की विरासत में नैरो गेज ट्रेन के शहतीर बनकर धंसते गए। कम से कम कांगड़ा की तरफ तो रेलवे विस्तार की दिशा में सिर्फ यही खबर आई कि ब्रिटिश पीरियड में निर्मित बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास होगा, वरना वही पटरियां और वही गति। बारिश की आपदा ने रोकी, तो महीनों रुक गई कांगड़ा घाटी की रेलगाड़ी। यह दीगर है कि बिलासपुर की ट्रेन करवट ले रही है और ऊना की पटरियां फैल रही हैं, लेकिन रेलवे का इतिहास कांगड़ा-मंडी और चंबा में शर्मिंदा है। ऐसे में वंदे भारत के नखरे में सवार होना भी गनीमत है, भले ही पठानकोट या अंब-अंदौरा पहुंचते-पहुंचते खासी मेहनत करनी पड़े। बेशक वंदे भारत के दो विकल्प पर्यटन के रास्तों को सरल कर देंगे और अगर इनके साथ एचआरटीसी के रूट समाहित कर दें, तो दिल्ली से अंब-अंदौरा या अब पठानकोट से आगे डेस्टिनेशन टूरिज्म तक पहुंचना सुविधाजनक होगा। बावजूद इसके हिमाचल के हिस्से में भी कुछ पटरियां चाहिएं। पठानकोट से जोगिंद्रनगर की एक सदी पुरानी ट्रेन भले ही धरोहर बन जाए, लेकिन इसके आसपास कुछ तो निगाह चाहिए। हमारा मानना है और यही एक मात्र विकल्प साबित होगा कि अंब-अंदौरा तक पहुंची रेल लाइन का एक रुख ज्वालाजी मंदिर की ओर मोड़ दिया जाए। ज्वालाजी मंदिर तक ट्रेन का आना धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से, क्रांतिकारी प्रयास होगा, क्योंकि इसके कारण चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा, चामुंडा व बैजनाथ तक पहुंचना बेहद आसान हो जाएगा। ज्वालाजी मंदिर तक रेलवे मार्ग बिछे तो इसे आसानी से कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, चंबा और बिलासपुर की ओर बढ़ाया जा सकता है। आश्चर्य यह कि हिमाचल की प्राथमिकताएं कागजी नक्शों पर सियासत की अपनी-अपनी गोटियां फिट करके भविष्य की रूपरेखा को सुदृढ़ नहीं कर पातीं। यह तय है कि पठानकोट से अब मंडी की ओर नई ब्रॉडगेज लाइन नहीं बिछेगी। यह इसलिए भी कि भानुपल्ली-बिलासपुर रेल मार्ग ही इस दृष्टि से आगे मंजिल देखेगा। ऐसे में अंब-अंदौरा से ज्वालाजी मंदिर रेल मार्ग को धार्मिक पर्यटन से जोडक़र देखना होगा। रेलवे के साथ फिफ्टी-फिफ्टी पार्टनरशिप पर मंदिर रेल परियोजना बनाकर हिमाचल कोंकण रेलवे की तरह आगे बढ़ सकता है। बहरहाल वंदे भारत ट्रेन का अंब अंदौरा तक आगमन हमीरपुर, ऊना व कांगड़ा के लिए सुखद अनुभव रहा है। ऐसे में वाया पठानकोट वंदे भारत ट्रेन के साथ हिमाचल का जुडना वरदान साबित होगा। इन दोनों ट्रेनों की क्षमता में हिमाचल की जनता को सुविधाजनक तरीके से जोडऩे के लिए एचआरटीसी को ऐसी बुकिंग व्यवस्था करनी चाहिए जो हमीरपुर, कांगड़ा, ऊना, मंडी व चंबा के यात्रियों को नियमित रूप से इन ट्रेनों से जोड़ दे। इसी तरह के प्रयास उड़ान के तहत धर्मशाला-शिमला हवाई यात्रा के साथ भी होने चाहिएं। खास तौर पर शिमला एयरपोर्ट पर आने वाली फ्लाइट्स को सफल बनाने के लिए एचआरटीसी ऐसी बस सेवाएं दे, जो यात्रियों की उड़ान की जमीनी स्तर तक पैरवी करे।


वैष्णो देवी दौड़ रही वंदे भारत अब पठानकोट कैंट में रुकेगी, तो पंख फैलाए हिमाचल को दूर से ही सही इसमें बैठने का मौका मिल जाएगा। हम इसमें भी खुश हैं कि पठानकोट से ही देश के साथ कदमताल का अवसर मिल गया, वरना सपनों की ट्रेन तो आज भी कम चौड़ी पटरियों पर जगह तलाश रही है। वंदे भारत का पठानकोट में रुकना हिमाचल को कितना समृद्ध कर रहा है, इसको लेकर शाबाशियों और आत्म शाघा का एक दौर जरूर चलेगा, लेकिन हिमाचल की असली ट्रेन है कहां। अब अंब-अंदौरा की वंदेभारत ज्यादा व्यावहारिक होगी या पठानकोट कैंट की, इस पर यात्रीगण जरूर ध्यान देंगे, लेकिन राहत यह कि दिल्ली का सफर सीधा होने जा रहा है। पर्यटन और ट्रेन के बीच घनिष्ठता उन संभावनाओं को ढोती है, जो भविष्य की आर्थिकी का समाधान है। विडंबना यह है कि हिमाचल के आसपास जम्मू-कश्मीर की पटरियां बिछती गईं और हम अंग्रजों की विरासत में नैरो गेज ट्रेन के शहतीर बनकर धंसते गए।


### बसपा से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बढ़ गई है

## क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?


अजय कुमार



मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवत: वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।


**बहुजन** समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी। चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी




ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं। बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है। 2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया। उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए। 2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने। लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ। 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे, लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने कहा, "पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी। मैं समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गया हूं और अब यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी को मजबूत करूँ और अखिलेश यादव का समर्थन करूँ। मुझे यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा। हम सेक्युलर लोगों के साथ रहना चाहते हैं।" गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से साल 2012 और 2017 में बीएसपी के विधायक रह चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। उन्होंने 2014 और 2022 का लोकसभा उपचुनाव क्रमशः सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़ा था। इसके अलावा अन्य सांसद रितेश पांडेय ने गत दिनों पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की तो इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं।

दृष्टि कोण

## वायु की तरह मुक्त हों महिलाएं

**पितृसत्ता** पूंजीवाद और उपभोक्तावाद महिलाओं के शोषण को जिम्मेदार हैं। ये सब मिलकर महिलाओं के उत्पीडन को बढ़ा रहे हैं और उनके जीवन को दूभर कर रहे हैं। महिलाएं इन्हीं से टकराने के लिए अब आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं के प्रति मानवीय दृष्टिकोण यह होना चाहिए कि एक तो महिलाओं के अस्तित्व को स्वीकार करना तथा वह भी अच्छाई-बुराई के साथ। उन पर हावी होना, हमदर्दी करना और दया बरसाना छोड़ देना चाहिए। उन्हें अच्छाई और बुराई के साथ विकसित होते देखना और असली महिला को जगह देनी होगी। महिलाओं को वायु की तरह मुक्त रहने देना चाहिए। उन पर कोई पाबंदी नहीं होनी चाहिए, वे भी पुरुषों की तरह मुक्त घूमें। दोनों के लिए एक धर्म, भाव और कार्य एक जैसे हों। इससे पुरुष के अभाव में महिला स्वयं उसका स्थान अधिकृत कर लेगी। इसके लिए शिक्षा परमावश्यक है। शिक्षा से सब कमियों को दूर किया जा सकता है, और तभी ये देवियां अपना दिव्य रूप पहचानेंगी तथा दुनिया भी उनकी शक्ति को जानेगी। महिलाओं का शोषण पूरे विश्व में ही था। इसलिए 15000 महिलाओं ने शोषण से



टकराने के लिए 1909 में न्यूयॉर्क में प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन कम काम के घंटे, बेहतर मुआवजा और वोट देने का अवसर के लिए था। 1910 में एक साल के बाद कोपनहेगन में कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए एक विश्वव्यापी सम्मेलन आयोजित किया गया। यह बैठक महिला दिवस के वार्षिक उत्सव के विचार के लिए उत्प्रेरक थी। वर्ष 1911 में डेनमार्क, स्विटजरलैंड, ऑस्ट्रिया, जर्मनी ने प्रथम अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस सेलिब्रेट किया था। 8 मार्च 1975 को महिला दिवस को आधिकारिक तौर पर मान्यता दी गई, वह भी तब, जब यूनाइटेड नेशन ने इसे वार्षिक तौर पर एक स्पैशल थीम के तहत मनाना शुरू किया। पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का थीम था 'सेलिब्रेटिंग दि पास्ट, प्लानिंग फार दि फ्यूचर'। उसके बाद, हर साल 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एक नए थीम के साथ मनाया जाता है और इस थीम के अनुसार महिलाओं का सशक्तिकरण किया जाता है। आठ मार्च का दिन महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों के जश्न मनाने का अंतरराष्ट्रीय स्तर का दिवस होता है। यह लैंगिक समानता की दिशा में हुई प्रगति का आकलन करने और शेष चुनौतियों के समाधान के लिए आगे की कार्रवाई का आह्वान करता है। भारत में महिलाओं की स्थिति का आकलन करने के लिए कुछ संकेतक हैं, जैसे- कार्य का रूप एवं सीमा, राजनीतिक भागीदारी, शिक्षा का स्तर, स्वास्थ्य की स्थिति, निर्णयकारी निकाओं में प्रतिनिधित्व, संपत्ति तक पहुंच आदि। इन कारकों तक महिलाओं की एक समान पहुंच नहीं रही है और यह उनके पिछड़ेपन का कारण है। महिलाओं की आज की स्थिति को, पहले के दौर में जो स्थिति थी, उससे तुलना करें तो आज महिलाओं की सफलता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसका श्रेय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने वाले महिला दिवस तथा भिन्न-भिन्न देशों की सरकारों की सकारात्मक सोच, जो महिलाओं के प्रति है, को दिया जाता है। भारत का संविधान महिलाओं को लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना (अनुच्छेद 15) और विधि के समक्ष समान संरक्षण (अनुच्छेद 14) का मूल अधिकार देता है तथा संविधान राज्यों को महिलाओं के पक्ष में भेदभाव को खत्म करने के उपायों को करने के लिए भी शक्ति प्रदान करता है ताकि उनकी सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक असमानता की स्थिति को कम किया जा सके। इन्हीं प्रावधानों तथा सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के परिणामस्वरूप महिलाओं ने सामाजिक क्षेत्र, पर्यावरण, रक्षा, खेल, अंतरराष्ट्रीय संगठन, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, शिक्षा, शासन आदि क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं। महिलाओं को आर्मी, एयर फोर्स और नेवी में परमानेंट कमिशन दिलवाने में माननीय उच्चतम न्यायालय ने अहम भूमिका निभाई है जिसके परिणामस्वरूप महिलाओं ने सशस्त्र बलों में बुलंदियों को छुआ।

कुछ अलग

## प्रदेश के पर्यटन का भविष्य

**'डेस्टिनेशन** वेडिंग' के नाम पर गुजरात के जोड़े ने स्पीति के मोरंग गांव में माइनस 25 डिग्री सेल्सियस के तापमान में सात फेरे लेकर जहां अपने सपनों को हकीकत में बदल दिया, वहीं साधारण लोगों के लिए यह 'डेस्टिनेशन वेडिंग' (गंतव्य शादी) शब्द कौतूहल का विषय भी बन गया। साधारण शब्दों मे डेस्टिनेशन वेडिंग वह शादी है जो घर से दूर किसी प्रसिद्ध स्थान में चुनिंदा मेहमानों के साथ आयोजित की जाती है। तेजी से लोकप्रिय होती जा रही इस तरह की शादियों का मुख्य कारण है कि हर किसी का सपना होता है कि वह अपने होने वाले जीवन साथी के साथ किसी ऐसे सुंदर स्थान पर शादी के बंधन मे बंधे, जिससे वह इन पलों को जीवन भर के लिए यादगार बना सके। कोरोना की समाप्ति के पश्चात भारत में डेस्टिनेशन शादियों का प्रचलन बहुत तेजी से बढ़ा है, आंकड़े यह बताते हैं। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग जड़ें उस परम्परा से खोजी जा सकती हैं, जब दो परिवारों के घर दूर शहरों में होने के चलते वर या वधु पक्ष में से कोई एक पक्ष दूसरे के शहर में आकर शादी की रस्मों को निभाते थे। इसके विपरीत विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग का प्रचलन बहुत पहले से शुरू हो गया था। खासकर अमरीका में जहां के युवा जोड़े मैक्सिको या बहमास के समुद्री तटों पर शादियों का आयोजन करके रोमांचित महसूस करते थे। भारत में भी डेस्टिनेशन वेडिंग ने 60 और 70 के दशक में अपने पांव पसारे, पर ज्यादातर यह उच्च वर्गीय लोगों में ही लोकप्रिय थी। धीरे-धीरे आगे बढ़ रही इसकी लोकप्रियता को सोशल मीडिया के जमाने में पंख लग गए जब कुछ मशहूर हस्तियों के डेस्टिनेशन वेडिंग की तस्वीरें लोगों के सामने आने लगी और उनकी देखादेखी मध्यमवर्गीय परिवारों ने भी इसे अपना लिया। भारत में शादियां कितना बड़ा व्यवसाय बन चुकी हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 'कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेड्स' के अनुसार नवम्बर 2023 और जून 2024 के बीच भारत में 38 लाख शादियां होंगी जिनमें करीब पौने चार लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और इनमें से बहुत बड़ा हिस्सा डेस्टिनेशन शादियों का है। इन शादियों में एक वे लोग हैं जो देश में ही किसी प्रसिद्ध गंतव्य स्थान में शादी को प्राथमिकता देते हैं, दूसरी श्रेणी में वे आते हैं जो विदेशों में शादियां रचाते हैं। वर्ष 2023 में करीब 5000 भारतीयों ने थाईलैंड, तुर्कीए, वियतनाम, अबुधाबी और श्रीलंका जैसे विदेशी गंतव्यों में डेस्टिनेशन शादियों पर करीब 50000 करोड़ रुपए खर्च कर दिए जिसका भारतीय अर्थव्यवस्था को कोई लाभ नहीं हुआ, उल्टे विदेशी मुद्रा कोश की ही हानि हुई। इस बात की चिंता माननीय प्रधानमंत्री भी 'मन की बात' के एक एपिसोड में जता चुके हैं। देश की अर्थव्यवस्था बढऩे से लोगों की आय और खर्च करने की क्षमता में तेजी से वृद्धि हुई है। भारतीय लोग शादियों में पैसा खर्च करने के लिए दुनिया भर में विख्यात हैं। इस बढ़ी हुई क्षमता का सीधा असर शादियों के आयोजन में देखने को मिल रहा है। एक सर्वे के अनुसार एक उच्च वर्गीय परिवार शादी पर औसतन डेढ़ से दो करोड़ और मध्यमवर्गीय परिवार 20 से 50 लाख रुपए के बीच खर्च करता है। एक शादी के आयोजन में मैरिज पैलेस से लेकर टैंट, केटरिंग, बैण्ड से लेकर कई तरह की तैयारियां करनी पड़ती हैं, पर अगर ये सारी सुविधाएं एक ही स्थान, विशेषकर किसी प्रसिद्ध स्थान पर तय बजट से थोड़े से ज्यादा पैसा खर्च करके मिल रही हों तो लोग ज्यादा पैसा खर्च करने में गुरेज नहीं करते हैं।

देश दुनीया से

## सूचकांकों के आईने में बिहार के विकास में अंतिम व्यक्ति


शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में 2011-12 में बिहार का सकल घरेलू उत्पाद गुजरात का 43, कर्नाटक का 41 और तमिलनाडु का 34 फीसदी था; 2021-22 में बिहार के सकल घरेलू उत्पाद का हिस्सा घटकर गुजरात का 35, कर्नाटक का 33 और तमिलनाडु का 32 फीसदी रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भारत में सबसे कम है। 1960-61 में बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 70 फीसदी थी; जो 2005 तक घटकर राष्ट्रीय का 33 फीसदी हो गई, जब जेडीयू सरकार सत्ता में आई। 2005 से आज तक नीतीश कुमार की ही सरकार रही। 2020-21 में, बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 33 फीसदी थी। इस प्रकार, उनकी सत्ता में लगभग दो दशकों के बाद भी राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष बिहार का अभिसरण के बजाय थोड़ा विचलन ही हुआ है। दूसरा मुद्दा बिहार के भीतर प्रति व्यक्ति उत्पाद में स्थानिक असमानता का है।


**यदि** कोई राज्य सरकार लगभग दो दशकों से सत्ता में है, तो एक अपरिहार्य प्रश्न उठता है कि उसने आर्थिक विकास, मानव विकास और शासन के मानकों में कैसा प्रदर्शन किया? 2011-12 से 2021-22 तक, बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 5.9 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा, जो राष्ट्रीय औसत के काफी करीब है। लेकिन बिहार के जीएसडीपी का स्तर प्रमुख राज्यों में सबसे कम है, बावजूद इसके कि निचले आधार पर उच्च वृद्धि हासिल करना आसान होता है। शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद में 2011-12 में बिहार का सकल घरेलू उत्पाद गुजरात का 43, कर्नाटक का 41 और तमिलनाडु का 34 फीसदी था; 2021-22 में बिहार के सकल घरेलू उत्पाद का हिस्सा घटकर गुजरात का 35, कर्नाटक का 33 और तमिलनाडु का 32 फीसदी रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भारत में सबसे कम है। 1960-61 में बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 70 फीसदी थी; जो 2005 तक घटकर राष्ट्रीय का 33 फीसदी हो गई, जब जेडीयू सरकार सत्ता में आई। 2005 से आज तक नीतीश कुमार की ही सरकार



रही। 2020-21 में, बिहार की प्रति व्यक्ति एनएसडीपी राष्ट्रीय औसत का 33 फीसदी थी। इस प्रकार, उनकी सत्ता में लगभग दो दशकों के बाद भी राष्ट्रीय औसत के सापेक्ष बिहार का अभिसरण के बजाय थोड़ा विचलन ही हुआ है। दूसरा मुद्दा बिहार के भीतर प्रति व्यक्ति उत्पाद में स्थानिक असमानता का है। 2020-21 में प्रति व्यक्ति सकल जिला घरेलू उत्पाद पटना में 1,15,239 रुपये, जबकि बेगूसराय और मुंगेर में क्रमशः 45,497 और 42,793 रुपये था, यानी पटना के आधे से भी कम। 2020-21 में बिहार का प्रति व्यक्ति घरेलू उत्पाद मात्र रुपये 31,522 था, जो पटना (1,15,239 रुपये) के एक-तिहाई से भी कम है। इसके अलावा, बिहार ने संरचनात्मक परिवर्तन के चिंताजनक उलटफेर का भी अनुभव किया है। 2017-18 और 2022-23 के बीच कृषि में कार्यबल 50 फीसदी बढ़कर 125 लाख से 190 लाख हो गया है; जबकि 2020 और 2023 के बीच कृषि में भारत के कार्यबल में छह करोड़ की वृद्धि हुई है, बिहार में यह वृद्धि बहुत अधिक है। नीति आयोग की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग (2019) में बिहार 29 में से 26वें स्थान पर है। 2021 में बिहार को भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का सिर्फ 0.29 फीसदी प्राप्त हुआ। बुनियादी मानव पूंजी की सक्षमता के बिना बिहार विदेशी निवेश आकर्षित करने में विफल रहा है। बिहार की 2025 तक राष्ट्रीय निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर 10 फीसदी करना चाहता है, हालांकि, वर्तमान हिस्सेदारी सिर्फ 0.52 फीसदी है। यहां तक कि प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सामाजिक प्रगति सूचकांक 2022 के संदर्भ में भी बिहार में 'बहुत कम सामाजिक प्रगति' हुई है, और इसमें 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में वह 35वें स्थान पर है। स्वास्थ्य प्रदर्शन सूचकांक (2019-20) में बिहार 19 राज्यों में 18वें स्थान पर है। बिहार में नवजात मृत्युदर केरल की तुलना में पांच गुना और राष्ट्रीय औसत से 3.5 गुना अधिक है। इसका मुख्य कारण यह है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में जरूरी कार्यबल के मुकाबले स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं की कमी के मामले में बिहार देश के राज्यों में शीर्ष पर है। इसी तरह, शिक्षा के मामले में, नीति आयोग के स्कूल शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक 2019 में बिहार 20 बड़े राज्यों में 19वें स्थान पर है। फिर स्कूलों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कैसे हो सकता है? स्कूलों में 2.2 लाख शिक्षकों की कमी है, विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में डॉक्टरों और पैरा-मेडिक्स की कमी है। सुशासन सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण घटक होता है। सुशासन सूचकांक में बिहार का नीचे के कुछ राज्यों में आना 'सुशासन' की वास्तविक कहानी बताता है। कुल मिलाकर, जब तक हम आर्थिक या सामाजिक परिवर्तन के बिना आर्थिक विकास का पीछा करते हैं, हम गांधी जी की नसीहत से दूर चले जाते हैं कि 'विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए!'

आप का नजरीया

## कैफे में आतंकी विस्फोट

**कर्नाटक** की राजधानी बेंगलुरू भारत की 'सिलिकॉन वैली' है। वहां के लोकप्रिय 'रामेश्वरम कैफे' में बीते शुक्रवार को ऐसा विस्फोट हुआ, जिसकी नीयत और ताकत आतंकी हमले से कम नहीं थी। विस्फोट में 9 लोग घायल हुए। उनमें 45 साल की एक महिला पहचानी गई, जो सेमीकंडक्टर की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में लेखापाल के पद पर कार्यरत है। वह विस्फोट में झुलस गई है और फिलहाल जख्मों से लड़ रही है। शुरुआती जांच के संकेत हैं कि एक अनजान व्यक्ति ने विस्फोट से कुछ मिनट पहले ही उस लोकप्रिय कैफे में बैग रखा था। पुलिस सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध की पहचान की जा सके। संभवतः आईईडी विस्फोटक उपकरण उसी बैग में रखा गया था। खान-पान के ऐसे लोकप्रिय स्थलों पर भी सुरक्षा में सुराख देखे गए हैं। वहां पर्याप्त सुरक्षा-व्यवस्था नहीं होती। जबकि ऐसे स्थल ही आतंकी या किसी अन्य हमले के 'आसान लक्ष्य' होते हैं। जांच की कुल 8 टीमें काम कर रही हैं। पुलिस 2022 से उन आतंकी हमलों के साथ इस विस्फोट के संपर्क की संभावनाओं को भी खंगाल रही है, जहां ऐसे ही विस्फोटक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया था। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच का आश्वासन दिया है और अपेक्षा की है कि इस घटना का राजनीतिकरण न किया जाए। विपक्षी भाजपा ने इसे कानून-व्यवस्था की नाकामी करार दिया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कर्नाटक विधानसभा में पाकिस्तान-समर्थक नारों से इस विस्फोट को जोड़ा है। सवाल है कि क्या यह माना जाए कि बेंगलुरू में भी पाकिस्तान के दहशतगर्द तत्त्व और खुफिया एजेंसी आईएसआई पहुंच गए हैं, जिन्होंने ऐसे विस्फोट को अंजाम दिया? वैसे माहौल को गरम और उग्र बनाने में सत्तारूढ़ कांग्रेस का भी योगदान कम नहीं रहा है। उपमुख्यमंत्री ने विस्फोट को 2022 के मंगलूरु विस्फोट से जोड़ दिया, जब राज्य में भाजपा सरकार थी। उपमुख्यमंत्री जैसा जिम्मेदार शख्स यह आरोप किस आधार पर लगा सकता है? उन्होंने इसके विपरीत ही बयान दिया था और राजनीतिकरण न करने का आग्रह किया था। ऐसा दोगलापन ही आतंकी घटनाओं का राजनीतिकरण करता है। राज्य और केंद्र सरकार की अपनी-अपनी एजेंसियां हैं, जिनके दायरे परिभाषित हैं। जांच दलों को अपना काम करने दें। वे ही किसी निष्कर्ष की ओर संकेत कर सकते हैं। दरअसल 'रामेश्वरम कैफे' में यह विस्फोट ज्यादा भयावह इसलिए है, क्योंकि यह वहां स्थित है, जहां आईबीएम, एसएपी सरीखी आईटी कंपनियां और कई स्टार्टअप मौजूद हैं। यह देश का प्रौद्योगिकी केंद्र है। इन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पेशेवरों के लिए यह कैफे एक लोकप्रिय ठिकाना है। खान-पान के पकवानों के लिए यह विख्यात है। जब दोपहर एक बजे के करीब विस्फोट हुआ, तो कई पेशेवर वहां लंच कर रहे थे। घायलों में वेल्डर, मैकेनिक, बिजली वाले, मिस्त्री आदि 'ब्लू कॉलर' प्रवासी कामगार भी शामिल थे। बेंगलुरू के रेस्टॉरेंट क्षेत्र को अब खुद महसूस करना पड़ेगा कि वे सावधान हो जाएं। अपने ग्राहकों पर निगरानी रखें। एक मजबूत सुरक्षा व्यवस्था तैयार करें।

**संक्षिप्त खबरें**

## अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया और लावालौंग पुलिस की संयुक्त टीम ने एक अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्कर अजय कुमार साव पिता प्रेम साव सिमरिया थाना क्षेत्र के जबड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार तस्कर के पास से 3.250 किलोग्राम अर्द्धठोस अफीम, एक होंडा साईन मोटरसाइकिल और दो मोबाईल फोन बरामद किया है। सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने प्रेसवार्ता कर बताया कि चतरा पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि लावालौंग थाना अंतर्गत अमिनियां गांव के संजय गंझू, पिता भागीरथ गंझू के घर में अवैध अफीम रखा हुआ है और बाहरी व्यक्ति को बेचने के फिराक में है। सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए मेरे नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में मेरे अलावे, सिमरिया पुलिस निरीक्षक, लावालौंग थाना प्रभारी और पुलिसकर्मी शामिल थे।

# जिला प्रशासन द्वारा आयोजित विकास योजनाओं के शिलान्यास व उदघाटन कार्यक्रम में मंत्री सत्यानंद भोक्ता हुए शामिल

**182 करोड़ रुपए के 136 योजनाओं का उद्घाटन व 128 योजनाओं का हुआ शिलान्यास**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, डीसी रमेश घोलप, डीडीसी पवन मंडल ने डीआरडीए प्रशिक्षण भवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उदघाटन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुए। मंत्री श्री भोक्ता के कार्यक्रम में आगमन पर उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री श्री भोक्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मंत्री श्री भोगता ने लाभुकों के बीच अबुआ आवास योजना एवं सर्वजन पेंशन योजना के लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं डमी चेक वितरण किया। तत्पश्चात जिले के लगभग 282 करोड़ की विकास योजनाओं का फीता काटकर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर ऑनलाइन शिलान्यास व उदघाटन किया। जिसमें कुल 136 योजना का उद्घाटन किया गया। जिसकी कुल लागत है एक सौ दो करोड़ रुपया। 1 सौ 80 करोड़ के 128 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त पवन कुमार मंडल, समाज सेवी नवलकिशोर यादव, चतरा लोकसभा क्षेत्र सांसद प्रतिनिधि निर्भय ठाकुर, मंत्री प्रतिनिधि हारून रशीद समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जिला स्तरीय पांच दिवसीय सहिया साथी का प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सहीया साथी का पांच दिवसीय जिला स्तरीय आवाशिय प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। यह प्रशिक्षण रविवार से शुरुआत किया गया है। प्रशिक्षण दिलवा रहे एसटिटी प्रमोद कुमार सुषमा कुमारी बिटिटी कामेश्वर साहू मीना कुमारी बिमला कुमारी संतोष प्रसाद बारी-बारी से सहीया साथी को प्रतिदिन प्रशिक्षण करवाएंगे। प्रशिक्षण के दरमियान ओईईई से संबंधित कई जानकारियां बताएंगे प्रशिक्षण ले रहे सहीया साथी में सुचिता कुमारी रंगीना कुमारी चिंता कुमारी कविता कुमारी एवं दर्जनों सहीया साथी उपस्थित थी।

## बोलेरो वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल, हजारीबाग सदर रेफर



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटखोरी मुख्य पथ के आमीन पुल के समीप बोलेरो वाहन के चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक गिद्धौर थाना क्षेत्र के सूर्याटांड निवासी हबीस अंसारी का पुत्र हाफिज अंसारी व अदिस अंसारी का पुत्र तौफीक अंसारी है।ग्रामीणों के तत्परता से दोनों युवकों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया।बताया गया कि दोनों युवक चतरा की ओर से वापस घर आ रहे थे।इसी बीच आमीन पुल के समीप बोलेरो वाहन के चपेट में आ गए।और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घायल युवकों का पैर व हांथ टूट गया। मौके से बोलेरो वाहन भागने में सफल रहा।

## लोकहित अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक हित अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन जिला मुख्यालय स्थित लिपदा में आज आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश मीडिया प्रभारी मो मजहर आलम सहित अन्य नेता शामिल होंगे। लोकहित अधिकार पार्टी नेता मुरारी साव ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनाव पर विशेष चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र से चतरा का बेटा और स्थानीय संजय स्नेही को लोकहित अधिकार पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पहली बार स्थानीय को उम्मीदवार बनाया है। इससे क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## लोक प्रेरणा केंद्र के द्वारा फुटबॉल मैच का आयोजन



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के इलेवन स्टार फुटबॉल मैदान में लोक प्रेरणा केंद्र सिमरिया द्वारा किशोरी सह महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 300 किशोरी , एसएचसजी की महिला, पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता , और आंगनबाड़ी सेविका शामिल हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिमी जिला परिषद सदस्य देवनंदन साहु ,संस्था सचिव मौसमी बाखला,अध्यक्ष अधीन महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि आज का समय बदल रहा है इस दौर में लड़कियां भी कहीं पीछे नहीं है।बस जरूरत है उन्हे अवसर देने का साथ ही संस्था सचिव मौसमी बाखला ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से हमारा यह प्रयास रहता है कि क्षेत्र की लड़कियां अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार ला पाए। वहीं संस्था अध्यक्ष अधीन महतो ने कहा कि बेटा और बेटी का समान अधिकार है लेकिन लोग अनजाने में भेदभाव करते हैं। जरूरत है कि हम इस प्रकार से भेदभाव ना करें और उन्हें समान अवसर उपलब्ध कराए ताकि वह भी अपने जीवन में बेहतर कर पाए ।वही कार्यक्रम में लड़कियों के द्वारा फुटबॉल मैच, भाषण प्रतियोगिता, 100 मीटर दौड़ और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । फुटबॉल मैच में मदर टेरेसा ग्रुप मनातु की किशोरियों ने प्रतिभा किशोरी समूह की किशोरियों को 1-0 से पराजित किया । प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को संस्था द्वारा पुरस्कृत करके उनका मनोबल को बढ़ाया गया। अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के कार्यकर्ता प्रतिमा, सरोज, कविता, अनीता, रानी, मनीषा, प्रगति, साक्षी, भूमिका, दुलारी, रुपा ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

# भाजपा के परंपरागत वोटरों ने सुनील सिंह के उमीदवारी का कर रहा खुलेआम जमकर किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** संसदीय सीट से निववर्तमान सांसद सुनील सिंह को तीसरी बार भाजपा प्रत्यासी बनाए जाने की हो रही मांग पर भाजपा के परंपरागत और प्रबल समर्थक ने खुलेआम विरोध कर रहें है7 पथलगड़ा परंपरागत भाजपा चहेते विनय सिंह, दिलेश्वर दाँगी, मूर्ति राम दाँगी, शिव कुमार सिंह, भुनेश्वर प्रसाद, संजय दांगी, नंदकिशोर दांगी, ओमप्रकाश दांगी, जैसे कार्यकर्ता का कहना है की हमलोगों को हिंदुवादी,राष्ट्वादी भाजपा के शीर्स नेता नाजायज लाभ उठाना चाहते है। ऐसी मनमानी नहीं चलेगी नाजायज लाभ नहीं उठाये,जब की सभी को मालूम है चतरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र से सुनील सिंह रसायन शास्त्र के भाषा में रंगहीन, गंधहीन, स्वाधीन जैसा वेक्ति साबित हुवे है। अब भाजपा ने अगर सुनील सिंह को इसबार चतरा लोकसभा सीट से टिकट दिया गया तो हमलोग दुखिमन होकर नोटा मे वोट डालेंगे। इनका कहना है की स्थानीय साफ- सुथरी छवि वाले व्यक्ति जो भी हो जमीन से जुड़े को टिकट मिलेगा, तभी हमलोग भाजपा को वोट डालेंगे। इनका कहना है की क्या विचोलिया, ठीकेदार साफ-सुथरा को नाच नचा पाएगा। जैसा की ये सब नचाना चाहते हैं। यहां के बेरोजगारो का कहना है की चतरा सांसद क्षेत्र के जीतने भी प्रावेट कंपनी है और जीतने भी उधयोग है7हमलोगों को सांसद आजतक एक भी काम नहीं दिया है। और भ्रष्ट अफसरों पर अभितक अंकुश लगा नही पाया। मोदी जी का भ्रष्टाचार से मुक्ति, रोजगार, जनसमस्या का भी गारंटी फेल कर रहे हैं। ना जन समस्या को समझते है ना हीं क्षेत्र मे घुम कर समस्या को जानना चाहते है की आखिर लोग जी रहें है या मर रहें हैं। सांसद महोदय के पास अगर कोई बात लेकर जाते हैं तो उनका साफ कहना होता है की आप मोदी से बात करिए मोदी जी को वोट दिए हैं।

# सुलगते सवालः केरेडारी का कोयला टंडवा सिमरिया होते डिस्पैच क्यो?



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** झारखंड के ऐसे दो सीमावर्ती चतरा व हजारीबाग जिला है जहां कोयला ट्रांस्पोटींग को लेकर दोनों जिला का नियम कानुन अलग अलग हैं। केरेडारी व बड़कागांव रोड पर नो इंट्री लगे होने के कारण पिछले एक वर्षो से हजारीबाग जिले के चट्टीबारीयातु कोल माइंस से उत्पादित कोयला केरेडारी-बड़कागांव से ना जाकर चतरा जिले के टंडवा-सिमरिया के ग्रामीण सड़क से होकर हजारीबाग के कटकमसांडी रेलवे साइडींग तक बिना रोक टोक कोयले का ढुलाई की जा रहा है। लेकिन आज तक इस ओर स्थानीय या जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया है। नाहि टंडवा प्रखंड के किसी भी राजनीतिक पार्टी के नेता इस ओर दिलचस्पी दिखाई है। जिसके कारण ट्रांस्पोटरो की मनमानी बढ़ गई है। जिसका चर्चा बीते एक वर्षो से आम जनमानस के बीच बना हुआ है। लोग यह नही समझ पा रहे हैं कि जब केरेडारी-बड़कागांव सड़क है तो टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ से कोयला ढुलाई कर राहगीरो की जान जोखिम में क्यों डाला जा रहा है। जबकि पहले से ही मगध-आम्रपाली से उत्पादित कोयला का ढुलाई टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क से हो रही है। एक ओर जहां ग्रामीणों मे आक्रोश पनप रहा है वहीं दुसरी ओर यहां के सभी राजनीतिक दल के नेता तथा पंचायत प्रतिनिधि समेत जिला व स्थानीय प्रशासन के मौन व्रत के कारण ट्रांस्पोटर हावी होते जा रहे हैं। बताते चलें कि तीन वर्ष पहले मगध-आम्रपाली का कोयला ट्रक व हाईवा से रामगढ़ बोकारो आदि जगहों पर केरेडारी-हजारीबाग मुख्य सड़क से होकर जाती थी। उस समय दो चार हुई सड़क दुर्घटना के बाद हजारीबाग जिला प्रशासन ने केरेडारी-बड़कागांव रोड पर कोयला ढुलाई पर प्रतिबंध लगा दिया। जिसके बाद नो इंट्री तथा दुसरे जिले का हवाला देते हुए वहां के राजनीतिक दल समेत स्थानीय ग्रामीण हमेशा हावी रहे। जिसके कारण उक्त सड़क से कोयला ढुलाई आज तक पुरी तरह से बंद है। अब सवाल यह उठ रहा है कि हजारीबाग जिले मे हो रही उत्पादित कोयले का ढुलाई केरेडारी-बड़कागांव सड़क से ना होकर चतरा जिले के टंडवा-सिमरिया मुख्य पथ से क्यों हो रहा है। क्या चतरा जिले के लोगो के जीवन का कोई मोल नही है। आज बड़े पैमाने पर केरेडारी के चट्टीबारियातू कोल माइंस से उत्पादि कोयले को टंडवा के एनटीपीसी पावर प्लांट तथा हजारी बाग के कटकमसांडी रेलवे साइडिंग तक भेजा जा रहा है।

# जदयू ने चतरा लोकसभा में अपने प्रत्यासी देने की रखी मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के बाजारटांड स्थित जदयू जिला कार्यालय में पार्टी जिला कार्यकारणी समिति बैठक जिला अध्यक्ष नेजामुद्दीन कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी का विस्तार एवं लोक सभा में चुनाव में बढ़ चढ़ कर भाग लेना है। इस अवसर पर नेजामुद्दीन ने सभी कार्यकर्ता को निर्देश दिया कि सभी लोग जोर सोर से तैयारी शुरू कर दें। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चतरा लोक सभा में लोकल प्रत्याशी को जदयू पार्टी का सिम्बल दिया जाय। जिससे प्रत्याशी को विजयी बनाया जा सके। साथ ही झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष से जिला कार्यकारणी समिति ने चतरा लोकसभा से लोकल प्रत्याशी का चयन करके ही सिम्बल देने का अनुरोध किया। मौके पर रामलगन सिंह, संतोष गुप्ता, संतोष जायसवाल, वहाव अंसारी ,युगेश्वर सिंह, अब्दुल हक़, राजेन्द्र सिंह, राजीव उरांव, दीपक प्रसाद, रविंद्र चंद्रवंशी, सचिन सिंह, राजेश पाठक, कुलदीप सिंह, इजराफिल आलम, मुनेश्वर सिंह ,धर्मदेव राम, राजकुमार बैठा, महेंद्र सिंह, संजय ठाकुर, कमलेश उरांव, रामदेव सिंह, झूमर लोहरा, विजय प्रसाद, उपेंद्र भूइयां, हेमलाल भूईयां, रंजन प्रसाद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# बरवाडीह में बिछ रहा सड़कों का जाल : रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने एक बार फिर करोड़ों की लागत से सड़क निर्माण एवं मरम्मती कार्य प्रखंड क्षेत्र में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चार सड़कों के मरम्मती कार्य का भूमिपूजन विधिवत नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र मे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, डीएमएफटी मद अंतर्गत सड़क मरम्मत एवं पुल पुलिया का काम किया जा रहा है। उ्होने कहा कि हमारी कोशिश हमेशा से रही है कि हम अपने विधानसभा क्षेत्र के कोने कोने और सुदूरवर्ती इलाकों में सड़कों का जाल बिछ देने की। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क और पुल पुलिया निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसके लिए संवेदक को आगाह कर दिया गया है। कहा कि संवेदक कार्य में लापरवाही, अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सड़क मरम्मती कार्य के संबंध में बताया कि संवेदक द्वारा निर्धारित समय पर जल्द ही शुरु की जाएगी। ग्रामीणों की जिम्मेवारी है कि सड़क मरम्मती कार्य मे नजर बनाए रखेंगे ताकि सड़क मे कोई गडबड़ी नही हो। बता दें कि रविवार को बरवाडीह आर्युवैदिक औषधालय के समीप शिव कुमार जयसवाल के घर से संत क्लारेट स्कूल होते हुए लुहूर तक, आरयू रोड बहेरा टॉड से मुरु स्कूल होते हुए बेतला फोरेस्ट तक, छिपादोहार के बरीदोहार सड़क, और पोखरी से कुशहा बथान तक सड़क मरम्मती कार्य शामिल हैं। मौके पर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल सिंह बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, तेतर यादव, राजद महासचिव अजय चंद्रवंशी, समाजिक कार्यकर्ता शिवानंद तिवारी, समसुल अंसारी, सलीम अंसारी, एनामूल अंसारी, एसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रविंद्र राम, राजदीप उर्फ रिकी, अजीत कुमार, ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस राज गुप्ता समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## संस्कृति बचाओ धरोहर कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत के ग्राम दुगिला में पारंपरिक स्वशसन पड़हा व्यवस्था के तत्वावधान में लातेहार धूम कुड़िया स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संस्कृति बचाओ धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलग अलग सामाजिक संगठनों से जुड़े कई सामाजिक कार्यकर्ता पड़हा दीवान, जिला पड़हा राजा, स्थानीय विधायक लातेहार बैजनाथ राम मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, जिला परिषद सदस्य बिनोद उरांव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, ग्राम प्रधान प्रखण्ड पड़हा राजा शुकु उरांव, समाजसेवि नरेश उरांव, रिझू उरांव इचाक मुखिया शशि कुजूर, छात्र नेता रमेश उरांव, कमलेश उरांव, महेंद्र उरांव, अरुण उरांव आदि सैकड़ों लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## गायत्री शक्तिपीठ का उद्देश्य है मनुष्य में देवता का उदय : विरेन्द्र प्रसाद



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चनंडीह गायत्री प्रज्ञा कुंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार का बैठक हुआ।जिसमें पलामू प्रमंडल जोन से राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, प्रमुख सुशील प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान प्रज्ञा कुंज गायत्री परिवार कि व्यवस्था पर सभी लोगों का विचार लिया गया। तथा गायत्री परिवार के उपदेश को पूरा करने के लिए संकल्प लिया गया, नशा मुक्ति मुंडन संस्कार 16 संस्कार करने की बात बताया गया। इस अवसर पर कौशल शर्मा, सुशिल प्रसाद यादव पलामु जोन प्रमुख, राजेन्द्र प्रसाद जयसवाल, बलराम सिह, रितेश कुमार, निकु, दिलेश्वर यादव, बबन पासवान, अरविंद पाण्डेय, संदीप प्रसाद, प्रकाश गुप्ता, संचित प्रजापति, अनिता देवी, उर्मिला देवी, पुष्प वर्मा, विरेंद्र प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को दिया गया तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण दिया गया, मास्टर ट्रेनर सत्यानन्द शुक्ला व विनिता कुमारी ने प्रशिक्षु वार्ड सदस्यों को भारतीय संविधान में प्रदत उनके अधिकार, सविधान के 73 वें संशोधन के बाद ग्राम पंचायत को प्राप्त शक्तियों और उसका उपयोग, अधिकारो व कर्तव्यों को अवगत कराते हुए ग्राम सभा से सम्बन्धित सभी आवश्यक नियम की जानकारी दी गयी. जैसे -ग्राम सभा का कोरम, ग्रामसभा बैठक की प प्रक्रिया,ग्रामसभा की अध्यक्षता, ग्राम पंचायत की सरंचना, पंचायत कार्यकारिणी, समाज मे महिलाओं की स्थिति ग्राम स्तर के स्थायी समितियो, पंचायत स्तर पर स्थायी समितियो, वार्ड सदस्य का मानदेय, ग्राम पंचायत के मुद्दे व विकाश सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी साथ ही अपने पद के अनुसार कार्यो ओर कर्तव्यों का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगो मे आसानी से समझ बनाने हेतु प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी आवश्यक टॉपिक पर लघु फिल्म प्रदर्शित किया गया. ।प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रशिक्षणार्थियों को समाजिक मुद्दे व समाज मे महिलाओं की वर्तमान परिस्थिति की समझ विकसित करने के उद्देश्य से समाजिक मुद्दो पर आधारित मृत्युदंड फिल्म दिखाई गयी और उस पर परिचर्चा की गई। मौके पर उपस्थित पंचायती राज्य प्रखंड समन्वयक पंकज पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों को तीन बैच मै प्रशिक्षण दिया जा रहा है, प्रथम बैच का प्रशिक्षण आज समाप्त हुआ, इस वैच मे बालुभांग, डाढा, व फुलसु पंचायत के कुल 36 वार्ड सदस्य मे से 30 वार्ड सदस्य प्रशिक्षण में शामिल हुए. द्वितीय वैच का प्रशिक्षण 09,10,व 11मार्च को होगा, जिसमें अमरवाडीह, शिबला और टोटी पंचायत के वार्ड सदस्य सामिल होंगे तथा तीसरा व अंतिम बैच 12,13, व 14 मार्च को होगा जिसमें साल्वे, बारियातु व गोनिया पंचायत के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य प्रशिक्षण लेंगे।

# सड़क निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

**ग्रामीणों के शिकायत पर निरीक्षण में पहुंचे जिपस विनोद उरांव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के पंचायत पोचरा ग्राम ललगड़ी से बिचली दाग पोही तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कराया जा रहा है जिसमें भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव से शिकायत की है। शिकायत मिलते ही जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, स्थानीय मुखिया रामजीत सिंह द्वारा सड़क निर्माण का निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य में अनियमितता पाकर निरीक्षण लोगों ने रोष व्यक्त किया। ज़िप सदस्य श्री उरांव ने कहा कि पुराने सड़क को बिना कबाड़े उसी में मैटेरियल डालना, बिना ढलाई किये बड़ा होम पाइप बैठना। गार्डवाल में गुणवत्ता युक्त मैटेरियल का नहीं लगाना साथ ही मजदूरों को उचित मजदूरी नहीं देना यह भ्रष्टाचार को दर्शाता है। ऐसे संवेदक पर जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई अवश्य होना चाहिए। आगे उन्होंने बताया कि मजदूरों को 250 रुपए मजदूरी मिल रहा है जबकि सरकारी दर 352 है।इस संबंध में श्रम अधीक्षक लक्ष्मी कुमारी से बात किया गया। लक्ष्मी कुमारी ने जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने तथा मजदूरों को उचित मजदूरी दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं कार्यपालक अभियंता अवधेश राम ने कहा कि यदि प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है तो निश्चित रूप कानूनी कार्रवाई कि जाएगी और आगे कि काम हमारे मौजूदगी में कराया जाएगा।

प्रभात मंत्र



## भव्य कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ श्रीगणेश

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिन्दूर स्थित बुन्देल नगर में नवनिर्मित शिव शक्ति महायज्ञ - सह - शिव परिवार दुर्गाजी एवं हनुमतलला का कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय प्राण- प्रतिष्ठा यज्ञ का श्रीगणेश रविवार को हुआ। नवनिर्मित शिवमंदिर से 501 कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर गाजे-बाजे एवं पारंपरिक परिधानों से लैस होकर भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। महिलाओं ने गेरुआ वस्त्र एवं पुरूषों ने भगवा गमछा एवं माथे पर हर हर महादेव व जय श्री राम का पट्टा धारण कर जमकर भगवत जयकारा लगाया।कलश यात्रा में सिन्दूर , बुन्देल नगर , सारले से पुरुष - महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर बुन्देलनगर से चलकर उत्तरवाहिनी सेवाने नदी से जल लेकर पुनः नवनिर्मित शिवमंदिर आकर कलश यात्रियों ने कलश रखा।उसके बाद विधिवत ध्वजारोहण, संध्या आरती, प्रवचन एवं पूर्णाहुति हुआ।यज्ञ समारोह के संरक्षक राम मुनि सिंह हैं। यह कार्यक्रम 10 मार्च से शुरू होकर 14 मार्च तक चलेगा। 10 मार्च (रविवार) को भव्य जल यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, कर्मकुटीर , आरती भोग वितरण कार्यक्रम , 11 मार्च (सोमवार) को बेदीपूजन, मंडप पूजन, जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं रात्रि में प्रवचन, वहीं 12 मार्च (मंगलवार) को मंडप पूजन , अग्नि स्थापना, हवन आरंभ, फलाधिवास, पुष्पानिवास, आरती भोग वितरण, नगर भ्रमण एवं मूर्ति की स्थापना के साथ रात्रि प्रवचन किया जाएगा। वहीं 13 मार्च (बुधवार) को वास्तु पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, शक्ति समाहन, हवन , आरती, भोग वितरण एवं रात्रि में प्रवचन कार्यक्रम है। 14 मार्च (गुरुवार) को मंडप पूजन , आवाहित देवताओं का हवन , 2 बजे तक पूर्णाहुति एवं भंडारा का कार्यक्रम किया जाएगा । वहीं 15 मार्च दिन (शुक्रवार) को रात में भक्तिमय माहौल में जागरण का कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से कराया जाएगा। इस भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आचार्य प० अवध किशोर द्विवेदी जो कि बनारस से हैं , प्रवचनकर्ता के रूप में शत्रुघ्न पाण्डेय (पश्चिम बंगाल) , मोना सिंह उत्तर प्रदेश मुख्य रूप से कार्यक्रम में भक्तों को भक्तिमय माहौल का रूप प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में बुन्देलनगर के सभी महिला व पूरूष मुख्य रूप में शामिल रहे। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व महापौर आनंद देव, युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा, जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा सहित कई गण्यमान्य लोग शामिल रहे।

## लोकसभा चुनाव के नए समीकरण की तलाश में यशवंत सिन्हा से मिल रहे हैं विपक्षी खेमे के कई नेता

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा से उनके आवास ऋषभ वाटिका, डेमोटांड़ में रविवार को रामगढ़,भुरकुंडा तथा मांडू सहित हजारीबाग ,बरही क्षेत्र से हर वर्ग के नेताओं का लगातार मिलने का तांता लगा हुआ है। मिलने वालों की यही मनसा है कि श्री सिन्हा लोकसभा का चुनाव लड़े।हम सब आपके साथ हैं। यशवंत सिन्हा जी का ऐसा व्यक्तित्व है कि उनको लोकसभा की जनता अब उनकी ओर आशा भरी नजरों से देख रही है कि कब आप हम सबका नेतृत्व करने को तैयार हों और इस विषम परिस्थिति से हम सब को उबारें।सभी की एक ही मांग है कि आप चुनाव में भाग लें,आपकी जीत सुनिश्चित है। आगंतुक प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने यशवंत सिन्हा से खुलकर बिना किसी के दबाव में अपना विचार उनके समक्ष प्रकट कर अपना पूर्ण समर्थन देने की बात कर रहे हैं। लोग दलगत भावना से ऊपर उठकर उन्हें चुनाव में भाग लेने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। मुख्य रूप से आज मिलने वालों में नारायण चंद्र भौमिक,प्रकाश मिश्रा, देवेंद्र सिंह,भोला सिंह कुशवाहा,संजय सिंह हजारीधमना, हुपाद के मुखिया बिनोद जी, मो अख्तर, मो परवेज, मो मजहर, मुन्ना खान, मो जशीम,जुबेर खान,अजमत मल्लिक,पूर्व लेबर कमिशनर शहनवाज खान, मो इरफान सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए। उक्त जानकारी अनिल सिन्हा ने दिया।

## बाबा के दरबार में सभी इच्छा पूरी होती है : रितेश खण्डेलवाल

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रभु श्याम के प्रेमियों का तीर्थस्थल राजस्थान के रींगस से 21 किलो मीटर दूर स्थित खाटू श्याम का भव्य मंदिर स्थापित है जहां पर मंगलवार से फागुन लक्खी मेला प्रारंभ हो रहा है, बाबा के भव्य दरबार का दीदार करने देश सहित विदेशों से अनेकों श्याम प्रेमी पहुंच रहे है। उसी क्रम में हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी सह पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने बड़े भाई प्रेस क्लब हजारीबाग के कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद खण्डेलवाल सहित परिवार जनों के साथ बाबा श्याम के भव्य मंदिर का दीदार किया,हजारों की भीड़ में बाबा श्याम का दीदार कर शहरवासियों के सुख,शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की। वही भव्य मंदिर से पूर्व भव्य तोरण द्वार के समक्ष कई श्याम प्रेमियों ने अपनी आकर्षक तस्वीरों के साथ श्याम मंदिर के सुनहरे पल को साक्षी बना रहे थे। भव्य तोरण द्वार के समक्ष श्याम प्रेमी दूर-दूर से आए अपने निशान को हाथों में लेकर आकर्षक तस्वीर एवं तोरण द्वार को प्रणाम करते नजर आए। तोरण द्वार के समक्ष एक आकर्षक रूप राधा कृष्ण जी की अवतार श्याम प्रेमी सभी को आकर्षित कर रहे थे। साथ ही सभी अबीर गुलाल लगाकर सभी को होली के अग्रिम शुभकामनाएं दे रहे थे। रितेश खंडेलवाल ने बताया कि बाबा श्याम का भव्य मंदिर देश के अनेकों जिलों में स्थापित है फागुन के महीने में देश के विभिन्न राज्यों के मंदिरों में अनेकों कार्यक्रम आयोजित की जाती है उसी कार्यक्रम के बीच अपने शहर हजारीबाग में भी विभिन्न को कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। साथ ही कहा कि बाबा श्याम का मंदिर पिछले दिनों से वर्तमान स्थिति में काफी अद्भुत नजर आया सुरक्षा दृष्टिकोण और आवागमन को लेकर काफी अच्छी सुविधाएं दी गई है।

## डांड़ पंचायत में क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच का हुआ आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड अंतर्गत डांड़ पंचायत के पिछड़े गांव पबरा में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा थे। उन्होंने मैच समारोह में अपने संबोधन में खिलाड़ियों और क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति काफी उर्जा भरा। श्री अजमेरा को युवाओं के साथ मैच देखने के दौरान उन्हें अपनी पुरानी यादें ताजा हुई और उन्होंने भी दो ओवर का मैच खेला। वे स्थानीय युवाओं के साथ खेल के मैदान में उतरकर युवाओं में काफी ऊर्जा भरा और उनका हौसला बढ़ाया। समाजसेवी श्री अजमेरा जैसे ही मैदान में उतरे युवा खिलाड़ियों का जोश काफी हाई हो गया। उनके खुशियों का ठिकाना नहीं रहा और युवा खिलाड़ियों के साथ अजमेरा ने बल्ला पड़कर दो ओवर की बैटिंग भी की। स्थानीय युवाओं व खिलाड़ियों के बेहतर खेल प्रदर्शन की तारीफ करते हुए उन्होंने हौसला अफजाई भी की। उन्होंने स्थानीय युवाओं को इस बात को लेकर भी आस्वस्त किया कि आप हर तरह के खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें आपके सहयोग में हम हर वक्त तत्पर हैं। हर्ष अजमेरा के साथ सूरज दीक्षित, धीरज जैन, हनी सिंह आदि भी थे। समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है। इसको गुमला के रॉबिन मिंज ने साबित कर दिया है। रॉबिन मिंज से हर एक ग्रामीण युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। कहा जिस तरह गुमला के रॉबिन मिंज ने अपने आप को आईपीएल में साबित कर झारखंड का नाम रोशन किया। उसी तरह एक दिन हजारीबाग के भी युवा बढ़ चढकर अपने हर खेलकूद के क्षेत्र में जिला, राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे। मौके पर जिला परिषद सदस्य विजय सिंह भोक्ता, डांड़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद इरशाद, शाहपुर मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव सुमेत भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### धनवार पंचायत में नव जागृति युवा मंडल ने एक दिवसीय किसान जागरूकता संगोष्ठी का किया आयोजन

# किसानों को खेती से सम्बंधित जानकारी रहने पर होगा आर्थिक लाभ : राजेन्द्र प्रसाद





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के धनवार पंचायत भवन में नव जागृति युवा मंडल के बैनर तले किसान जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान जागरूकता संगोष्ठी में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, महिला समाजसेविका ममता देवी, पंसस संतोषी कुमारी, बरही कृषि पदाधिकारी समीर कांत रंजन, उपमुखिया दामोदर वर्मा, बिरसा कृषि प्रक्षेत्र के वैज्ञानिक देवकुमार यादव, ब्रजेश कुमार, नव जागृति युवा मंच से सुधीर प्रसाद वर्मा, मुकुल मुरारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीपप्रज्वलित कर किसान संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर प्रसाद वर्मा ने किया। अतिथियों को नव जागृति युवा मंडल ने शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर स्वागत किया। विभाग के कर्मियों एवं किसानों को संबोधित करते हुए मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि किसान आत्मनिर्भर कैसे बनें, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। किसानों को अपनी जमीनों को अधिक उपजाऊ बनाना होगा। मुखिया ने कहा कि हम सभी कड़ी मेहनत करते हैं फिर भी कृषि से मुनाफा काम चलाने भर ही निकलता है। कहा कि किसानों और कृषि संबंधित आज जो भी समस्या है उसका सबसे बड़ा कारण किसानों को फसलों की समस्या की सही जानकारी का अभाव और समय रहते हुए उचित उपचार नहीं होने के कारण हो रही है। इसके लिए उन्हें जागरूक होने की आवश्यकता है। संगोष्ठी में जलवायु परिवर्तन और कृषि सलाह पर जोर दिया गया। वहीं कृषि विशेषज्ञों खेती की बारिकी को समझाया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुशवाहा, नव जागृति युवा मंच से सुधीर प्रसाद वर्मा, मुकुल मुरारी, रीतलाल प्रसाद वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर रंजन कुमार, बिंदु देवी, नरीमन खातून, किरण देवी, समीना खातून, जुलेखा खातून, पिंकी देवी, सुधा देवी, बबिता कुमारी, रेहाना खातून, सबिया खातून, पुष्पा देवी, रुखसाना खातून, रूपरेखा देवी, प्रियंका देवी, मोनिका देवी, बेला देवी, सलमा खातून, आशा कुमारी, सरिता देवी, विमला देवी, टेकनी देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, शांति देवी, रूबी प्रवीण, शकीला खातून, कुंती देवी, आशिया प्रवीण, आबदा खातून, सबीना खातून, संगीता देवी, सरिता देवी, यशोदा देवी, आसमा खातून, पिंकी देवी, कुसुम देवी, किरण देवी, कौशल्या देवी, वीणा देवी, कांति देवी, लालधारी प्रसाद, नागेश्वर प्रसाद, राजू प्रसाद, उमेश यादव, विक्की साव, राजेश ठाकुर, प्रमेश्वर ठाकुर सहित सैकड़ों महिलाएं एव पुरुष उपस्थित थे।

## सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र बलोदर में महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बड़कागांव मध्य जिप सदस्य सुनीता देवी उपस्थित हुई। सुनीता देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की जिस तरह से हर वर्ग से हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी पहचान को बना रही है वो दिन दूर नही जब महिलाओं का पूरी तरह से बोल बाला होगा। महिलाएं हर क्षेत्र में देश का मान और शान बढ़ा रही है। मौके पर मुख्य रूप से विजय कुशवाहा, जगदेव गंझू, भुनेश्वर गंझू, प्रयाग गंझू, खेमलाल गंझू, राजू गंझू, कोशिल्या देवी, यशोदा देवी, बसंती देवी, शांति देवि, किरण देवी, सबिता देवी, रूपा देवी, फुल कुमारी सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

## श्री श्री हनुमत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का निकला भव्य जल यात्रा





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत रानीचुवां पंचायत ग्राम महुगढ़ा स्थित झंडा मिलन मैदान में श्री श्री 1008 श्रीरामचरितमानस न्वाहपरायण सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ का जल यात्रा रविवार को गाजे बाजे के साथ निकाली गई। जिसमें भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए। मौके पर मुख्य रूप से पहुंचे बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला एवं पुर्व विधायक सह भाजपा नेता मनोज कुमार यादव ने श्रद्धालु महिलाओं एवं कन्याओं को कलश देकर यज्ञ स्थल से जल यात्रा का शुभारंभ किया। श्रद्धालु महिलाओं ने रानीचूवां छठ घाट नदी से वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश में जल भर कर विभिन्न गांव का भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे, जहां विधि विधान के साथ यज्ञ आरम्भ किया गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक,उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, पुर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम, भाजपा नेता अर्जुन साव, मुन्ना यादव, मुखिया अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया मूर्ति, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमाहा मुखिया नारायण यादव,राजद बरही प्रभारी नेत्री पूनम यादव,भुनेश्वर यादव,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र टुड्डू, पुर्व मुखिया दशरथ यादव, अर्जुन यादव,रामप्रसाद यादव, गाजो टुड्डू,,लखराज यादव, महाबीर यादव,,राजू बास्के, धनेश्वर मंडल, योगेंद्र यादव, रामचंद्र यादव,संजय यादव, अनिल यादव प्रदीप यादव अनिल सोरेन, अनीश यादव, विजय यादव, अजय यादव, राजू यादव, जागेश्वर करमाली, संदीप यादव, गिरधारी यादव, सतीश यादव, जगलाल यादव, निकेश यादव, अशोक यादव, सुधीर यादव, मंजीत यादव, छात्रधारी यादव, मूर्ति यादव, दिनेश गोप, लालधारी यादव, लच्छू यादव, सचिन यादव, राजेश यादव, पंकज यादव एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजाराम बेसरा,उपाध्यक्ष मनोज यादव, सचिव लखन प्रसाद, कोषाध्यक्ष सुनील यादव, सह कोषाध्यक्ष संतोष मंडल, मंच संचालक रामप्रसाद यादव सहित कई राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का स्नेह संवाद कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** रविवार को चुरचू प्रखण्ड अंतर्गत सामुदायिक भवन लाल बंगला चरही में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का स्नेह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक जिला मंमंत्री विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी एवं मंच संचालन मुजफ्फर हुसैन ने किया। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनवर हयात, प्रदेश महामंत्री ताजदार आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद तनवीर अहमद, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला महामंत्री विनीत जैन, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नसीम अख्तर, मुजफ्फर हुसैन, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष अबुतला हाशमी, चुरचू प्रखण्ड के प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,भाजपा चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह,भाजपा महिला मोर्चा के विधायक प्रतिनिधि बीना मिश्रा, समिति सदस्य शक्ति देवी ,महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष आशा राय, अल्पसंख्यक मोर्चा के डाडी मंडल अध्यक्ष हसनैन अंसारी,शरीफ , इम्तियाज अंसारी,मुमताज सफी,अल्पसंख्यक मोर्चा के चूरचू मंडल अध्यक्ष के रूप में सदस्यता ग्रहण लिए मोहम्मद ताहिर अंसारी, तय्यब अंसारी,मोहम्मद अलाउद्दीन अंसारी,अरबाज अंसारी, तबरेज अंसारी,आलम अंसारी , सहित सैकड़ों महिला पुरुष बुद्धिजीवी एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।।

## विष्णुगढ़ थाना प्रभारी ने किया बीपीएल सीजन-1, डे-नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के पल्स टू उच्च विद्यालय में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह के द्वारा डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। मैच का आगाज एम्बिशन पब्लिक स्कूल के बच्चों के द्वारा खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत कर किया गया। मैदान में सबसे पहले धरमपुर और बगोदर की टीमें उत्तरी इन दोनों टीमों के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ लेकिन अंत में बगोदर की टीम विजय हुई। उसके बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी बनासो और बंदखारो की टीम जिसमें बनासो की टीम विजय हुई । बताते चले की इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें धर्मपुर, बगोदर,बनासो,बंदखारो, नरकी भेलवारा, हजारीबाग, कोडरमा रामपुर, चिलगो, पेटरवार, सरिया विष्णुगढ़ ,चानो, इसरी आदी टीमों ने इस क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया। रात भर चले इस मुकाबले में पेटरवार ,बनासो, चिलगो और इसरी की टीम सेमीफाइनल में पहुंची इन चारों टीमों के बीच बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ अंत में पेटरवार और बनासो की टीम फाइनल में जगह बनाई। यह फाइनल मैच अगले रविवार को खेला जाएगा। इस मैच को सफल बनाने में विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, रंजीत रजक, अमरदीप कुमार वर्मा, सुनील कुमार प्रजापति,आशीष सिंह, ओम कुमार प्रजापति आदि का सहयोग रहा। मैच के दौरान मौके पर एम्बिशन पब्लिक स्कूल के संचालक विवेक कुमार, शेखर सुमन,अवधेश कुमार,आशीष कुमार,अनुप कसेरा, शुभम कुमार,राजू वर्मा,कुंदन कसेरा, गणेश राम,अभय कुमार वर्मा, गंगाधर महतो,संतोष कुमार, राहुल कुमार, मनोज वर्मा आदि काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## चोरी कर भाग रहे ट्रेक्टर चोर को बरही पुलिस ने धर दबोचा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही पुलिस के गस्ती दल ने एक ट्रैक्टर सहित ट्रेक्टर चालक को धर दबोचा। जिसके बाद बरही थाना के द्वारा रफीगंज थाना को अग्रेतर करवाई के लिए सुपुर्द किया गया। बताया गया कि बिहार गया रफीगंज थाना क्षेत्र से ट्रेक्टर (बीआर 26 जीबी 6267) को एक युवक चोरी कर भाग रहे थे, जिसकी सूचना रफीगंज के द्वारा बरही थाना को मिली। सूचना के आधार पर ट्रेक्टर सहित चोर को पकड़ा लिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रेक्टर में आगे और पीछे नंबर भिन्न है। गस्ती दल में बरही थाना के एएसआई पचु किस्कू एवं सशस्त्र बल थे।

## एनएच-522 पर चलती ट्रक में लगी आग, लाखो का सामान खाक

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हज़ारीबाग-बगोदर मार्ग एन. एच-522 पर लाडली रोडवेज की आईसर ट्रक,पंजीयन संख्या-जे एच10 सी क्यू 4076 पटना से राँची की ओर जा रही थी। पटना से रांची जाने के क्रम में विष्णुगढ़ चलनिया के पास ट्रक में आग लग गई।ट्रक चालक मो.असलम ने बताया कि एक मोटरसाइकिल चालक ने ओवर टेक कर बताया कि आपके ट्रक के पीछे से धुआं निकल रहा। ट्रक चालक ने तत्काल ट्रक रोककर जाँच की तो पाया कि ट्रक में पीछे आग लगी है।इस पर ट्रक चालक ने अपने मालिक को फ़ोन पर इस घटना की जानकारी दी,फ़ोन पर मालिक ने तुरन्त सुझाव देते हुए कहा कि दमकल की गाड़ी आने में वक्त लगेगा आप,ट्रक लेकर निकट के किसी कार वासिंग करने वाले के पास जाएँ। ट्रक चालक ने स्थानीय लोगो से जानकारी लेते हुए आनन-फानन में ट्रक को जमुनिया डैम स्थित स्टार कार वॉशिंग सेंटर में लेकर पहुंचा। जहां स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया इस दौरान विष्णुगढ़ थाना के पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में सहयोग करते दिखे। ट्रक कन्टेनर में बजाज इलेक्ट्रॉनिक सामान था, जिसमें 50त्न सामान बचाने में सफल हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर थोड़ा और देर हुआ होता तो सामान के साथ-साथ जान की भी नुकसान हो सकती थी,ड्राइवर के सुझबुझ से बड़ा हादसा टल गया।

## हाइवा की चपेट में आने से महिला की मौत, डस्ट लेकर जा रहा था हाइवा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो मोड़ के पास घर से अस्पताल जा रही महिला को डस्ट लदा हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक महिला 42 वर्षीय राजेश रविदास की पत्नी शकुन्ती देवी डपोक की रहने वाली है। परिजनों ने बताया कि महिला मोटरसाइकिल से अस्पताल जा रही थी इसी बीच हाइवा संख्या जेएच 02 एएक्स 9341 ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। महिला के साथ बाइक चला रहा युवक को किसी प्रकार का कोई चोट नहीं लगा है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाइवा में डस्ट लादकर सड़क निर्माण करा रही कंपनी निर्माण कार्य में लगा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन शव के साथ सड़क पर बैठ गए और मुआवजे की मांग को लेकर संवेदक को घटना स्थल पर बुलाने की मांग करने लगे। खबर लिखे जाने तक परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अड़े रहे। प्राप्त सूचना के अनुसार सड़क निर्माण बरकट्ठा के संवेदक ज्योति इंटरप्राइजेज द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, जेबीकेएसएस युवा नेता कृष्णा यादव, एआईएमआईएम विस प्रभारी सूरज दास, रंजीत यादव, पूर्व मुखिया दसरथ यादव, उमेश यादव, अर्जुन पासवान, केदार राणा, अनिल रविदास, संजय पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल समर्पण समारोह का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन रोड अवस्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के समर्पण समारोह का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डीएसपी अमल अजीत कुमार सोरेन सहित कई गणमान्य लोगों ने शामिल होकर समर्पण समारोह का शुभारंभ किया।समर्पण समारोह में हज़ारीबाग तथा झारखंड के सम्मानित डॉक्टरों व मेहमानों का स्वागत किया गया। संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल की टीम ने साथ मिलकर अपने सेवा की प्रतिज्ञा ली। अनुभवी डॉक्टरों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल टीम के द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य देखभाल प्रदान किया जाएगा।संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल श्रीनिवास सर्वमंगलम के सहयोग से संचालित होगा। अस्पताल में इमर्जेंसी, आईसीयू, एनआईसीयू, बर्न डिपार्टमेंट, अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी एवं अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। जननी स्वास्थ्य योजना के तहत अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी मुफ्त होगा। यहाँ जन्मी सुकन्या को जननी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत 18 वर्ष तक मुफ्त परामर्श, दवा, ऑपरेशन, बेड चार्ज और टीकारण का लाभ मिलेगा। बालकों को इस योजना के तहत जन्म लेने वाले बालकों को 5 वर्ष तक परामर्श, दवा, ऑपरेशन, बेड चार्ज और टीकारण मुफ्त होगा। मौके पर विशेष रूप से डॉ अमित अमर सोरेन, निपम खलखो, डॉ प्रवीण श्रीनिवास, रोली गुप्ता, डॉ प्रो रंजीत कुमार, डॉ रिंकी यादव, डेंटल सर्जन, डॉ आर.के. अग्रवाल एवं डॉ. समीर कुजूर सहित अस्पताल की पूरी टीम शामिल रही।

## ग्लोरियस पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महेशरा स्थित ग्लोरियस पब्लिक स्कूल मे शनिवार को इंटर स्कूल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कई विद्यालयो के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में शामिल सभी विद्यालयों के बच्चों ने दो ग्रुप नृत्य और एक सोलो नृत्य प्रस्तुत किया। जज के रूप में दर्शक, बच्चो के अभिभावक, दूसरे विद्यालय के शिक्षक को बनाया गया। प्रतियोगिता समापन के बाद जजों ने परिणाम की घोषणा की जिसमें ग्लोरियस पब्लिक स्कूल पहले पायदान, रनर अप सनराइज पब्लिक स्कूल रहा। वही पहला विजेता को 551 रुपए नगद पुरस्कार , ट्रॉफी मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया तथा रनर अप स्कूल को 151 रुपए नगद पुरस्कार , मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को लेकर दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों ने इस अनूठे कदम की सराहना की ओर कहा की ऐसी प्रतियोगिता से बच्चे किसी भी मंच पर अपने आप को उभार पाते है जिससे इसके मानसिक तनाव में भी कमी आती है। मौके पर संचालक सह प्राचार्य रेणु कुमारी ,उप प्राचार्य धीरज कुमार शिक्षक पवन देव, महेश पांडे प्रिया कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा विश्वकर्मा अधिकार रैली : विकास राणा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में रविवार को आयोजित की गई। अध्यक्षता त्रिवेणी राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष निर्मल राणा, नव झारखण्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष किशोरी राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा उपस्थित हुई। बैठक में आगामी 18 फ़रवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान में आहूत विश्वकर्मा अधिकार रैली की समीक्षा की गई एवं हज़ारीबाग जिला स्तर पर होली मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि 18 फ़रवरी को राँची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित विश्वकर्मा अधिकार रैली विश्वकर्मा समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## गरीब असहाय के बिच चाय नस्ता का वितरण किया गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा साप्ताहिक बाजार में असहाय गरीबों के बीच चाय नाश्ता का वितरण किया जाता है जो लगभग पिछले दो साल से निरंतर जारी है । रविवार साप्ताहिक बाजार में दातुन, दोना, पत्तल बेचे वाले असहाय गरीबों के बीच चाय नस्ता निस्वार्थ भाव से बाटा जाता है। उदय स्वर्णकार के नेतृत्व में गरीबों के बीच चाय नाश्ता का सेवा दिया जाता है गरीब समाजसेवी संघ की ओर से तमाम संस्था के सदस्यों के सहयोग से यह कार्य किया जाता है संस्था मे विनोद कुमार, राजन वर्मा, पप्पू वर्मा, विनोद सोनी, राजू कुमार, रोहिणी देवी, बबीता देवी, मधु श्रीवास्तव, विजया लक्ष्मी लीला मैडम सुभाष करमाली दिनकर कुमार एवं अन्य लोगों के सहयोग से यह कार्य किया जाता है।

## जेबीकेएसएस के बैनर तले पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड अंतर्गत बारीडीह पंचायत में जेबीकेएसएस के बैनर तले पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया। पतरातू प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में जा जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं और लोग हमारे साथ जुड़ते भी जा रहे हैं।यहां भी लोगों ने आश्वासन दिया कि हम भी जयराम दा के साथ है।आनेवाले लोकसभा चुनाव में हमारा वोट जेबीकेएसएस को ही जाएगा।कमिटी के संरक्षक मंगेश बेदिया,अध्यक्ष उमेश बेदिया,उपाध्यक्ष श्यामलाल ठाकुर एवम नेहा कुमारी,सचिव रामदेव बेदिया,सह सचिव पिंटू बेदिया,कोषाध्यक्ष रविन्द्र बेदिया,मीडिया प्रभारी छोटू बेदिया एवम संगठन सचिव बबलू बेदिया बनाए गए। बैठक में मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया गिरिशंकर महतो,उमेश महतो,संजीव साहू,श्याम सुंदर महतो,अंजन कुमार महतो,दिलीप बेदिया,आर्यन टोप्पो,सुरेंद्र महतो,शोभा कुमारी, पारो देवी, मनिता कुमारी,नमिता देवी,गीता कुमारी,मालती देवी, विगन बेदिया,,पिंटू बेदिया,श्यामलाल ठाकुर,रामदेव बेदिया आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिहार कोलयरी कामगार यूनियन सिरका परियोजना में 17 सूत्री मांगों को लेकर आज करेगा धरना प्रदर्शन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के सिरका परियोजना कार्यालय के समक्ष कल सोमवार को बिहार कोलयरी कामगार यूनियन (सीटू) के शाखा सिरका के द्वारा 17 सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा. इस संबंध में बीसीकेयू सिरका शाखा सचिव शत्रुधन बेदिया, उपाध्यक्ष अशोक बेदिया ने प्रबंधन को धरना प्रदर्शन संबंधी पत्र सौपा हैं। अवसर पर बीसीकेयू उपाध्यक्ष अशोक बेदिया ने बताया कि सीसीएल सिरका-अरगड्डा में लगातार अवैध रूप से क्वार्टर कब्जा, सीसीएल के जमीनों पर अवैध निर्माण, कामगारो के सेफ्टी, सीसीएल एरिया में पेड़ कटाई, ग्रामीण क्षेत्रों में सीएसआर से मिलने वाले लाभ, लोकल सेल सिरका से जुड़ी बातो को लेकर आंदोलन होगा। इसमें बीसीकेयू के अरगड्डा क्षेत्रीय व सिरका शाखा सदस्य भाग लेंगे।

## सुरक्षा विभाग में दामोदर नदी चेक पोस्ट मुख्य सड़क पर लगाया बैरियर



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दामोदर नदी गिद्दी पुल के समीप चेक पोस्ट मुख्य सड़क पर रविवार को सुरक्षा विभाग के द्वारा बैरियर लगाया गया। इस संबंध में सीसीएल सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि गिद्दी पुलिस के निर्देश पर बैरियर लगा हैं। मौके पर सुरक्षा प्रहरी शंकर मदन आदि उपस्थित थे।

## कैथा में होने वाले लक्की ड्रा 23मार्च को शाम तीन कैथा मोड़ में होगा



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को श्री श्री महादेव मंडा मन्दिर निर्माण समिति कैथा का बैठक मंदिर परिसर में रखी गई जिसमे मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एंव ग्रामीणों के द्वारा बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।की मंदिर कमेटी द्वारा आयोजित लक्की ड्रा आगामी 23/03/2024 दिन शनिवार को शाम 3ः00 बजे से कैथा मोड़ में किया जाएगा। वहीं कमेटी अध्यक्ष विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि यह लक्की ड्रा महाशिवरात्रि के दिन होना सुनिश्चित हुआ था लेकिन सम्पूर्ण टिकट नही बिकने के कारण समय अवधि में बढ़ोतरी कर 23 मार्च 2024 को किया गया।बैठक में मुख्य रूप वार्ड पार्षद सह मंदिर कमेटी कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, सचिव राजकुमार महतो, उपकोषाध्यक्ष चुनिलाल महतो, संरक्षक अशेश्वर महतो,सूकर महतो, दिनेश्वर महतो, बालदेव महतो, ईश्वर ओहदार, बालिसराम महतो,संदीप कुमार,संजय कुमार,मुरली महतो, बिरसाय महतो, अजय आस्था, प्रकाश महतो, गंनसू कुमार आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चाकूबाजी करने वालों को गिरफ्तार करे पुलिस अन्यथा होगा उग्र आंदोलन



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतरातु के दो युवकों पर शनिवार रात्रि पिठौरिया थाना के पास समुदाय विशेष के कुछ युवकों ने चाकू से हमला कर उन्हे गंभीर रूप से घायल कर दिया।उक्त बातों की जानकारी एक विज्ञप्ति जारी कर हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि रौनक यादव और धीरज कुमार पतरातु में पानी सप्लाई का काम करते है।शनिवार संध्या वो पिठौरिया थाना के पास से गुजर रहें थे तो कुछ समुदाय विशेष के लोगों ने उन्हें रोक कर उनका तिलक लगाना और बाइक पर जय श्री राम लिखे होने पर आपत्ति जताते हुए चाकूबाजी शुरू कर दिया। चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल युवकों को तत्काल पुलिस द्वारा रिम्स में भर्ती करवाया गया जहां अभी उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।दीपक मिश्रा ने बताया की रात्रि में हीं रांची सांसद संजय सेठ भी घायल युवकों से मिलने रिम्स पहुंचे और उनके उचित इलाज की व्यवस्था करवाते हुए पुलिस से दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने की अपील की।दीपक मिश्रा ने बताया की पिछले दिनों रामगढ़ में भी पवन यादव को एक जिहादी द्वारा चाकुओं से गोद कर मार डाला गया था और आज फिर किसी दूसरे पर हमला हुआ पर तरीका वही है।उन्होंने कहा की इस तरह की घटना समाज को उद्वेलित करती है इसलिए पुलिस इसको निपापोती करने के बजाय इस पर कड़ी कार्यवाही करे अन्यथा हम अपने हिंदू भाइयों पर आए दिन हो रहे हमलों का जोरदार जवाब देंगे।

### रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक ममता देवी ने छौ नृत्य कार्यक्रम का किया उद्घाटन

# छौ नृत्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर है इसे बचाये रखना है : ममता देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के कामता गांव में शनिवार की रात महाशिव रात्रि पूजा के शुभ अवसर पर छौ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई उनके द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।ममता देवी ने महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि की कामना की और महाशिव रात्रि पूजा की शुभकामना दी। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष और सचिव के द्वारा फूल माला देकर स्वागत किया गया। छौ नृत्य कार्यक्रम में शामिल लोगों को उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि के दिन भगवान शिव की महाशिवरात्रि पूजा मनाया जाता है।



महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष उपासना की जाती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन शिव-पार्वती विवाह के पवित्र बंधन में बंधे थे इस मौके पर हर साल मंदिरों में बड़े धूमधाम से महाशिवरात्रि पूजा का भव्य रूप से आयोजन किया जाता है तथा शिव मंदिरों को फूलों और लाइटों से सजाया जाता है।भगवान शिव की साधना सारे मनोरथ पूरे करने वाली मानी गई है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से प्रतिदिन महादेव की पूजा करता है, उस पर भगवान शिव पूरी कृपा बरसाते हैं और उसके जीवन में आ रही सारी अड़चनों को दूर करके प्रत्येक क्षेत्र में मनचाही सफलता दिलाते हैं। भगवान शिव को मृत्युंजय भी कहा गया है। इसलिए आप सभी शांतिपूर्ण तरीके से इस छौ नृत्य कार्यक्रम को देखें और इस नृत्य में दिखाएं गए विशेषताओं को अपने अंदर समाहित करने की बात कही। मौके पर गौरी शंकर महतो, मनोज करमाली, सनी दांगी,आयोजन कमेटी के अध्यक्ष देवराम साव सचिव दयानंद साव कोषाध्यक्ष चतुर्धन साव जय किशन साव सदस्य राजू करमाली खिरोधर साहब दिनेश साहू राजू साहू रिकू साव शिव करमाली कार्तिक साव मंगरु मुंडा करमा साव निर्मल करमाली सेवा लाल साव नंदलाल महतो कारू साव गंगाधर साव पवन लाल साव जय किशन साव शिबू साव तिलक साव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## श्री श्री हनुमान मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को श्री रत्नेश्वर शिव मन्दिर गोरियारी बाग रामगढ़ के प्रांगण में एक सामुहिक बैठक का आयोजन किया गया।जिसका मुख्य उद्देश्य श्री श्री हनुमान मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा एवं यज्ञ को सफल बनाने हेतु विभिन्न मुद्दों पर चर्चा परिचर्चा की गई। जिसमें रामगढ़ के विभिन्न समाजसेवी एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।जिसमें मंदिर समिति के सहयोग के लिए संरक्षक समिति का गठन किया गया। बैठक में मंदिर समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार कुशवाहा सचिव रविकांत कुशवाहा कोषाध्यक्ष शीतल कुमार उपाध्यक्ष रामनंदन कुशवाहा उप सचिव हीरालाल कुशवाहा उपकोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद कुशवाहा एवं जानकी महतो घनश्याम महतो विनोद कुशवाहा अरुण अग्रवाल पंकज तिवारी सुरेंद्र कुमार दांगी अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा विशाल जयसवाल दिनेश पाठक रमेश महतो परमेश्वर महतो उमेश चंद्र वर्मा दिनेश शर्मा राजेश ठाकुर संदीप कुमार दशरथ महतो आदि गण्यमान्य लोक शामिल हुए।

## रेलवे में कार्यरत महिलाओं ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे माइंस यूनियन की महिला सदस्यों द्वारा रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल रेल परिचालन पदाधिकारी कुमार अंकित शामिल हुएद्य विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक मंडल परिचालन पदाधिकारी की पत्नी सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुरभी सिंह,एडीएमओ धनबाद डॉक्टर नम्रता, डॉक्टर सपना कुमारी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन आर चौधरी इसीआर सचिव द्वारा किया गया। धनबाद से आए एडीएमओ डॉक्टर नम्रता ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला शाशक्तिकरण व शिक्षित होना आज के समय की मांग है। उन्होंने थोड़ी चिंता प्रकट करते हुए कहा कि महिलाओं को लाइन कर्मचारी बनने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि डॉक्टर सपना कुमारी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओ का सशक्तिकरण होना ही समस्याओं का समाधान है। महिलाएं आज सभी स्थानों पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए। अपनी परचम लहराने में कामयाबी पा रही है। जबकि मंडल रेल परिचालन पदाधिकारी कुमार अंकित ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रेल अधिकारियों द्वारा महिलाओं के प्रोत्साहन किए जाने को



लेकर हर संभव प्रयास किया जाता रहेगा। इसके साथ ही महिलाओं को प्रोत्साहित किए जाने को लेकर10 हजार रुपए का प्रोत्साहन राशि भी रेल महिला संगठनों को प्रदान की गई।महिलाओं के लिए 5-5 ओवर की क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें महिलाओं के दो टीम बनाई गई। जिसमें एक टीम अनीता तिर्की के नेतृत्व में खेलने वाली महिला खिलाड़ी लाली कुमारी, दिव्यांशी हंसदा, जसिंता, दीक्षा, फूल कुमारी, पारुल, खुशबू, मंजू, मनीषा, प्रियंका शामिल हुई। वहीं दूसरे टीम में स्मृति कप्तान के नेतृत्व में खुशबू, ललिता, रानी सुरभि, सुनीता लक्ष्मी गीतांजलि, मयूरी, सुचित्रा व कल्पना शामिल हुई। क्रिकेट के बाद रस्सा कसी, आंखों में पट्टी बांधकर घड़ा फोड़ना, म्यूजिकल चेयर जैसे कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतियोगिता में महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## रामगढ़ जिला सीनियर वूमेन एस टीम जमशेदपुर रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर वूमेन क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 में भाग लेने के लिए रामगढ़ जिला सीनियर वूमेन एस टीम जमशेदपुर रवाना हुई।रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद टीम मैनेजर के नेतृत्व में सुलेखा कुमारी कप्तान एवं उप कप्तान प्रिया पटेल के नेतृत्व में टीम रवाना हुई टीम के अन्य सदस्य प्रगति कुमारी,जुली कुमारी,स्तुति कुमारी,प्रतीक्षा कुमारी दुबे, आकृति कुमारी,तन्नू कुमारी, अंकिता कुमारी, प्रीति कुमारी, कुमारी पलक, प्रियंका बरनवाल, प्रतिमा यादव, एवं सुधा कुजूर.! 15 सदस्यों की टीम आज रामगढ़ से बस से जमशेदपुर के लिए निकली है 11 मार्च को प्रथम मैच रामगढ़ जिला का जमशेदपुर के साथ उसके उपरांत धनबाद एवं जामताड़ा के साथ प्रथम लीग मैच खेलेगी।टीम रवाना करने आए रामगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन मानद सचिव अरुण कुमार राय कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र साहू खेल प्रेमी एवं अतिथि शंकर मिश्रा रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद संगठन के सदस्य पवन कुमार साहू महेंद्र राणा मोहम्मद कैफ ने टीम को शुभकामना देते हुए टीमों को रवाना किया। इस मौके पर अध्यक्ष ने कहा की वर्तमान



सेशन का आप सब चैंपियन हो आप लोगों ने ही रामगढ़ जिला को विनर बनाया था चैंपियन बनाया था आपके अंदर जो ऊर्जा है आप इस सेशन में भी रामगढ़ जिला को चैंपियन बना कर ही वापस लौटेगी यही हमारी शुभकामना है मौके पर सचिव अरुण कुमार राय ने कहा लास्ट ईयर चैंपियन होने का फायदा यह हुआ 6 लड़कियां इस टीम की सदस्य झारखंड के टीमों के लिए कैंप कि और जिसमें चार सदस्य ऐसी हैं जिन्होंने राज्य का नेतृत्व कर चुकी हैं आपके पास अब अनुभव की कमी नहीं है आप चैंपियन टीम थी चैंपियन टीम हो और चैंपियन होकर ही वापस आओगी याही शुभकामना हमारी ओर से है आने वाले सत्र में राज्य के लिए कम से कम 8 से 10 लड़कियां राज्य का नेतृत्व करेगी ऐसे ही हमें उम्मीद है।

## हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल का गोला में किया गया जोरदार स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के गोला आगमन पर उनको गोला व बरलांगा मंडल के नेतृत्व में कुसुमडीह,रजरप्पा चोक, डीभीसी चौक ,कालीनाथ चौक, बरियातू तथा हारूबेड़ा में गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ फुल माला पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मनीष जयसवाल ने कहा की इस तरह से आपका स्नेह प्यार मिला इसका कर्ज चुनाव जीतकर उतारूंगा।आप सभी से आग्रह है की जब भी चुनाव की घोषणा हो जाएगी सबको मिलकर काम करना है ओर पांच लाख वोट से विजयी बनाना है।अबकी बार 400, के पार से केन्द्र में मोदी को लाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, रंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, खिरोधर साहु, राजु चतुर्वेदी, रंजन फोजी, विजय ओझा, रंजित पांडेय, राजीव जयसवाल , विजय जयसवाल, मनोज महतो, डोमन नायक, पंचम चौधरी, प्रदीप कुशवाहा, रवी हाजरा, प्रितम झा, विकास मणि पाठक, रामकुमार नायक, लखन अग्रवाल, प्रदीप ठाकुर,प्रदीप बर्मन, सुरज बर्मा, सुधा देवी, देवंती देवी,अनिल कुमार, त्रिलोचन प्रजापति, शचिंदा प्रसाद श्याम सुंदर प्रसाद दिलीप सिंह हरीश बर्मन भागीरथ कश्यप एहसानुल हक सुरज प्रसाद लखन चन्द्र मोहन सिंह प्रकाश कपूर जितेंद्र प्रजापति चमन पोद्दार परितोष चंद्र पोद्दार अजीत ठाकुर संजय पांडेय प्रयाग साव प्रदीप महतो महेश महतो प्रमोद रजवार, झूलन महथा प्रमोद रंजन संतोष साव दिलचंद महतो कांतेश्वर प्रसाद शिव मंगल प्रसाद आदि शामिल थे।

## ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का बैठक कर निर्णय लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के उरबा मौजा के चार टोला के ग्रामीणों ने जमीन का रसीद नहीं काटने के विरोध में आगामी लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का बैठक कर निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि 22 वर्षो से अधिक समय से उरबा मौजा का रजिस्टर टू गायब कर दिया गया है ।इसके कारण ग्रामीणों के जमीन का रसीद नहीं कट रहा है ।इसको लेकर डीसी को कई बार आवेदन दिया गया है । लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही है ।उरबा मौजा के थाना संख्या 160 के पंजी टू का कर्मचारी और विचलियों की भागीदारी से रजिस्ट टू को गायब करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। इसके कारण ग्रामीणों की रसीद निर्गत होना बंद हो गया है ।उरबा के ग्रामीणों को इसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पीएम आवास अबूवा आवास ,पैक्स में धान की बिक्री ,केसीसी लोन जमीन की खरीद- बिक्री समेत अन्य कार्य से भी बीते 22 वर्षो से वंचित हो गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इसी कारण हम लोगों ने आगामी लोकसभा चुनाव में वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है।उरबा में लगभग 18 सौ मतदाता है। बैठक में उपस्थित ग्रामीण कार्तिक गंझू,ग्रामीण सरफुद्दीन अंसारी,ग्रामीण,बासुदेव महली, गफारूक अंसारी आदि उपस्थित थे।

## अंडर पास सड़क को लेकर वोट बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** लपंगा में वोट बहिष्कार कर रहे ग्रामीणों की बैठक रविवार को लपंगा बस्ती मेला मैदान में हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि आंदोलन का समर्थन पाली, सांकी, निम्मी सहित अन्य गांव का मिल रहा है। आंदोलन को जोरदार बनाने के लिए पोस्टर-बैनर लगाया जा रहा है। गांव-गांव घूमकर प्रचार प्रसार करने का निर्णय हुआ। कहा जबतक ग्रामीणों को आने-जाने के लिए रास्ता, अंडर रेलवे पास या ओभरब्रिज बनाने की मांग पूरी नहीं होगी। तबतक वोट लपंगा पंचायत के ग्रामीण बहिष्कार का आंदोलन करते रहेंगे। मौके पर पंसस छोटेलाल बेदिया, बारीक अंसारी, आजाद अंसारी, इमरान अंसारी, डिस्को, नसीम अंसारी, रशीद अंसारी, मतीन अंसारी, कलीम, इसराइल, जमालुद्दीन, सैराजुल, कासिम अंसारी अकेला, फागु महतो, मोती महतो, सीताराम, बालेश्वर, करन,अनीश, जावेद, जोहरा खातून, रेहाना खातून, नाजिया परवीन, शबाना खातून, अफसाना आदि लोग मौजूद रहे।

## छाई-डैम के विस्थापित ने पीवीयूएनएल के वादा खिलाफी को लेकर की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** झामुमो बलकुदरा पंचायत समिति की बैठक बलकुदरा छाई-डैम में हुई।जिसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष सुनील मुंडन और संचालन पंचायत सचिव सनी मुंडा ने किया। विगत वर्षो से हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो द्वारा पीवीयूएनएल कंपनी को बलकुदरा छाई-डैम के जनसमस्याओं को लेकर कई बार मांग पत्र सौंपा जा चुका हैं लेकिन पीवीयूएनएल प्रबंधन विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की कोशिश नहीं कर रही है हम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणो द्वारा बाध्य होकर पीवीयूएनएल कंपनी के मेन गेट के समक्ष एक दिवसीय भूख हड़ताल दिया जायेगा। हम विस्थापित ग्रामीणो छाई-डैम में किसी भी कीमत पर पीवीयूएनएल कंपनी को काम करने नहीं दिया जाएगा। पीवीयूएनएल कंपनी पहले स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को नौकरी मुआवजा एवं पुनर्वास दे। हम विस्थापित ग्रामीण अपने अधिकार के लेने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। बैठक में मुख्य रूप से विस्थापित सह झामुमो जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा योगेंद्र यादव,दिपक मुंडा, रवि महली इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## सीसीएल अरगड्डा- सिरका प्रबंधन मृतक अजय के पुत्र को प्रोविजनल नियुक्ति पत्र सौपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** सीसीएल परियोजना सिरका मैं बीते दिन शनिवार को श्रमिक अजय बेदिया की मृत्यु के पश्चात नौकरी मुआवजा को लेकर कोलयरी का चक्का जाम कर दिया गया था। संयुक्त ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, कामगारो, ग्रामीणो, परिजनों ने कर्मी स्वर्गीय अजय बेदिया के शव को व्यू प्वाइंट सिरका खुली खदान के पास रखा था। नौकरी मुआवजा की मांग विभागीय तर्क वितर्क में फंसने के बाद बीते शनिवार देर रात्रि 8ः30 बजे के बाद खुली खदान का उत्पादन आरंभ हुआ। मध्य रात्रि को अरगड्डा जीएम ऑफिस में अरगड्डा एसओपी मोहम्मद एमएस हक, सिरका पीओ श्रीकांत शर्मा, पर्सनल अधिकारी लक्ष्मी प्रिया, अम्बष्टा साहब के द्वारा कामगार मृतकअजय बेदिया के पुत्र निशांत कुमार को प्रोविजनल लेटर सौंप दिया। इस तरह 4ः30 घंटे से आंदोलन में डेट संयुक्त मोर्चा, ग्रामीण, परिजनों को मृतक के परिवार के पुत्र को नौकरी दिलाने में सफलता हाथ लगी. मौके पर संयुक्त ट्रेड यूनियन के नेता सुशील कुमार सिन्हा, नागेश्वर महतो, मुस्तफा खान, कमरुद्दीन खान जगनारायण बेदिया, अर्जुन बेदिया, राजेश बेदिया, छोटू बेदिया, संतोष कुमार, जगदीश चंद्र बेदिया समेत कई प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## वार्ड नंबर 7 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ कैंट के वार्ड नंबर 7 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी की उपस्थिति रही । यह कार्यक्रम रीना शाह की अगवाई में वार्ड नंबर 7 कैंर बिहार से बुजुर्ग जमीर ,लोको कॉलोनी घुटुवा, ऊपर पोचरा बर टोला सभी जगह से सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही और बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लिया।इस सम्मेलन की अध्यक्षता सिंधु मेहता, संचालन मीरा देवी ने की। पूजा देवी ,रिंकी देवी आशा पासवान ,बबीता देवी ,सविता देवी ,सुनीता देवी, सुलेखा देवी ने तिलक लगाकर और स्माइली बैच लगाकर सभी महिलाओं का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा समाज की बुजुर्ग महिलाओं को उपहार और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि आज की महिलाएं समाज की सबसे मजबूत नींव है इसी सोच के साथ आजसू पार्टी ने राज्य की महिलाओं को पंचायती राज्य व्यवस्था में 50त्न आरक्षण देने का काम किया है आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कुशल नेतृत्व का लोहा बनवाया है ।इस कार्यक्रम में रामप्यारी कमला देवी शोभा देवी पूजा देवी आशा देवी गुड़िया सुनीता उपाध्याय रिंकी रंजीत ममता देवंती रेनू संगीता सिंह एंजेल ज्योति आदि सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थी। इस कार्यक्रम का समापन और धन्यवाद ग्यापन खुशबू नायक ने किया।

## दो दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक जांच शिविर संपन्न



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राजस्थानी धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क होम्योपैथिक जांच शिविर के दूसरे दिन धनबाद के विश्व विख्यात अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त लंदन से प्रशिक्षित अनुभवी डॉक्टर देव ओम बनर्जी ने अपने पूरे टीम के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। दो दिवसीय शिविर मे कुल 228 लोगों ने इसका लाभ उठाया। इस तरह लंदन प्रशिक्षित डॉक्टर देव ओम बनर्जी के नेतृत्व में दो दिवसीय होम्योपैथिक जांच शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। मौके पर डॉ सोहन गोपालकर, डॉ गरिमा बनर्जी, शुभम बनर्जी, रिशु बनर्जी, रुद्र बनर्जी, खुशबू बनर्जी एवं अताउर रहमान मौजूद थे।

## महादेव का आशीर्वाद लेने पहुंचे रोहित यादव



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुहिबांध हीरक कैंप स्थित श्री श्री ओंकारेश्वर मंदिर में पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ के शुभारंभ समारोह में महादेव का आशीर्वाद लेने पहुंचे समाजसेवी रोहित यादव को समिति के सदस्यों ने अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। श्री यादव ने समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा महादेव के आशीर्वाद से मैं समाज के हर वर्ग के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप मिश्रा, विनय पासवान, पप्पू दुबे, संजीव पांडे, समिति के अध्यक्ष रामू चौधरी, चंद्रजीत चौहान, कौशल चौहान, संजय चौहान, बंटी चौहान, लुलु चौहान, भोला सिंह, कैलाश चौहान, दीपक चौहान, जितेंद्र चौधरी, बबलू चौहान, नन्हे चौहान, कन्हैया स्वर्णकार, गुड्डू चौहान, शंकर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, सोहन चौहान, सोनू शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय धारी विकास मंच का होली मिलन समारोह



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय धारी विकास मंच के झरिया प्रखंड कमिटी कि ओर से रविवार को जियलगोड़ा अतिथि गृह के सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह कि अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष यद्दुराम धारी ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेश कुमार धारी ने कहा कि समाज की उत्थान शैक्षणिक प्रक्रिया को अपनाने से ही संभव है। समाज के लोग पहले शिक्षा से भटके हुए थे। आज समाज के लोगों ने शिक्षा की महत्व को समझा जिसका परिणाम देखने को मिल रहा है।

## उपायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने देर शाम कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने एनआइसी, वीसी रूम, मीटिंग हॉल, कोर्ट रूम, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला योजना कार्यालय,नीलाम पत्र, डीएमएफटी, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी, विकास शाखा, भू अर्जन, आपदा, जन शिकायत, राजस्व, डीएलओ, जिला नजारत, समाज कल्याण, कल्याण शाखा, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, एनआरईपी, ट्रेज़री सहित समाहरणालय के प्रथम, तृतीय व भूतल पर स्थित विभिन्न शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने सभी कार्यालय के बाहर नेम प्लेट लगाने तथा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भूतल में आई एम वेरीफाइड वोटर सहित मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप एक्टिविटी से संबंधित बैनर पोस्टर लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त के साथ डीडीसी सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज़ अहमद व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# धनबाद : उपायुक्त के निर्देश पर मंडल कारा में औचक तलाशी






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में सुबह धनबाद मंडल कारा में औचक तलाशी ली गई। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर सुबह सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र कुमार, पुटकी व झरिया के अंचल अधिकारी, टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं जिला पुलिस बल ने संयुक्त रूप से मंडल कारा की औचक तलाशी ली। इस क्रम में मंडल कारा के सभी वार्डों की सघन जांच की गई। जांच के क्रम में 1 कैंची, 2 नेल कटर, 1 चिलम व 1 मोबाइल चार्जर बरामद किया गया। बरामद सामान को प्रभारी कारा अधीक्षक को सुपुर्द कर दिया गया।

## नई पेंशन योजना के तहत 50 लाभुक हुए लाभान्वित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** वार्ड संख्या- 2 स्थित छाताबाद में एक सादे समारोह का आयोजन कर झारखंड सरकार की नई पेंशन योजना जिसमे 60 वर्ष से कम कर 50 वर्ष कर दिया गया है। इस योजना के तहत लगभग 50 महिलाओं को स्वीकृति पत्र वार्ड 2 के पार्षद प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता मासूम खान के द्वारा दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से मानव अधिकार सहयोग संघ के जिला अध्यक्ष मुन्नी खातून, खुशबू परवीन, मीणा, नदीम, दानिश, जॉनी, सागर आदि उपस्थित थे।

## प्रयास शिक्षण केन्द्र कोदम्बरी में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** खोरीमहुआ अनुमंडल क्षेत्र के कोदम्बरी में प्रयास शैक्षणिक अभियान के तहत शिक्षण केंद्र में क्लासेस की शुरुवात की गई। इस अवसर पर सभी बच्चों को संस्था के द्वारा कॉपी और कलम भी उपलब्ध कराया गया। प्रयास पहल अपने 10 शिक्षण केन्द्रों के माध्यम से पिछले चार सालों से लगातार हजारों बच्चों को निशुल्क शिक्षा, प्रशिक्षण व मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। प्रयास पहल के सभी 10 शिक्षण केन्द्रों में चरणबद्ध तरीके से नए सत्र में क्लासेस की शुरुआत की जा रही है। इस नए सत्र में कई अन्य स्थानों पर भी प्रयास पहल के कुछ नए शिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे। प्रयास पहल के इस नए सत्र में भी समाज के हजारों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उचित मार्गदर्शन मिल सकेगा और वे सब भी समाज के मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन में आगे बढ़ सकेगें। मौके पर प्रयास पहल के सचिव विकास कृष्ण मंडल, आदित्य कुमार, शिक्षिका सुरुचि वर्मा, अंजली वर्मा , प्रवेश वर्मा सहित सैकड़ों बच्चों की उपस्थिति थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया वज्रगृह व मतगणना स्थलों का निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न वज्रगृह एवं मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कृषि बाजार प्रांगण, धनबाद पॉलिटेक्निक, पॉलिटेक्निक के सामने स्थित पुराने विनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी परिसर, निरसा पॉलिटेक्निक, मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी चुनाव में जिला प्रशासन के लिए सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता होती है। इसी दृष्टिकोण से आज वज्रगृह एवं मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया। वहां की सुरक्षा की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अभी कुछ और स्थान का भी निरीक्षण किया जाएगा और चुनाव से पहले वज्रगृह एवं मतगणना स्थलों को चिन्हित कर वहां पर्याप्त



सुरक्षा बंदोबस्त किए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, नगर निगम, भवन प्रमंडल, निर्वाचन शाखा सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## महादेव मरांडी की 11वीं पुण्यतिथि पर विधायक ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने आज रविवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता सह समाजसेवी स्व महादेव मरांडी की 11वीं पुण्यतिथि पर उनके बड़ानागपुर गांव स्थित समाधि स्थल जाकर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दिया एवं परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने जा रहे बिरमीडीह से बड़ानागपुर सड़क का शिलान्यास करते हुए उक्त सड़क का नामकरण? वीर महादेव मरांडी करने की घोषणा किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो,बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू श्रावण टुडू, लोलिन बास्की,मंगल महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री कल रेल अवसंरचना परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 12 मार्च, 2024 को देषभर में एक साथ 85 हजार करोड़ रूपए से अधिक की रेल परियोजनाओं (लगभग 6000 संख्या) का षिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री देष के विभिन्न स्टेषनों के मध्य 10 नई सेमी हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनों के परिचालन का शुभारंभ तथा 04 वंदे भारत एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार एवं 02 अन्य रेल सेवाओं को हरी झंडी दिखाकर परिचालन का शुभारंभ करेंगे। इस संबंध में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाष ने आज पटना में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के दौरान महाप्रबंधक ने माननीय प्रधानमंत्री द्वारा षिलान्यास/लोकार्पण किए जाने वाले विभिन्न रेल परियोजनओं तथा नए वंदे भारत ट्रेन सहित अन्य रेल सेवाओं के संबंध में संवाददाताओं को अवगत कराया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि प्रधानमंत्री 6558 करोड़ की लागत वाली 19 रेलवे वर्कषॉप, लोको शेड, पिट लाईन/कोचिंग डिपो, फलटण-बारामती नई रेल लाईन एवं इलेक्ट्रिक ट्रैक्सन सिस्टम के अपग्रेडेषन कार्य का षिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के न्यू खुर्जा से साहनेवाल सेक्शन, न्यू मकरपुरा से न्यू घोलवड सेक्शन और वेस्टर्न डीएफसी के ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। माननीय प्रधानमंत्री जी 20,744 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित 1500 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण/मल्टी ट्रैकिंग तथा आमान परिवर्तन, 2400 करोड़ रूपए की लागत से विद्युतीकृत 2135 किलोमीटर रेलखंड को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे । प्रधानमंत्री द्वारा 280 करोड़ की लागत वाली वेस्टर्न डीएफसी ऑपरेषन कंट्रोल सेंटर एवं 2763 करोड़ रूपए की लागत वाली रेलवे वर्कषॉप, लोको शेड, पिट लाई/कोचिंग डिपो (16) भी राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा । इसके अलावा रेलवे गुड्स शेड (222 करोड़ रूपए), गति शक्ति मल्टीमॉडल कार्गो टर्मिनल (25 करोड़ रूपए), डिजिटल कंट्रोलिंग ऑफ स्टेषन (25,500 करोड़ रूपए), 80 रेलखंडों में 1045 रूट किलोमीटर में ऑटोमेटिक सिगनलिंग सिस्टम (1361 करोड़ रूपए) का राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा। प्रधानमंत्री 1500 से अधिक वन स्टेषन वन प्रोडक्ट स्टॉल तथा 35 रेल कोच रेस्टोरेंट तथा 975 लोकेषनों पर सोलर पावर स्टेषन/सर्विस बिल्डिंग राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

## राजनीति बदलने के लिए युवाओं को राजनीति में आना होगा : शर्मा



**पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** जब दिल्ली में बिजली, पानी, सबकी पढ़ाइ, सबका इलाज मुफ्त हो सकता है तो झारखंड में क्यों नही? चुनाव आ रहा है झूठे वादे किए जायेंगे, अच्छे दिन आयेंगे-काला धन लायेंगे। लेकिन आपको सजग रहना है। जनता वैसे नेताओं से पिछले चुनाव का घोषणा पत्र याद दिलायें। उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शनिवार को तिसरी में कही। उन्होंने कहा कि जब तक छात्र नौजवान, मजदूर किसान राजनीति में नहीं आयेंगे तब तक व्यवस्था में बदलाव नहीं होगा। झारखंड गठन का 23 साल हो गया लेकिन आज भी पलायन और कुपोषण यहां की मुख्य समस्या है। आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने कहा कि गिरिडीह जिला के विभिन्न प्रखंडों में संगठन निर्माण का काम किया जा रहा है। बहुत जल्द गिरिडीह जिला के सभी प्रखंड और पंचायत कमेटी बन जाएगा। धनवार प्रखंड उपाध्यक्ष सकलदेव यादव ने कहा कि नौजवानों का झुकाव आम आदमी पार्टी की ओर है क्योंकि आम आदमी पार्टी व्यवस्था बदलाव की राजनीति करती है। प्रखंड अध्यक्ष राजू मंडल, प्रखंड सचिव मुकेश हांसदा, संगठन मंत्री परवेज आलम, किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राय, सोशल मीडिया प्रभारी रूस्तम अंसारी ने भी बैठक को सम्बोधित किया।

## माथाडीह में 100 घरों का रास्ता दबंग ने रोक रखा है : माले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के सीसीएल क्षेत्र कोल्हारिया, माथाडीह में लगभग 100 घरों का रास्ता किसी ने रोक रखा है । वही रास्ते में कंपाउंड देकर रखा हुआ है। इधर माले नेता गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा को जब यह पता चला तो गहराई से जांच करने के बाद से बीस दिन पहले कोलहरिया में बैठक की गई थी । जिसमे बहुत बाते सामने आई थी। इसी को लेकर रविवार को सिन्हा ने पचंबा थाना और सीसीएल से बात की किया है। इधर सीसीएल ने लगातार तीन नोटिस दिया है रास्ते को जो रोक रखा है उनको भी सीसीएल प्रबंधन द्वारा समय दिया



गया है। सिन्हा ने कहा कि अब सीसीएल के तीन लगातार नोटिस के बाद सीसीएल कड़ा रुख अपनाया है। सीसीएल जीएम ने बताया कि गड़बड़ी की जानकारी मिली है,नोटिस भी तीन भेजा जा है ।

उन्होंने कहा कि कोल्हारिया में रहने वाले परेशान है अब सीसीएल से मांग किया है कि तत्काल रस्ता को खाली करवाने को को कहा है। सिन्हा ने मोहल्ला वाले से कहा है कि कानून हाथ में नही लेना है,सीसीएल इसपर संज्ञान ले रहा है। मौके पर बैठक में उपस्थिति माले से नौसाद आलम, ताजुद्दीन, अफताब, मकसूद, सद्दाम नईयर, वसिम, हसनैन, सकलेन, अस्थेसम, जफर आदि दर्जनों महिला पुरुष मौजूद थे।

## प्रेम भी, स्नेह भी व महाभारत करने के लिए भी महिला पीछे नहीं है : शारदा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** महुदा, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा पर समान अधिकार, अवसर और सम्मान विषय को लेकर समारोह का आयोजन ट्रस्ट कार्यालय ममता कुंज, कंचनपुर में किया गया। उक्त समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद शारदा सिंह, विशिष्ट अतिथि आशा देवी जिला परिषद सदस्य धनबाद एवं संगीता घोषाल मुखिया हाथुडीह पंचायत, सुनिता देवी मुखिया लोहपट्टी पंचायत, पिंकी देवी मुखिया तारगा पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## लोकसभा में कुशवाहा समाज के उम्मीदवार को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने का किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह सदर प्रखंड अंतर्गत लेदा स्थित एस डी पब्लिक स्कूल गादी में कुशवाहा समाज की एक बैठक किया गया.वही बताया गया कि भाजपा के द्वारा हाल में कोडरमा लोकसभा में कुशवाहा समाज के उम्मीदवार को प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने का विरोध किया गया ।कहा गया कि पूरे कोडरमा लोकसभा में कुशवाहा समाज के साढे चार लाख वोटर निवास करते हैं और हमेशा से भाजपा को वोट देने का काम किए हैं ।इधर विकास वर्मा ने बताया कि बार-बार भाजपा के द्वारा कुशवाहा समाज के उम्मीदवार की अनदेखी की जा रही है जो की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है. पूरे झारखंड में लगभग 16 प्रतिशत आबादी वाले कुशवाहा समाज को बार-बार प्रतिनिधित्व लोकसभा में नहीं दिए जाना कुशवाहा समाज के प्रति भाजपा के भेदभाव पूर्ण रवैया को दर्शाता है जो कि किसी भी प्रकार से बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

## आजसू पार्टी द्वारा धावा चिता पंचायत महिला मोर्चा का हुआ गठन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को आजसू पाटी महिला मोर्चा की बैठक आंगनबाड़ी प्रांगण में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा देवी के नेतृत्व में धावा चिंता पंचायत महिला मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें धावा चिंता पंचायत के अध्यक्ष यसौदा देवी व पंचायत सचिव आशा देवी को मनोनीत किया गया। साथ ही पंचायत के उपाध्यक्ष के लिए पुतुल देवी को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि गिरिधारी महतो, महिला जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, प्रखंड देवी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### पतंजलि ने मारकुस कमांडो व आयरन मैन प्रवीण तेवतिया का आगमन को लेकर की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती के अध्यक्षता में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मन्दिर प्रांगण में आगामी तेरह मार्च को मारकुस कमांडो एवं आयरन मैन का खिताब पा चुके प्रवीण तेवतिया की उपस्थिति में होनेवाला योग शिविर के विषय में आवश्यक बैठक कर विचार विमर्श किया गया। जिसमें युवाओं को एवं आमजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया। योग आयुर्वेद के साथ साथ राष्ट्र सेवा की भावना से ओतप्रोत होकर जीवन जीने की आवश्यकता पर बल देते हुए वनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि हमें प्रवीण तेवतिया जी जैसे व्यक्तित्व से सीख लेने की आवश्यकता है। शिवशंकर सिंह ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में योगबल, मनोबल, आत्मबल से मजबूत होना जरूरी है।

# संजय बर्मन ने बंदे भारत का परिचालन लोहरदगा से होकर चलने की मांग को लेकर सुदर्शन भगत को लिखा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के सदस्य संजय कुमार बर्मन ने लोहरदगा के वर्तमान सांसद सुदर्शन भगत को पत्र लिखा है जिसमे उन्होंने कहा और मांग भी कि है की रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिनांक 12.03. 2024 से ट्रेन संख्या 20887 रांची से वाराणसी वंदे भारत नई एक्सप्रेस ट्रेन वाया मुरी, बोकारो सप्ताह में 6 दिन चलने की घोषणा की है ढ्ढ जिसको लेकर संजय कुमार वर्मन ने इस ट्रेन का 3 दिन वाया लोहरदगा, टोरी, लातेहार होकर चलाने की मांग की है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि इस ट्रेन का तीन दिन वाया लोहरदगा, टोरी नही चलाना लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, महुआडॉड़, नेतरहाट तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र जशपुर नगर, कुनकुरी, तपकरा, पत्थलगांव, बगीचा, सन्ना आदि क्षेत्र में रहने वाले लोगों के साथ घोर अन्याय होगा। यह क्षेत्र अनुसूचित जनजाति बाहुल्य पिछड़ा गरीब



इलाका होने के अतिरिक्त यह कृषि, पर्यटन, बॉक्साइट, कोयला आदि खनिज संपदा युक्त भू-भाग है, तथा ट्रेन चलने से एग्रीकल्चर, टूरिज्म, एजुकेशन, इंडस्ट्रीज, हेल्थ, स्पोर्ट्स, मीनिंग आदि हब बनने की संभावना बढ़ेगी रोजगार के अवसर सृजन होंगे। वही वाराणसी पूर्वांचल की एक बड़ी मंडी होने के साथ-साथ इसे आर्थिक राजधानी भी कहा जाता है तथा इस क्षेत्र के लोगों की धार्मिक आस्थाएं इससे जुड़ी हुई हैं। वाराणसी से ट्रेन पूरे देश के लिए सरलता से मिलती है तथा यहां से राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय उड़ान की सीधी सेवा भी है, जो यह सुविधा ( ट्रेन/प्लेन ) रांची में नहीं है, अगर हमारी मांगों पर विचार किया जाय तो लोग कम समय में वाराणसी पहुंचकर इसका लाभ ले सकते हैं ढ्ढ इस क्षेत्र के लोग व्यापार, स्वास्थ्य, रिटायर्ड व वर्तमान फौजी, एजुकेशन, काम की तलाश आदि कारणों से वाराणसी से आना जाना बसों में भेड़ बकरियों की तरह ऊपर नीचे बैठकर व जान जोखिम में डालकर यात्रा करना पड़ता है जिसे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है इससे भी लोगो को निजात मिल सकती है। लोहरदगा के तीन राष्ट्रीय मार्ग 143ए,143 ऐसी, 75 गुजरती है तथा राजधानी एक्सप्रेस, सासाराम एक्सप्रेस, चोपन एक्सप्रेस तथा रांची लोहरदगा का चार फेरा ट्रेन चलती है अगर इस ट्रेन का भी परिचालन इस रूट से होती है तो यहां की कनेक्टिविटी में और विस्तार होगा। तथा इन कारणों से इस क्षेत्र में पूंजी निवेश हेतु देश-विदेश के बड़े उद्यमी आने की उम्मीद और बढ़ जाएगी जिसे विकास की संभावनाएं बढ़ेगी पलायन रुकेगा। इस ट्रेन को तीन दिन नहीं चलने से लोग मायूस तथा अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं ढ्ढअतः इन सब विचारों के गंभीरता को देखते हुए यथोचित कदम उठाने मांग की है।

# सैंक्चूअरी फॉर एजूकेशनल नर्चर पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

➲जीवन में सफलता के लिए उच्च लक्ष्य का निर्धारण आवश्यक : उपायुक्त

➲बच्चों के भविष्य गढ़ने में शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता की भूमिका महत्वपूर्ण : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के महादेव टोली स्थित सैंक्चूअरी फॉर एजुकेशनल नर्चर पब्लिक स्कूल में शनिवार की शाम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सम्मानित अतिथि एसपी हारिस बिन जमां तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद् मदन मोहन पांडेय,जिला सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय वर्मन, अंजुमन इस्लामिया के पूर्व सदर सह यूएई स्कूल के डायरेक्टर हाजी अफसर कुरैशी, बिनोद कुमार, एडवोकेट देवाशीष कार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि, सम्मानित अतिथि, विशिष्ठ अतिथि समेत अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। वार्षिकोत्सव में



विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां मौजूद लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के हाथों प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया। पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं के माता पिता को सम्मानित भी किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षा ही हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाती है, विकास में चार चांद लगाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधि समय-समय पर होते रहना चाहिए। उन्होंने छात्रों को कहा कि अपने जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। सम्मानित अतिथि एसपी हारिस बिन जमां ने कहा कि बच्चों की सुनहरे भविष्य गढ़ने में शिक्षकों के साथ-साथ माता-पिता की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण होती है। शायद शेक्सपियर ने भी कहा है कि बच्चा ही मनुष्य का पिता है। यह सचमुच सच है। हमें हमेशा यह याद रखना चाहिए कि हमारा व्यवहार बच्चों के साथ हमेशा अच्छा हो।

# समाज में एकजुटता बनायें रखें, विरोधियों को चुनाव में मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा : जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** प्रखण्ड अंतर्गत किनकेल में रविवार को लोकसभा चुनाव के आलोक में कांग्रेस पार्टी की विशेष बैठक रखी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित संगठन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव समीप आ चुका है संगठन के सभी कार्यकर्ता अलर्ट मोड में रहें, आने वाला समय हमारे लिये चुनौतियों से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कठिन परिश्रम की घड़ी में समाज के सभी लोगों को एकता में रहने की आवश्यकता है, केंद्र की भाजपा मोदी सरकार हमारे लोगों को षडयंत्र के तहत डीलिस्टिंग के नाम पर आदिवासी जाति से हटाने की बात कह रही है और जल, जमीन, जंगल, आरक्षण तथा हमारे धर्म से भी बेदखल करने की साजिश रच रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि खूंटी लोकसभा से कांग्रेस के उम्मीदवार को जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता सघन जनसंपर्क करना शुरू करें। वहीं उपस्थित जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार से पूरा जन जीवन पस्त हो चुका है, महंगाई और भ्रष्टाचार से पूरा देश आज त्राहिमाम कर रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र से भाजपा की विदाई निश्चित है। जिला उपाध्यक्ष जॉनसन मिंज ने कहा कि मोदी सरकार के निरंकुशवादी रवैये से पूरा देश वाकिफ है, भाजपा केवल धर्म के नाम पर जनता को दिग्भ्रमित कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में समाज की एकता व अखंडता से ही इन्हें जवाब दिया जाएगा।

# आजसू बुद्धिजीवी मंच का हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू बुद्धिजीवी मंच (आजसू पार्टी का सहयोगी संगठन)की केंद्रीय समिति में लोहरदगा के श्री एन कुजूर एवं जतरू मुंडा, श्री रमेश विश्वकर्मा, श्री महेश लोहरा को केंद्रीय सचिव मनोनीत किया गया है?। वहीं उपाध्यक्ष पद पर श्री दिलीप कुमार साहू और केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्री राजेश शर्मा, श्री संजीव शर्मा,श्री तारकेश्वर महतो,श्री अरुण सिंह,श्री रामलाल राम,श्री दीपक उरांव,श्री राम सुंदर महतो का मनोनयन किया गया है। इन सभी के मनोनयन पर आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव सह लोहरदगा विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत ने बधाई दी। एवं कहा कि अभिभावकों के मार्गदर्शन व दिशा निर्देश मिलने से और ऊर्जावान होकर हम लोग काम करेंगे और हमारा संगठन और मजबूत होगा। बधाई देने वालों में



केंद्रीय महासचिव अंजू देवी, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, विश्वनाथ उरांव,पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, परमेश्वर भगत, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष शाहिद अंसारी, मोहम्मद बबली, जहांगीर आलम, नगर अध्यक्ष अशोक कुमार साहू,छात्र संघ के अध्यक्ष आयुष मेहता महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता साहू, कुडु प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, कैरों प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर उरांव, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश आँइन्द, भंडरा प्रखंड अध्यक्ष आकाश यादव, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष अमानत अंसारी, किस्को प्रखंड अध्यक्ष शनिचरवा उरांव, आजसू पार्टी के जिला पदाधिकारी मुन्ना अग्रवाल,लाल पंचम नाथ शाहदेव, अवधेश पाठक, बुद्धेश्वर उरांव, महेंद्र महतो, रोहित साहू एवं राजन महतो, सौरभ,समीर, राहुल, राजबाला,रोहित साहू, बरज सिंह, मनोज कुमार गुप्ता मन्ना, विनोद सिंह, सुमन साहू, संजय विश्वकर्मा, दिनेश प्रसाद, कालू छतरी, सुमित विश्वकर्मा, अरविंद उरांव, आदित्य संजय कुजूर, दयानंद राम, दिलीप साहू, सेन्हा प्रखंड प्रभारी देवेंद्र साहू एवं बिशनपुर विधानसभा प्रभारी राम लखन प्रसाद सहित अन्य लोग शामिल है।

### वनवासी बांधों का सेवा करना हमारा सौभाग्य है : आचार्य शरद चंद्र आर्य



**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दामोदर उद्गम स्थल चूल्हा पानी में बृहद यज्ञ का आयोजन किया गया गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरदचंद्र आर्य के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर बृहद यज्ञ का आयोजन किया गया यज्ञ का ब्रह्मत्व आचार्य आशीष कुमार आर्य ने संपन्न कराया यज्ञ में ग्रामीण माताएं बहने बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर बनवासी कल्याण केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा शंकर सिंह ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए हवन बहुत ही उपयोगी है इससे वातावरण की शुद्धि होती है आने वाली पीढ़ी को अपने संस्कृति अपने संस्कार से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखने में अपना योगदान देना चाहिए। आचार्य शरद चंद्र आर्य ने कहा कि वनवासी बांधों का सेवा करना हमारा सौभाग्य है बनवासी बंधु के साथ मिलकर के यज्ञ करना बहुत ही आनंद का विषय है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम भी बनवासियों के साथ अत्यंत स्नेह करते थे महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने समाज के सभी वर्गो को जोड़ने के उद्देश्य से ही कहा था संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर गुरुकुल शांति आश्रम की ओर से सभी ग्रामीण माता को सज्जनों को अंग वस्त्र प्रदान कर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया और बच्चों को कॉपी पेन पेंसिल रबर इत्यादि देकर के पठन-पाठन के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक स्वारथ साहू, भूषण साहू का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर विशेष रूप से गुप्तेश्वर गुप्ता, शुभम प्रजापति, शिवराज, विजय प्रजापति, ब्रह्मचारी धनेश्वर आर्य, जयनारायण प्रजापति, बिट्टू भारती उपस्थित थे। ग्रामवासी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिए।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवा हुए लाभान्वित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 91 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर शहीद जवान अमर रहे का नारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा जरूरतमंदों एवं असहायों की सेवा करना ही हम सभी का धर्म है,और कहा कि जरूरी दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई है और यहाँ के अलावा शहर से बाहर अन्य जगहों पर भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने के प्रयास किया जा रहा है,डॉ कुमुद ने कहा की लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए, और समय-समय पर अपना चेकअप कराते रहने से होने वाले बीमारीयों का पता चल सकता है। सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर अपना स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उदय कास्यंकार, रीना कुमारी, शिमला देवी, कृष्ण प्रसाद, प्रभु दयाल साहू, सरिता कुमारी, संतोष कुमार आदि थे।

# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सिमडेगा में किया पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन

➲12 मार्च तक चलेगा मेला, विभिन्न अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप, एफपीओ और कृषि उद्यमियों के स्टॉल लगे

➲दलहन-तिलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने आज झारखंड के सिमडेगा जिले में तीन दिवसीय पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित मेले में मुख्य अतिथि श्री मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में किसानों के कल्याण के लिए पूसा संस्थान और अन्य अनुसंधान संस्थाओं द्वारा लगातार बेहतर प्रयास किया रहा है। उन्होंने किसानों से नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके वैज्ञानिक





नवाचारों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। श्री मुंडा ने दलहन-तिलहन के क्षेत्र में भी देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को संकल्प दिलाया। साथ ही, प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर, वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किसानों सहित सभी वर्गों से अभी से जुट जाने की अपील की। केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा ने कहा कि बीज में रोग ना लगे, इसके लिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। धान की फसल में पानी की कम खपत हो, इसके लिए कैसे बीज तैयार किए जाएं, इस संबंध में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान सहित विभिन्न संस्थानों के माध्यम से रिसर्च की जा रही हैं और नई फसल किस्में विकसित भी की गई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को फसलों में रोग से बचाव के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय का बजट 1.25 लाख करोड़ रुपए किया गया है, जो कि पिछली सरकारों के मुकाबले लगभग पांच गुना ज्यादा है। देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से हर साल तीन किस्तों में 6000 रुपये जमा कराए जा रहे है, वहीं नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी की पहल की गई है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तिकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले को आदर्श जिला बनाना है। कृषि के आधुनिकीकरण के उद्देश्य से केंद्रीय स्तर पर सेंटर के माध्यम से किसानों का डेटाबेस बनाया जा रहा है, जिससे वह सीधे कृषि मंत्रालय से जुड़कर नई तकनीकों का लाभ ले सकें और उनके गांव-खेत की जानकारी डिजिटल रूप से जुटाकर सरकार उनके कल्याण के लिए ज्यादा मजबूती से कार्य कर सकें।

### युवा मेहनत लगन और तकनीक के साथ खेलेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी : नेसार अहमद



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड के ग्राम कुज्जी में कुज्जी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ। टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद एवं विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस महासचिव सलीम अंसारी बड़े के द्वारा सर्वप्रथम खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ली थी । जिसमे फाइनल मुकाबला बारीक इलेवन केशा 1ह्य इलेवन स्टार कुरसे के बीच खेला गया जिसमें फाइनल मुकाबले में बारीक इलेवन केशा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुवे इलेवन स्टार कुरसे को 8 ओवर 3 विकेट खो कर 152 रन का टारगेट दिया । कुर्से के टीम टारगेट का पीछा करते हुवे 8 ओवर 4 विकेट खो कर सिर्फ 82 रन पर सिमट गई और बारीक इलेवन केशा फाइनल मुकाबले को 70 रन से जीत लिया और कुज्जी प्रीमियर लीग 2024 का दुबारा चैंपियन बनी। इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज विनर प्राइज (साइकिल) विकास को मिला तथा टूर्नामेनेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले प्लेयर फिरदौस को कूलर देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस फाइनल मुकाबले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि नेसार अहमद ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिकेट विश्व भर में खेला जाने वाला काफी लोकप्रिय खेल है और हमारे देश भारत में काफी सराहा जाता है। हमारे देश में क्रिकेट प्रशंसकों का उत्साह चरम पर होता है और यहां के लोग क्रिकेटरों को अपना आदर्श मानते हैं। और अब इसे ग्रामीण क्षेत्रों में भी जुनून के साथ खेला जाता है और इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होता है। युवा मेहनत लगन एवं तकनीक के साथ खेलेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी। क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए जिला स्तर राज स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संस्थाओं एवं सरकारों के द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। युवा खेल से अपना करियर बना सकते हैं सरकार द्वारा निर्धारित खेल नीति का लाभ यहां के युवाओं को अवश्य लेनी चाहिए।

# विद्या मंदिर बड़की चांपी में संकुल स्तरीय प्रधानाचार्यो की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य बैठक 9 मार्च 2024 पूर्वाहन 10:00 बजे से प्रारंभ हुआ। एक वर्ष की संकुल स्तरीय योजना के अंतर्गत होने वाली गतिविधियां की योजना तैयार किया गया, जिसमें गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल के संकुल संयोजक शशिधर लाल अग्रवाल, संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास एवं इंटर कॉलेज महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील सिंह,सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे,विद्या मंदिर कैरो के प्रधानाचार्य प्रमोद साहु,विद्या मंदिर सेन्हा के प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी, सरस्वती विद्या मंदिर कुडू के प्रधानाचार्य रूपेश सिंह,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी उपस्थित थे । विभाग प्रमुख के द्वारा प्रांतीय योजना में संकुल स्तरीय कार्यक्रम से प्रांत की सारी गतिविधियां लागू हो,इसके लिए प्रधानाचार्यों का



मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा की संकुल स्तरीय कार्यक्रम से भैया बहनों का तथा आचार्यों का सर्वांगीण विकास में विशेष योगदान संकुल रचना का भी होता है । इस तरह से प्रत्येक कार्यक्रम का तिथिवार वर्ष भर का कार्यक्रम तैयार किया गया,जिससे संकुल रचना सशक्त और मजबूत हो । संकुल संयोजक श्रीमान शशिधर लाल अग्रवाल ने आशीर्वचन के रूप में बोले कि इस योजना को अक्षरसह पालन करने से हमारा और हमारा विद्यालय का भी विकास संभव है । इसलिए सभी प्रधानाचार्य इस योजना को समय से लागू करते हुए भैया बहनों और आचार्य का विकास में गति प्रदान करें। 1:00 बजे तक संकुल स्तरीय कार्यक्रम की समीक्षा, चिंतन-मंथन करते हुए बैठक समाप्त किया गया । तत्पश्चात सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी का बजट बैठक भी प्रबंध कार्यकारणीय समित बड़की चाँपी के अध्यक्ष भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में शुरू हुई। सचिव यदुवंदन तिवारी, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार, सक्रिय सदस्य अमोद कुमार, आमंत्रित सदस्य मोहन महतो की उपस्थिति में बजट पर विशेष चर्चा किया गया । विभाग प्रमुख श्रीमान अखिलेश कुमार ने सुझाव दिए जिससे बजट समतुल्य बन सके। बजट के अनुरूप ही खर्च की व्यवस्था बने,इस पर सुझाव देते हुए उन्होंने कई उदाहरण पेश किये। संकुल प्रमुख श्रीमान विपिन कुमार दास ने बजट में आए सभी मदों के आय एवं खर्च का विवरण समिति के समक्ष विस्तार पूर्वक रखें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 1,191 मुकदमे का हुआ निपटारा 1.74 करोड़ ज्यादा के राजस्व की हुई वसूली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देशानुसार 9 मार्च को वर्ष के पहला राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के सौजन्य से सिविल कोर्ट परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, डालसा उपाध्यक्ष-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय श्री सुभाष, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं बताया गया कि वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल छह बेंचो का गठन किया गया था। बेंच संख्या-1 मोटर वाहन दुर्घटना, पारिवारिक विवाद, सिविल अपील जैसे वादों के केस निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहदुर पाल के नेतृत्व में गठित



किया गया। वहीं बिजली से संबंधित केस के निस्तारण के लिए एडीजे थ्री अरविंद कुमार के नेतृत्व में बेंच संख्या 2, बेंच संख्या-3 क्रिमिनल कंपाउंडेबल केस, एनआई एक्ट,वेट एंड मेजरमेंट केस,मिनिमम वेजेज एक्ट के लिए सीजीएम चंदन,बेंच संख्या 4 मोटर वाहन अधिनियम के केस, वाणिज्य केस, सर्टिफिकेट केस के लिए एसडीजेएम राज कल्याण के नेतृत्व में बेंच संख्या 5, बैंक संबंधीत मामले के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट एसएन तिग्गा के नेतृत्व में व बेंच संख्या 6 उपभोक्ता संबंधित मामलों के लिए उपभोक्ता फोरम के नन्दलाल प्रसाद के नेतृत्व में गठन किया गया था। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पीडीजे ने कहा कि आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आपसी समझौते से मामले को सुलह करें। डीसी डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली का यह एक अच्छा कदम है। आयोजन के माध्यम से छोटे छोटे मामलों को समाप्त कर आपस में मिलजुल कर रहें। एसपी हारिस बिन जमा ने कहा कि आयोजन के माध्यम से यहां कई मामलों का निस्पादन होता है। जो काफी सराहनीय है। लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ मुस्तैद रहे।

### शोकाकूल परिवारों से मिले सुखदेव भगत, बंधाया ढांढस

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड के ग्राम बंडा के गौहर मिरदाहा की पुत्री ताहरा खातून दो दिन पूर्व अपने गांव में बकरी चराने गई थी जहां उसकी हत्या कर दी गई थी। जानकारी मिलते ही रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सुखदेव भगत कांग्रेसियों के साथ बंडा गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख के घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार शोकाकुल परिवार के साथ है। मौके पर श्री भगत ने शोकाकुल परिवारों से घटना की सारी वस्तु स्थिति से अवगत हुए । मौके पर सुखदेव भगत ने कहा कि यह घटना काफी शर्मसार करने वाली घटना है। दोषीवार को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। श्री भगत ने मौके पर से ही पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा से वार्ता कर इस घटना में शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कहें। पुलिस अधीक्षक ने श्री भगत को बताया कि वह इस घटना का स्वयं अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर रहे हैं जल्द से जल्द कातिलों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चलते चलते एक नजर

## यूसीसी समय की मांग : मुफ्ती शमून

**देहरादून** : मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी मानते हैं कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) समय की मांग है।रविवार को विशेष बातचीत के दौरान भाजपा प्रदेश मुख्यालय में मुफ्ती शमून कासमी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा लाया गया समान नागरिक संहिता कानून यूसीसी इस्लाम के विरुद्ध नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि धार्मिक कुरीतियों पर प्रहार कर उनको और प्रभावी बनाने के लिए यह कानून लाया गया है। उन्होंने कहा कि हलाला और तीन तलाक जैसी कुरीतियां कभी भी इस्लाम पंथ का हिस्सा नहीं रही हैं। इसी तरह बहुविवाह प्रथा भी इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। मुफ्ती शमून ने कहा कि हम सबको यह सोचना चाहिए कि भारत ही एक ऐसा राष्ट्र है जहां मुस्लिम समाज को बराबरी के दर्जे से भी ऊपर रखा गया था। उन्हें अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था और अल्पसंख्यकों की दृष्टि से उन्हें हर सुविधाएं दी जा रही हैं। अब जब हमें समान नागरिक संहिता यूसीसी के बारे में जानकारी दी जा रही है तो उस पर अनावश्यक रूप से टीका-टिप्पणी करना और उन्हें तूल देना उचित नहीं है। यह हमारा सौभाग्य है कि विदेशों की तर्ज पर भारत में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध कोई कठोर कार्रवाई नहीं होती। फिलहाल मेरा सभी मुस्लिम सजा के लोगों से आग्रह है कि यूसीसी के नाम पर भड़काने वालों से बचें और अपने मन में भ्रांति और धारणा न बनाए कि यूसीसी से उनका कुछ नुकसान होना है। यह हमें समान नागरिक बनने का अवसर प्रदान करने वाली व्यवस्था है। इसका हमें आगे बढ़कर स्वागत करना चाहिए।

## कृष्णानगर वासियों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे के साथ विरोध प्रदर्शन किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** लालगुटवा (पुंदाग) स्थित कृष्णानगर के मुहल्ला वासियों ने शीघ्र सड़क निर्माण की मांग को लेकर आज धरना-प्रदर्शन किया। लोगों ने रोड नही तो वोट नही के उद्घोष करते हुए अपनी-अपनी नाराजगी जताई। कृष्णानगर निवासियों की मांग है कि पुंदाग टीओपी के पीछे से लालगुटवा को जोड़ने वाला सड़क, जो गणेश अपार्टमेंट से एन0एच0-23 तक जर्जर अवस्था में है। उक्त पथ पर वाहनों का चलना मुश्किल हो गया है तथा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है अतएव इस पथ का पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र की जाए। इस बाबत कृष्णानगर वासियों द्वारा धरना- प्रदर्शन एवं सड़क जाम करने की सूचना सचिव पथ निर्माण विभाग, सचिव ग्रामीण विकास विभाग, उपाध्यक्ष, राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण, उपायुक्त, वरीय आरक्षी अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, राँची को आवेदन के माध्यम से दी गई थी। कृष्णानगर वासियों ने बताया कि कॉलोनी का कुल आबादी लगभग दस हजार है। यह एक मात्र पथ है जिससे यहाँ के लोग आना जाना करते है। साथ ही भारी वाहनों का आवागमन भी लगा रहता है। विदित हो कि कई बार स्थानीय सांसद एवं विधायक से विचार-विमर्श के बाउजूद निर्माण कार्य नही हो पा रहा है।

### लीज नवीकरण को लेकर मुखर हुई नगर निगम की प्रथम महापौर

# मिलकर करना होगा काले कानून का विरोध : अरुणा शंकर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू के उपायुक्त के द्वारा भेजे गए लीज नवीकरण हेतु भूमि दर बढ़ाने के प्रस्ताव के आलोक में झारखंड सरकार द्वारा अनुमति दिए जाने का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि प्रशासन एवं सरकार लीजधारीयो के साथ मनमानी कर रही है। एक तरफ सरकार 20 वर्षों से केवल नए-नए नियमों का नोटिफिकेशन पर नोटिफिकेशन कर रहा है तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन लीज भूमि दर पर दर बढ़द्वते जा रही है। जिससे लीजधारी लीज कराने में असमर्थ होते चले जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं भी पिछले वर्ष परामर्शदात्री समिति की बैठक में थी और मैंने दर बढ़ाने के मुद्दे का पुरजोर विरोध करते हुए अध्यक्षता कर रहे उपायुक्त पलामू को कहा था कि जब पुराने दर पर ही 1896 लीजधारीयो मे मात्र 46 लीज धारीयो ने अब तक लीज नवीकरण कराया तो क्या लीज दर और भी बढ़ा देने से लीजधारी लीज नवीनीकरण करा पाएंगे? मैंने समिति का प्रस्ताव को ठुकराते हुए सिग्नेचर तक नहीं की। जिसे आज भी फाइल में देखा जा सकता है। मुझे बाद में हस्ताक्षर करने हेतु दबाव भी दिया गया। लेकिन मैंने जनहित को ध्यान में रखते हुए ऐसा करने से मना कर दिया। प्रथम महापौर ने कहा कि जब हमारा शहर बसाना था तब सरकार ने 2/4 रुपया रेंट और हर नवीकरण पर रेंट दुगना करने की शर्त साथ ही बिना उपायुक्त के अनुमति

*** नया लीज दर लागू होने से कई लोग होंगे बेघर**



लीज भूमि का स्वरूप बदलने पर 250 रुपया फाइन का प्रावधान करते हुए लीजधारीयो के साथ रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर शहर को बसाया। बाद में जब सारा शहर बस गया तो लोगों ने उस भूमि पर क्षमता के अनुसार लाखों, करोड़ों रुपया लगा दिए। तब अचानक बिना लीजधारीयो के सहमति के अपने रजिस्टर्ड एग्रीमेंट को तोड़ते हुए सलामी के साथ कई शर्त लगाते हुए लंबा चौड़ा लीज दर का निर्धारण कर दिया गया। और यही लीज दर एवं भूमि दर बढ़ाते बढ़ाते इतना कर दिया गया। जितने में लोग आज काके रोड रांची में केवाला पर भूमि खरीद सकते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि हद तो तब है जब लीजधारी जिनका लीज 5/10 साल पहले खत्म हुआ और समय पर उन्होंने लीज नवीकरण के सभी प्रावधानों को पूरा करते हुए ससमय अप्लाई भी किया। उसके उपरांत खास महल पदाधिकारी द्वारा भेजी गई सहमति पत्र पर सहमति भी दी गई। लेकिन आज तक नवीनीकरण नहीं किया गया। वर्षो से फाइल पड़ा है। अगर उस वक्त लीज किया जाता तो उस वक्त के लीज प्रावधान के तहत उस वक्त के भूमि दर पर लीज हो जाता। जो काफी सस्ता पड़ता। लेकिन सरकार को अब आज के दर से और आज के जटिल कानून के साथ 20 वर्ष पुराना किराया और बिना किसी कानून उल्लंघन के फाइन चाहिए। यह कहां का कानून है ? प्रथम महापौर ने कहा कि हम सभी लीज धारीयो को एक होना होगा। और इस काले कानून का जमकर विरोध करना होगा। सबो की सहमति बनी तो माननीय उच्च न्यायालय का शरण भी लेना पड़ेगा तभी इस काले कानून से छुटकारा होगा। वरना कई लोगों को जमीन से हाथ धोना पड़ सकता है। प्रथम महापौर ने कहा कि लीज भूमि का अधिकांश भाग सरकारी उपयोग, रोड, सरकारी भवन, वन विभाग, अस्पताल, तालाब, मैदान में उपयोग हो रहा है। मात्र 25 प्रतिशत भूमि डेढ़ सौ एकड़ के लगभग आम नागरिक उपयोग कर रहे हैं। फिर भी सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार नहीं करते हुए दर पर दर बढ़ा रही है। जबकि देश में 90 प्रतिशत राज्य ने इस काले कानून को खत्म कर दिया है।

# 150 अधिक कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



एजेंसी

**गुवाहाटी** : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सिद्धांतों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के मजबूत कार्यों से प्रभावित होकर एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कई अन्य राजनीतिक संगठनों के लगभग डेढ़ सौ कार्यकर्ता औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हो गए। गुवाहाटी के वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा के मुख्यालय में रविवार को आयोजित ज्वाइनिंग कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा कि भाजपा नेतृत्वाधीन केंद्र और राज्य सराकर की कल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र हित के लिए उठाये गए कदमों ने आम लोगों को बेहद प्रभावित किया है। यही कारण है कि विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग और कार्यकर्ता लगातार भारतीय जनता पार्टी से जुड़ते रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज शामिल हुए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं का भारतीय जनता पार्टी में स्वागत करता हूं। सभी नये नेता एवं कार्यकर्ता आने वाले दिनों में वे पार्टी के सिद्धांतों पर चलकर समाज हित में मन लगाकर काम करते रहेंगे। कलिता ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के कुशल नेतृत्व ने भारतीय जनता पार्टी को लोगों के बीच अधिक स्वीकार्य बनाया है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अशोक भट्टाराय, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष शिवनाथ ब्रह्म और पार्टी कार्यकर्ता ज्वाइनिंग समारोह में उपस्थित थे।

### 25 से अधिक कांग्रेस के दिग्गज नेता भाजपा में शामिल

जयपुर : राजस्थान में रविवार को तीन पूर्व मंत्रियों समेत पच्चीस से अधिक कांग्रेस के दिग्गज नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेश पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी और पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव के अलावा सचिन पायलट के समर्थक रहे पूर्व मंत्री खिलाड़ी लाल बैरवा ने भाजपा का हाथ थामा। इसके अलावा नागौर के कद्दावर जाट नेता और पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा ने भी भाजपा में शामिल होकर कांग्रेस को बड़ा झटका दिया।लोकसभा चुनावों से पहले राजस्थान कांग्रेस के पच्चीस के अधिक दिग्गज नेता भाजपा में शामिल हुए। ग्यारह साल पहले भाजपा को छोड़कर जनता सेना पार्टी बनाने वाले मेवाड के दिग्गज नेता रणधीर सिंह भिंडर भी आज अपने समर्थकों के साथ पुन: भाजपा में शामिल हुए। इसके साथ ही जनता सेना का भाजपा में विलय की भी घोषणा की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव मौजूद रहे। भाजपा का दामन थामने वालों में पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, खिलाड़ी लाल बैरवा, पूर्व विधायक रिछपाल सिंह मिर्धा, विजयपाल सिंह मिर्धा, आलोक बेनीवाल, रामनारायण किसान, अजमेर से लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी रहे रिजु झुनझुनवाला, भीलवाड़ा की पूर्व जिला अध्यक्ष रामपाल शर्मा, कांग्रेस नेता अनिल व्यास, पूर्व आईएएस ओंकार सिंह चौधरी, गोपाल राम कूंकणा, डॉक्टर आलोक जांगिड़, कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चौधरी, राजेंद्र परसवाल, शैतान सिंह मेहरडा, कर्मवीर चौधरी, जगन्नाथ बुरडक, कर्मवीर चौधरी, रामनारायण झाझंरा, कुलदीप ढेवा, बच्चू सिंह चौधरी, रामलाल मीणा, महेश शर्मा, रणजीत सिंह, मधुसूदन शर्मा और अन्तरराष्ट्रीय बाडीबिल्डर प्रिया सिंह मेघवाल प्रमुख हैं।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मदर टेरेसा एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पीएसएम इवेंट्स और पीजेएच आरएफ के संयुक्त तत्वावधान में मदर टेरेसा एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन 10 मार्च को लालपुर के एक होटल में किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य उद्देश्य झारखंड में अपने अपने कार्य क्षेत्रों में जन हित और सामाजिक उत्थान में सराहनीय योगदान निभाने वाली एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली करीब सत्तर से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को मोमेंटो अवार्ड देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के रांची सांसद संजय सेठ , कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध खान सहाय व उनकी धर्मपत्नी रेखा सहाय सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक लोहरदगा सुखदेव भगत, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, वरुण साहू सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर आरिफ नासिर भट्ट, आसिफ, अरशद खान, मारिया , रोहित, शाहबाज आदिल , मुजाहिद खान, रिया ,नदीम, अश्विका , अरमान अंसारी ,संदीपिका , राय ,नेहा प्रसाद , बिलाल सहित कई लोग शामिल थे।

# गढ़वा के विकास में सबसे बड़ा योगदान यहां की जनता का है : मंत्री मिथिलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा:** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा व डंडा प्रखंड को होली का बेहतरीन तोहफा मिला है। इन दो प्रखंडों को चार अरब चार करोड़ 85 लाख रुपए योजनाओं की सौगात मिली है। रविवार को गढ़वा प्रखंड के तिलदाग में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न विभागों की 198 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। मंत्री श्री ठाकुर ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समाजसेवियों, वरिष्ठ नागरिकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह के बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।



*** मंत्री ने किया 198 योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास**

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के विकास में सबसे बड़ा योगदान गढ़वा की जनता का है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि है। जनता को अपना अधिकार पाने के लिए जनप्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि मैं मंत्री और विधायक नहीं हूं, बल्कि जनता का सेवक हूं। जनता ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे ईमानदारी के साथ निभा रहा हूं।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम को डीसी शेखर जमुआर, डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिप सदस्य अमृतांजलि दुबे, मुखिया अनीता देवी आदि ने विचार व्यक्त किया। मौके पर ओएसडी चंद्रचूड़ सिंह, एसी विजय मतियस टोप्पो, पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप सिंह, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, एसडीपीओ, सभी विभागों के कार्यपालक अभियंता, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, चंदा देवी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबेदुल्लाह हक अंसारी, शरीफ अंसारी, मुखिया नारद तिवारी, बसंत चौबे, वंदना जायसवाल, दिलीप गुप्ता, प्रियम सिंह, फूजैल अहमद, अनु दुबे, अमित चंद्रवंशी, महागठबंधन के कई नेता, कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**इन योजनाओं का किया गया शिलान्यास व उद्घाटन:** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के गढ़वा एवं डंडा प्रखंड के लिए रविवार को तिलदाग में आयोजित मेगा शिलान्यास समारोह में विभिन्न विभागों की चार अरब चार करोड़ 85 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया गया। इनमें तीन अरब 32 करोड़ 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाली योजना का शिलान्यास तथा 72 करोड़ 71 लाख 88 हजार रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन किया गया। इनमें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से 66 करोड़ 35 लाख 48 हजार रुपए की लागत निर्मित 25 योजनाओं, भवन निर्माण विभाग से 4 करोड़ 89 लाख 84 हजार 700 रुपए की लागत से निर्मित पांच योजनाओं तथा नगर परिषद गढ़वा की एक करोड़ 46 लाख 56 हजार 200 रुपए की लागत से निर्मित 43 योजनाओं का उद्घाटन किया गया। जबकि ग्रामीण कार्य विभाग से एक अरब 39 करोड़ 15 लाख 71 हजार 600 रुपए की लागत से बनने वाली 158.060 किमी लंबी 44 सड़क, पथ निर्माण विभाग से एक अरब 33 करोड़ 97 लाख 90 हजार 100 रुपए की लागत से बनने वाली 53.794 किमी नौ सड़क, भवन निर्माण विभाग की 38 करोड़ 67 लाख 29 हजार 500 रुपए की लागत से बनने वाली योजना सहित कई योजनाएं शामिल है।

# भारत और 4 देशों के ईएफटीए के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता

एजेंसी

**नई दिल्ली:** भारत और 4 देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ ने रविवार को राजधानी दिल्ली में एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में बौद्धिक संपदा अधिकार, सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, व्यापार सुविधा समेत कई क्षेत्र को शामिल किया गया है।केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में भारत-ईएफटीए ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करके दस्तावेज का आदान-प्रदान किया गया। भारत और ईएफटीए ने निवेश को बढ़ावा देने और वस्तुओं एवं सेवाओं में दोतरफा व्यापार को बढ़ावा देने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते को सात मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई थी।केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में इस समझौते की जानकारी देते हुए



कहा कि इस समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। भारत के साथ समझौता करने वाले ईएफटीए के सदस्य देशों में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे, और स्विट्जरलैंड शामिल हैं।गोयल ने समझौते के बाद अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से कहा कि कई पहलुओं में संरचनात्मक विविधताओं के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्थाओं में पूरकताएं हैं। उन्होंने कहा कि विशाल व्यापार और निवेश के अवसरों के खुलने के साथ ही हमारा विश्वास महत्वाकांक्षा के एक नए स्तर पर पहुंच गया है। गोयल ने कहा कि व्यापार समझौता निष्पक्ष, न्यायसंगत व्यापार खोलने के साथ-साथ युवाओं के लिए विकास और रोजगार पैदा करने के हमारे साझा समझौते का प्रतीक है।वाणिज्य मंत्री ने बताया कि भारत और ईएफटीए के साथ हुए समझौते में सामान सेवाएं और निवेश, आईटी, ऑडियो-विजुअल और कुशल पेशेवरों जैसे प्रमुख घरेलू सेवा क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

## लोस चुनाव में मतदान के लिए गठित बूथ स्तरीय जागरुकता समूहों को क्रियाशील रखें : रवि कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को लोकसभा आम चुनाव के लिए बूथ स्तरीय जागरुकता समूह का गठन करने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों से कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 जल्द ही होना है। हरेक मतदान केंद्र पर स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं नैतिक मतदान के लिए गठित बूथ स्तरीय जागरुकता समूहों को क्रियाशील रखें।

रवि कुमार ने बूथ स्तरीय स्वीप कार्यक्रमों को मूर्त रूप देने तथा बूथ स्तर पर व्यापक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाने के बाबत इनकी गतिविधियों में हरेक स्तर पर तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने स्तर से सभी प्रखंडों में बूथ स्तरीय जागरुकता समूह के सदस्यों के लिए नैतिक मतदान से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले बूथ के सदस्यों को नैतिक मतदान से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाओं एवं तत्संबंधी प्रसार-सामग्री को उपलब्ध कराया जाना है। बूथ स्तरीय जागरूकता समूह के संबंधित बीएलओ संयोजक हैं एवं अन्य विभागों के ग्राम,शहर स्तरीय कर्मी एवं ऐसे स्वयं-सेवक बतौर सदस्य शामिल किये जा सकते हैं, जो राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त न हो। रवि कुमार ने कहा कि इसके लिए स्वीप साथी के रूप में चिन्हित की गई आंगनबाड़ी सेविका, आंगनबाड़ी सहायिका, पारा शिक्षक, स्वास्थ्य कर्मी, किशोरी क्लब की सदस्य, महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय सदस्य, जल सहायिका, श्रमिक मित्र, मनरेगा मेट, ग्रामसेवक, पंचायत स्वयंसेवक, साक्षरता प्रेरक, मध्याह्न भोजन योजना की रसोईया, कृषक मित्र, पर्यटन मित्र आदि को इस ग्रुप में बतौर सदस्य शामिल किया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए कि बीएजी के कोई भी सदस्य किसी भी प्रकार की राजनैतिक गतिविधियों में कदापि संलग्न नहीं हों।

### सीएम ने गिरिडीह वासियों को पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की दी सौगात

# पीरटांड़ आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा : सीएम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार जन आकांक्षाओं के अनुरूप राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। राज्य सरकार झारखंड के छोटे-बड़े किसानों के खेतों तक सिंचाई हेतु पानी पहुंचने के लिए कृत संकल्पित है। पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका आज यहा शिलान्यास हो रहा है। इस योजना का लाभ मिलने से यहां के किसान भाइयों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज संपदाओं वाला प्रदेश है, परंतु यहां की खनिज संपदाओं का उपयोग झारखंड के लोगों के उत्थान के लिए आज तक नहीं किया जा सका है। झारखंड की खनिज संपदाओं का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है। झारखंड के संसाधनों से दूसरे राज्यों ने अपनी चमक बिखेरी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज गिरिडीह जिला के पीरटांड़ प्रखंड स्थित मकर संक्रांति मेला मैदान, मधुबन में पीरटांड़ मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना÷ के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने झारखंड प्रदेश के किसान भाईयों के खेतों में सिंचाई के लिए एक मीटर पाइपलाइन भी बिछाने का कार्य नहीं किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यहां के कृषक परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए पाइपलाइन के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड




में किसान साल भर में तीन फसल की उपज कर सके यह हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह झारखंड आंदोलन की धरती रही है। दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन ने इसी धरती से झारखंड आंदोलन को धार देने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह की भूमि से मुझे भी बहुत लगाव है, यही कारण है कि राज्य की बागडोर संभालने के चंद दिनों में ही मैं कई बार गिरिडीह दौरे पर रहा हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में गिरिडीह जिला का पीरटांड़ क्षेत्र आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित होगा। गिरिडीह कोयला क्षेत्र तथा औद्योगिक संस्थानों वाला क्षेत्र रहा है, परंतु विडंबना है कि इसी जिला से सबसे ज्यादा लोग पलायन करने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण के समय हेमन्त जी की सरकार ने गिरिडीह जिला के सभी प्रवासी मजदूरों को वापस घर लाने का कार्य किया था। उनकी सरकार ने जीवन तथा जीविका को बचाने का एक सफल प्रयास के साथ-साथ देशभर में एक बेहतर हेल्थ मैनेजमेंट का उदाहरण पेश किया था।

**हर खेत में पहुंचाएंगे पानी:** मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि लघु-मध्यम सभी वर्ग के कृषकों के खेत में पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य के खेत ऊपर-नीचे तथा असमतल प्रवृत्ति के हैं। यहां के खेतों पर पाइपलाइन के माध्यम से ही पानी पहुंचाई जा सकती है। पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचने पर खेतों को कोई क्षति भी नहीं पहुंचेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिरिडीह में डीवीसी जैसा प्रोजेक्ट पुराने जमाने से चल रहा है। गिरिडीह के विस्थापितों को आज तक कोई लाभ नहीं पहुंचा। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों से अपील किया कि आप सभी लोग झारखंड के माटी के पुत्र हैं। हम सभी लोगों को आपस में मिलजुल कर झारखंड को संवारना है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। यहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन जरूरतमंद पात्र लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। अबुआ आवास योजना के प्रथम फेज में चयनित लाभुकों को डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त की राशि भेजी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत जी की सरकार ने बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से जिन योजनाओं को स्वीकृति दी थी उन योजनाओं को वर्तमान राज्य सरकार धरातल पर उतार रही है। राज्य के भीतर 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री बसन्त सोरेन, विधायक सुदिव्य कुमार , विधायक इरफान अंसारी, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल सहित जिले के उपायुक्त समेत जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।